RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 307
नई दिल्ली, बुधवार, 18 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



स्वच्छता अभियान से बदली लोगों की मानसिकता
राष्ट्रीय-10

# आतिशी बनेंगी दिल्ली की सीएम

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**दिल्ली में** 'पूर्णकालिक' कार्यवाहक मुख्यमंत्री का इंतजार मंगलवार को खत्म हो गया, जब आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली कैबिनेट की मंत्री आतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ल सरकार का नेतृत्व करने का दावा पेश किया। इसके तुरंत बाद अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से पांच महीने तक मुख्यमंत्री के रूप में रहने सहित लगभग 11 साल तक पद पर बने रहने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। केजरीवाल वर्तमान में शराब नीति मामले में जमानत पर हैं।

मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवार आतिशी ने आप विधायकों के समर्थन का पत्र उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को सौंपा और बताया कि पार्टी ने उन्हें उनके उत्तराधिकारी के रूप में चुना है। केजरीवाल ने उस दिन इस्तीफा दिया, जिस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 74 साल के हो गए और अपने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे कर लिए। आतिशी सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित के बाद दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। शीला राष्ट्रीय राजधानी की सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहीं, जिन्होंने वर्ष 1998 से वर्ष 2013 तक 15 साल तक पद संभाला, जबकि स्वराज का कार्यकाल वर्ष 1998 में 52 दिनों तक ही रहा। आतिशी (43साल) दिल्ली की सबसे युवा मुख्यमंत्री होंगी और पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी के बाद देश की दूसरी मौजूदा महिला मुख्यमंत्री बनने वाली हैं। दिल्ली सरकार की कमान एक महिला के हाथ में होने से आम आदमी पार्टी महिलाओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश करेगी, जिस पर केजरीवाल लगातार पहुंच बना रहे हैं।



नई दिल्ली में आप विधायक दल की बैठक के बाद मंत्री आतिशी ने को मीडिया को संबोधित किया। उन्हें सर्वसम्मति से अगला मुख्यमंत्री चुना गया। फोटो : रंजन डिमरी/द पायनियर

26-27 सितंबर को बुलाए गए विधानसभा सत्र से पहले शपथ ग्रहण समारोह होगा। केजरीवाल ने अपने उत्तराधिकारी को शुभकामनाएं दीं, जिन्हें उन्होंने आप के विधायक दल के नेता और दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के रूप में सुझाया था। एलजी के साथ बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा, उन्होंने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया है। वह दिल्ली के लोगों के हितों की रक्षा करेंगी। आतिशी को आप विधायक दल का नेता चुनने का फैसला मुख्यमंत्री आवास पर सभी पार्टी विधायकों के साथ चर्चा के बाद लिया गया। आप संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में सोमवार को पूरे दिन बैठक चली, जिसका समापन पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) के सदस्यों के बीच चर्चा के साथ हुआ। आप विधायकों की बैठक में पार्टी नेता दिलीप पांडे ने प्रस्ताव रखा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर फैसला करें। सूत्रों ने बताया कि जब आप के राष्ट्रीय संयोजक ने आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा, तो सभी आप विधायकों ने खड़े होकर सर्वसम्मिति से स्वीकार कर लिया और आतिशी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। दिल्ली का मुख्यमंत्री चुने जाने के कुछ घंटों बाद भावुक आतिशी ने मीडिया से कहा कि यह खुशी के साथ-साथ बेहद दुख का भी पल है, क्योंकि लोकप्रिय सीएम केजरीवाल इस्तीफा दे दिया है। यह केवल आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में ही संभव है कि पहली बार राजनीति में आए एक व्यक्ति मुख्यमंत्री बन गया। वह एक साधारण परिवार से आती हैं और शायद किसी अन्य पार्टी में होती तो उन्हें चुनाव लड़ने का टिकट भी नहीं मिलता। केजरीवाल ने उन पर भरोसा किया और उन्हें विधायक, फिर मंत्री और अब दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया। उन्हें खुशी है कि अरविंद केजरीवाल ने उन पर इतना भरोसा दिखाया, लेकिन उससे भी ज्यादा दुख इस बात का है कि मेरे बड़े भाई अरविंद केजरीवाल आज इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने अपने गुरु अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अपने उत्तराधिकारी के रूप में बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने पर धन्यवाद दिया और कहा कि वह भाजपा की बाधाओं से लोगों के हितों की रक्षा के लिए उनके मार्गदर्शन में काम करेंगी। मंत्रिमंडल में दो नए सदस्यों को शामिल करने की आवश्यकता इसलिए पैदा हुई क्योंकि केजरीवाल के इस्तीफे से सात सदस्यीय मंत्रिमंडल में एक (शेष पृष्ठ 9)

## दीदी ने वरिष्ठ अफसरों का किया तबादला, डॉक्टरों का काम पर लौटने का फैसला

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**आंदोलनकारी** जूनियर डॉक्टरों के साथ सोमवार को 'सार्थक' बातचीत के कुछ घंटों बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल और पुलिस उपायुक्त (उत्तर) विवेक गुप्ता सहित दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को हटा दिया है। इन दो अधिकारियों पर आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार और हत्या मामले को कथित तौर पर अयोग्य तरीके से संभालने व लापरवाही पर गाज गिरी है। राज्य सरकार ने गोयल को उग्रवाद विरोधी अभियानों में लगे विशेष कार्य बल के एडीजी के रूप में उनके पिछले पद पर वापस भेज दिया गया, गुप्ता पर पीड़िता के माता-पिता को नकद राशि देने का आरोप है, उनको पूर्वी फ्रंटियर राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया। गोयल की जगह 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी मनोज वर्मा को नियुक्त किया गया, जो जंगल महल क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियानों में अपने उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड के लिए जाने जाते हैं। वह उस टास्क फोर्स के प्रमुख थे जिसने 2011 में वरिष्ठ (शेष पृष्ठ 9)

# सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई पर पूरे देशभर में लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने डिमोलिशन यानी बुलडोजर एक्शन पर मंगलवार को अंतरिम रोक लगा दी है। यह रोक एक अक्टूबर तक के लिए लगाई गई है। साथ ही कहा कि सार्वजनिक जगहों पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। बुलडोजर कार्रवाई पर राज्यों को निर्देश देते हुए कहा कि बुलडोजर न्याय का महिमामंडन बंद होना चाहिए। कानूनी प्रक्रिया के तहत ही अतिक्रमण हटाएं। मामले की अगली सुनवाई की तारीख एक अक्टूबर तक, इस अदालत की अनुमति लिए बिना कोई भी तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने स्पष्ट किया कि उसका आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों आदि पर बने अनधिकृत ढांचों पर लागू नहीं होगा। यदि अवैध ध्वस्तीकरण का एक भी उदाहरण है तो यह हमारे संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है। शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें आरोप लगाया गया था कि कई राज्यों में आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि संपत्तियों के ध्वस्त करने का विमर्श गढ़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि चूंकि वह व्यक्ति एक विशेष धर्म से संबंधित था, इसलिए उसकी संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया। विधि अधिकारी ने कहा, उन्हें आपके ध्यान में ध्वस्तीकरण का एक ऐसा मामला लाना चाहिए जहां कानून का पालन नहीं किया गया हो। मेहता ने कहा कि प्रभावित पक्षों ने अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया है, क्योंकि वे जानते हैं कि उन्हें नोटिस मिल चुके हैं और उनका निर्माण अवैध है। पीठ ने वरिष्ठ विधि अधिकारी से कहा, आप निश्चिंत रहें, बाहरी शोर हमें प्रभावित नहीं करता। पीठ ने इस मामले में दो सितंबर को हुई सुनवाई के बाद दिए गए बयानों पर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की। उस सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे पर कुछ दिशानिर्देश बनाने की बात कही थी जो पूरे देश में लागू होंगे।

पीठ ने कहा, उस आदेश के बाद, ऐसे बयान आए हैं कि बुलडोजर चलता रहेगा और यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि स्टेयरिंग किसके हाथ में है। उसने कहा कि इस तरह के बयान दिए गए हैं और अदालत इस पर आगे कुछ भी कहने से बच रही है। न्यायालय ने दो सितंबर को इन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सवाल किया था कि किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है कि वह एक आरोपी है। पीठ ने कहा था, किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है कि वह एक आरोपी है, भले ही वह दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि वह किसी भी अनधिकृत निर्माण या सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण को संरक्षण नहीं देगा। उत्तर प्रदेश की ओर से पेश सॉलिसिटर (शेष पृष्ठ 9)

# जम्मू-कश्मीर में मतदान आज



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण की पूर्व संध्या पर मंगलवार को किश्तवाड़ जिले में मतदान अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। पीटीआई

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**केंद्र शासित** प्रदेश जम्मू-कश्मीर में पिछले 10 वर्षों में पहली बार विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। धारा 370 हटाए जाने के बाद बुधवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में सात जिला मुख्यालयों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। 2022 में परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर में ये पहले विधानसभा चुनाव भी हैं। इन क्षेत्रों के 23.27 लाख से ज़्यादा मतदाता 90 निर्दलीय समेत 219 उम्मीदवारों के भाग्य का फ़ैसला करेंगे। पहले चरण में 35,000 से ज़्यादा कश्मीरी पंडित भी मतदान के पात्र हैं। मतदाताओं को अनुकूल माहौल प्रदान करने के लिए भारत के चुनाव आयोग ने सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए हैं। पहले चरण के मतदान के लिए 14,000 से ज़्यादा मतदान कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया गया है।

24 विधानसभा सीटों में से 16 कश्मीर प्रांत में और आठ जम्मू में हैं। कश्मीर घाटी में अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम के चार जिलों में मतदान होगा। जम्मू में, डोडा, किश्तवाड़ और रामबन के तीन जिलों में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव मैदान में मुख्य पार्टियां नेशनल कान्फ्रेंस (एनसी), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) हैं। पिछला विधानसभा चुनाव नवंबर 2014 में हुआ था, जिसमें 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। जो जम्मू और कश्मीर में इस बार 35 वर्षों में सबसे अधिक मतदान हुआ था। केंद्र शासित प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों के लिए कुल मतदान 58.46 प्रतिशत रहा। मतदान के दिन इस क्षेत्र में हाई-वोल्टेज प्रचार देखा गया। एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी अपने विकास के एजेंडे पर जोर दे रही है और चुनाव प्रचार के दौरान अपना रिपोर्ट कार्ड पेश कर रही है, वहीं दूसरी तरफ पीडीपी और उमर अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है। भाजपा ने भी जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है, जो इन चुनावों में एक बड़ा मुद्दा है। कांग्रेस, जो नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है, अपनी सीटों की संख्या में सुधार करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। पार्टी ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाने की कसम खाई, लेकिन यूटी के विशेष दर्जे के नुकसान के बारे में चुप रही। यहां तक कि अलगाववादी नेताओं की भी चुनावों में भागीदारी कश्मीर में राजनीतिक बयानबाजी में बदलाव को दर्शाती है। कश्मीर संभाग से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में (शेष पृष्ठ 9)

## लेबनान-सीरिया में पेजर विस्फोटों में 8 की मौत, 2700 से अधिक घायल

**एजेंसी।** बेरूत

**लेबनान और** सीरिया के कुछ हिस्सों में मंगलवार को हाथ में रखने वाले सैकड़ों पेजर एक साथ फटने से आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के सदस्यों और एक लड़की सहित कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और ईरानी राजदूत समेत 2700 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इनमें 200 से अधिक लोगों की हालत गंभीर है। यह जानकारी सरकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने सैकड़ों पेजर के सीरियल धमाकों के लिए इज़राइल को जिम्मेदार ठहराते हुए दूर से हमला करने का आरोप लगाया है। इन धमाकों के बीच लेबनान सीमा पर तनाव और बढ़ गया है। वहीं इज़राइली सेना ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हिजबुल्लाह के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि समूह द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हाथ में रखने वाले पेजर के नए ब्रांड से विस्फोट किया, जिससे इसके कम से कम दो सदस्यों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री, फिरास अबियाद ने कहा कि इस सुनियोजित हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए और 2,750 घायल (शेष पृष्ठ 9)

# सरकार मणिपुर में स्थायी शांति के लिए मेइती और कुकी लोगों से कर रही बातचीत : शाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार मणिपुर में स्थाई शांति के लिए मेइती और कुकी दोनों समुदायों से बातचीत कर रही है और उसने घुसपैठ रोकने के लिए म्यांमा से लगती देश की सीमा पर बाड़ लगाना शुरू कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में एक राष्ट्र, एक चुनाव को लागू करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में शाह ने कहा कि पिछले सप्ताह तीन दिनों की हिंसा को छोड़ दिया जाए तो मणिपुर में स्थिति कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रही है और सरकार अशांत पूर्वोत्तर राज्य में शांति बहाल करने के लिए काम कर रही है। इस मौके पर शाह के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी थे। शाह ने कहा कि तीन दिन की हिंसा के अलावा पिछले तीन महीने में कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

उन्होंने कहा, पिछले तीन दिन से शांति है और मुझे उम्मीद है कि हम स्थिति को नियंत्रित कर लेंगे। हम दोनों समुदायों से बात कर रहे हैं। यह जातीय हिंसा थी और जब तक दोनों समुदायों के बीच बातचीत नहीं होगी, तब तक कोई समाधान नहीं निकल सकता। शाह ने कहा, हम शांति बनाए रखने के लिए दोनों समुदायों से बात कर रहे हैं। हमने एक खाका तैयार किया है और हम (शांति सुनिश्चित करने के लिए) हर संभव कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने मणिपुर में रणनीतिक स्थानों पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की तैनाती का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।



राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों की उपलब्धियों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एक विशेष पुस्तिका का विमोचन करते हुए। फोटो : रंजन डिमरी/द पायनियर

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 100 दिन में म्यांमा-भारत की उस सीमा पर बाड़ लगाने का काम शुरू हो गया है जो समस्या की जड़ है। उन्होंने कहा, (म्यांमा के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर) 30 किलोमीटर तक बाड़ लगाने का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा भारत सरकार ने सीमा पर कुल 1,500 किलोमीटर बाड़ लगाने के काम के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उस भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को पहले ही समाप्त कर दिया है, जो भारत-म्यांमा सीमा के निकट रह रहे लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर भीतर तक जाने की अनुमति देती थी। उन्होंने कहा, घुसपैठ रोकने के लिए हमने म्यांमा के साथ की गई उस विशेष व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त कर दिया है जिसके तहत दोनों देशों के लोगों को बिना रोक-टोक के आवागमन की अनुमति थी। (शेष पृष्ठ 9)

## प्रधानमंत्री 74 के हुए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 74 वर्ष के हो गए, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और अन्य गणमान्य व्यक्तियों और राजनेताओं ने पार्टी लाइन से हटकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। हालांकि मोदी ने अपना अधिकांश दिन ओडिशा में बिताया, जहां उन्होंने राज्य सरकार की प्रमुख महिला-केंद्रित पहल, सुभद्रा योजना के अलावा रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने दिन की शुरुआत एक आदिवासी परिवार के घर जाकर उनके गृह प्रवेश समारोह में भाग लेने से की।

# सरकार के चीता प्रोजेक्ट की दूसरी सालगिरह पर मिश्रित प्रतिक्रिया

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**मध्य प्रदेश के** कुनो राष्ट्रीय उद्यान में बाहर से चीता लाकर बसाने की मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी चीता पहल की मंगलवार को दूसरी वर्षगांठ है। पीएम मोदी के इस पहल मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं, जहां सरकारी अधिकारी चीता की प्रजनन सफलता के लिए इस पहल की प्रशंसा कर रहे हैं, वहीं वन्य जीव कार्यकर्ता बड़ी बिल्लियों को लंबे समय तक बाड़ों में बंद रखने की आलोचना कर रहे हैं और जंगल में उनके जिंदा रहने की संभावनाओं पर संदेह जता रहे हैं। नांबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 20 चीतों में से केवल 12 वयस्क बचे हैं, और 17 जन्में शावकों में से 12 शावक कुनो



पार्क में जीवित बचे हैं, जिन्हें दो साल पहले 17 सितंबर से चरणों में स्थानांतरित किया गया था। सभी चीता बाड़े में तक सीमित रहते हैं, जिसका अर्थ है कि वे अपने आप शिकार नहीं कर रहे हैं, जिसे विशेषज्ञ किसी भी वन्यजीव स्थानांतरण प्रयास की सफलता का एक महत्वपूर्ण संकेतक मानते हैं।

आलोचनाओं से विचलित हुए बिना, सरकार की योजना उत्तरी राज्य के विशाल गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य में चीतों के एक नए समूह को लाने की है। साथ ही, गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में एक संरक्षण प्रजनन केंद्र भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा, वे सभी अभी भी जंगल में स्वतंत्र रूप से घूमने के बजाय बाड़ों तक ही सीमित हैं, उन्होंने कहा। जबकि वन्यजीव कार्यकर्ताओं ने बताया कि सभी बड़ी बिल्लियां अभी भी जंगल में नहीं गई हैं और उन्हें बाड़ में रहने के कारण काफी तनाव का सामना करना पड़ सकता है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने पिछले दो वर्षों में सामने आई चुनौतियों को स्वीकार किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि कई बाधाएं निवास स्थान समायोजन से लेकर जंगल में शावकों के अस्तित्व को सुनिश्चित करने तक दूर हो गई हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर इस परियोजना की प्रशंसा की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे एक अग्रणी वैश्विक प्रयास के रूप में देखा था, जिसका उद्देश्य देश में विलुप्त वन्यजीव आबादी और पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करना था।

यादव ने पोस्ट किया, यह एक आसान रास्ता नहीं रहा है। निवास स्थान समायोजन से लेकर जंगल में शावकों के अस्तित्व को सुनिश्चित करने तक कई चुनौतियों को दूर किया गया। उन्होंने कहा, आज, जब दुनिया इन चीता शावकों को उनके प्राकृतिक आवास में पनपते हुए देख रही है, हम न केवल उनके जीवित रहने का ही नहीं बल्कि इन प्रयासों में शामिल सभी लोगों के लचीलेपन और समर्पण का भी जश्न मना रहे हैं। (शेष पृष्ठ 9)

# भारतीय हॉकी टीम ने पांचवीं एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती

**भाषा।** हुलुनबुइर (चीन)

**टूर्नामेंट** में अजेय रही भारतीय हॉकी टीम ने मंगलवार को मेजबान चीन को 1-0 से हराकर पांचवीं बार एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीता। पहले तीन क्वार्टर तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी। आखिर में डिफेंडर जुगराज सिंह ने फील्ड गोल करके टीम को जीत दिलाई। हरमनप्रीत सिंह की टीम के लिए यह मुकाबला कतई आसान नहीं था। पहले तीन क्वार्टर में चीनी डिफेंडरों ने भारत को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के लिए 51वें मिनट में जुगराज ने गोल किया।




चीन दूसरी बार ही किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का फाइनल खेल रहा था। इससे पहले उसने एशियाई खेल 2006 फाइनल खेला था जिसमें उसने कोरिया ने 3 -1 से हराया था। इससे पहले पाकिस्तान ने कोरिया को 5 -2 से हराकर छह टीमों के तीसरा स्थान हासिल किया। (शेष पृष्ठ 9)

# केजरीवाल का इस्तीफा, आतिशी ने दावा किया पेश

## कैबिनेट सहयोगियों के साथ उपराज्यपाल कार्यालय पहुंचे आप प्रमुख


**● आतिशी ने कहा, दिल्ली के लोगों के हितों की रक्षा करूंगी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद आम आदमी पार्टी द्वारा उनकी उत्तराधिकारी नामित की गईं आतिशी ने नई सरकार बनाने का अपना दावा पेश किया। केजरीवाल मंगलवार शाम को अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ उपराज्यपाल सचिवालय पहुंचे। उन्होंने रविवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा, हमने नई सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है।

मैं दिल्ली के लोगों के हितों की रक्षा करूंगी। दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा, हमने उपराज्यपाल को केजरीवाल के फैसले से अवगत करा दिया है। आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। हमने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि शपथ-ग्रहण समारोह की तारीख तय करें, ताकि दो करोड़ लोगों के लिए काम किया जा सके।

मुख्यमंत्री नामित की गईं आतिशी ने दावा किया कि केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाए गए हैं और केंद्र सरकार की जांच एजेंसियां उन्हें निशाना बना रही हैं। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय ने न केवल उन्हें जमानत दे दी, बल्कि केंद्र और उसकी जांच एजेंसियों के खिलाफ कठोर टिप्पणी भी की और उन्हें पिंजरे में बंद तोता बताया। आतिशी ने कहा, कोई और नेता होता, तो वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बना रहता, लेकिन केजरीवाल ने जनता की अदालत में जाने का फैसला किया और इस्तीफा दे दिया। यह हमारे लिए दुख की बात है। उन्होंने कहा कि जनता ने जल्द ही होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री चुनने का संकल्प लिया है। इससे पहले, आतिशी को आप विधायक दल की बैठक में केजरीवाल का उत्तराधिकारी चुना गया।



उपराज्यपाल विनय सक्सेना को गुलदस्ता भेंट करतीं आतिशी और साथ में अरविंद केजरीवाल।

### सुविधाओं को बंद करने की थी साजिश: सिसोदिया

**नई दिल्ली।** मनीष सिसोदिया ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली की भावी मुख्यमंत्री आतिशी के हिस्से में आज मुख्यत: दो काम हैं। पहला, दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल के इस्ती? से और मोदी जी के षड्यंत्र से बेहद आहत हैं। कई लोग रो रहे हैं और वो चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल वापस सीएम बनें। आतिशी को दो करोड़ लोगों के साथ मिलकर अरविंद केजरीवाल को दोबारा दिल्ली का सीएम बनाना है। दूसरा, अगले कुछ महीनों में दिल्ली की जनता को परेशान करने के लिए भाजपा, सीएम केजरीवाल द्वारा दी गई सुविधाओं को खत्म करने की पूरी कोशिश करेगी। फ्री बिजली बंद करने की कोशिश करेगी, स्कूल-अस्पतालों को खराब करने की कोशिश करेगी। फ्री दवाई बंद करने की कोशिश करेगी और नालों व सीवर सफाई का काम बंद करने की कोशिश करेगी। आतिशी की यह जिम्मेदारी है कि भाजपा के इस आतंक से दिल्ली की जनता की रक्षा करेंगी।

# सरकार की सलाहकार से लेकर मुख्यमंत्री का सफर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की सलाहकार से लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अनुपस्थिति में कैबिनेट का प्रमुख चेहरा बनने और सरकार में मनोनीत मुख्यमंत्री तक का सफर आतिशी ने बहुत तेजी से तय किया है जिसे अभूतपूर्व और असाधारण माना जा रहा है।

आतिशी आप की संस्थापक सदस्य रही हैं और उन्होंने इसकी नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें 2013 के घोषणापत्र मसौदा समिति के प्रमुख सदस्य के रूप में शामिल होना भी शामिल है। आतिशी पार्टी के सिद्धांतों की मुखर वकालत के लिए पहचानी जाती हैं।

आतिशी ने मध्य प्रदेश के एक गांव में सात साल बिताए, जहां उन्होंने जैविक खेती और प्रगतिशील शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया। पार्टी के एक पदाधिकारी के अनुसार, इस अनुभव ने राजनीतिक बदलाव के प्रति उनके समर्पण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भले ही आतिशी 2013 में आप में शामिल हो गईं, लेकिन वे शिक्षा संबंधी नीतियों पर सरकार के सलाहकार के रूप में काम करते हुए पृष्ठभूमि में रहीं। वर्ष 2019 में चुनावी राजनीति में कदम रखते हुए उन्होंने भाजपा के गौतम गंभीर के खिलाफ पूर्वी दिल्ली से लोकसभा चुनाव लड़ा। हालांकि वह चुनाव हार गईं। सक्रिय राजनीति में आने से पहले आतिशी ने अपना उपनाम मर्लेना हटा दिया था, जो मार्क्स और लेनिन का मिश्रण है, क्योंकि वह चाहती थीं कि उनके राजनीतिक जुड़ाव को गलत तरह से नहीं समझा जाना चाहिए। वर्ष 2020 में, आतिशी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ा और कालकाजी सीट से विधायक चुनी गईं। उन्हें ऐसे समय में कैबिनेट में शामिल किया गया था जब पिछले साल फरवरी में आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद सरकार संकट का सामना कर रही थी।

सिसोदिया तब न केवल दिल्ली के उपमुख्यमंत्री थे, बल्कि कई प्रमुख विभागों को संभाल रहे थे। समस्या तब और बढ़ गई जब सरकार के एक अन्य प्रमुख सहयोगी सत्येंद्र जैन ने भी उसी समय कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। इस दौर में आतिशी पार्टी और सरकार में बड़ा चेहरा बनकर उभरीं और वर्तमान में वह वित्त, पीडब्ल्यूडी और शिक्षा जैसे प्रमुख विभागों सहित कई विभागों को संभाल रही हैं।

2022 में आतिशी ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने दिल्ली को शहरी शासन के लिए एक वैश्विक मॉडल के रूप में पेश किया। उनके पिता विजय सिंह और मां तृप्ता वाही दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे हैं।

आतिशी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से इतिहास में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और अपने बैच में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा और इतिहास में स्नातकोत्तर उपाधि भी प्राप्त की है।

# 'आप पर मनीष सिसोदिया का कंट्रोल'




दिल्ली भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी व बांसुरी स्वराज।

**● कहा, रबर स्टैंप मुख्यमंत्री की तरह काम करेंगी, सरकार का रिमोट आप संयोजक के हाथ में रहेगा: बिधुड़ी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली को नया मुख्यमंत्री मिल गया है। आम आदमी पार्टी के विधायक दल के नेताओं ने सर्वसम्मति से आतिशी को अपना नेता चुन लिया है। इस पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी अब मनीष सिसोदिया के कंट्रोल में है और उन्हीं के कहने पर आतिशी को नया सीएम बनाया गया है।

नए सीएम बनाने से आम आदमी पार्टी का कोई चरित्र नहीं बदलने वाला है। इस पार्टी का कैरेक्टर भ्रष्टाचार है और इस मेकओवर से उनके चेहरे पर लगे भ्रष्टाचार के धब्बे मिटने वाले नहीं है। नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आतिशी रबर स्टैंप मुख्यमंत्री की तरह काम करेंगी और उनका रिमोट अरविंद केजरीवाल के हाथ में ही रहेगा। वह जैसा चाहेंगे वह वैसा ही करेंगी। वह सिर्फ डमी मुख्यमंत्री बन कर रह जाएगी।

वामपंथी विचारधारा की पोषक आतिशी को सीमए बनाकर अरविंद केजरीवाल ने अपना वामपंथी चेहरा जनता के सामने प्रकट कर दिया है। गुप्ता ने दु:ख जताते हुए कहा कि दिल्ली की बागडोर एक ऐसी महिला के हाथ में दी जा रही है जिसके परिवार के लोग संसद हमले के मुख्य अभियुक्त अफजल गुरु को बचाने के प्रयासों में सक्रिय रहे हैं।

अब दिल्ली वालों को समझ लेना चाहिए कि उनकी नई मुख्यमंत्री किस सोच के साथ गद्दी पर बैठने जा रही हैं। पूर्व सीएम ने मजबूरी में अपना इस्तीफा देकर साफ कर दिया है कि वह 10 साल के आप पार्टी की सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार पर जनता के सामने अपनी जवाबदेही से बचने की कोशिश कर रहे हैं। अपने रिपोर्ट कार्ड को जनता के सामने दिखाने से बच रहे हैं केजरीवाल।

इस बीच दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि पिछले दस सालों में दिल्ली में भ्रष्टाचार, अदूरदर्शिता और अकर्मण्यता के कारण दिल्ली की जो हालत हुई है, उसका हिसाब तो आप सरकार को देना पड़ेगा। मंत्री के रूप में आतिशी भी उसके लिए उतनी ही जिम्मेदार हैं।

वैसे भी, आम आदमी पार्टी खुद कह रही है कि आतिशी तो कठपुतली हैं, सरकार तो केजरीवाल ही चलाएंगे। उन्हें अपनी जगह आतिशी को इसलिए बिठाना पड़ा कि भ्रष्टाचार से घिरे केजरीवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री के रूप में काम करने पर बंदिशें लगा दी थीं।

बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली के लिए आज दुर्भाग्यपूर्ण दिन है क्योंकि चेहरा चाहे कोई भी हो दिल्ली में विकासकार्यों पर जो पूर्ण विराम दिल्ली सरकार ने लगा रखा है वह बरकरार रहेगा और यह मैं नहीं बल्कि जिस प्रकार से आतिशी द्वारा निराशा पूर्वक मीडिया को दिया बयान बताता है। मनोज तिवारी ने कहा कि यह जो खेल हुआ है वह सिर्फ दिल्लीवालों की आंखों पर पट्टी डालने का काम है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह से लताड़ कर उन्हें हटाया वैसा आज तक किसी भी मुख्यमंत्री के साथ नहीं हुआ है।

# आतिशी पर बरसीं स्वाति मालीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**● अफजल गुरु पर माता-पिता की सहानुभूति पर आप सांसद ने साधा निशाना**

आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल ने आतिशी को मुख्यमंत्री चुने जाने के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने आतंकी अफ़ज़ल गुरु के प्रति उनके माता-पिता की सहानुभूति पर सवाल उठाते हुए निशाना साधा।

मालीवाल ने एक ट्वीट और वीडियो बयान में, उन्होंने अपनी नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा, आज दिल्ली के लिए बहुत दुखद दिन है। आज एक ऐसी महिला दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने जा रही है, जिसके परिवार ने आतंकी अफ़ज़ल गुरु को मौत की सज़ा से बचाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने आगे कहा, उनके माता-पिता ने राष्ट्रपति को कई दया याचिकाएं भेजीं ताकि अफ़ज़ल गुरु को मौत की सज़ा से बचाया जा सके। उन्होंने बार-बार दावा किया कि वह निर्दोष हैं और उन्हें राजनीतिक बलि का बकरा बनाया गया है। मालीवाल ने इन कृत्यों की कड़ी निंदा की और कहा कि आतिशी एक डमी मुख्यमंत्री हैं, लेकिन इसके बावजूद वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगी। इससे देश और दिल्ली की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। मालीवाल ने आतिशी की मां का एक वीडियो भी ट्वीट किया, जिसमें उन्हें अफ़ज़ल गुरु को बचाने की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने अफ़ज़ल गुरु के लिए उनके माता-पिता द्वारा हस्ताक्षरित दया याचिका भी ट्वीट की।

### डूसू चुनाव में पात्रता मानदंडों को लेकर समिति की बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव को लेकर चुनाव सलाहकार समिति की बैठक 17 सितंबर को डीयू स्थित वाइस-रीगल लॉज के काउंसिल हॉल में आयोजित हुई।

डीयू साउथ कैंपस के निदेशक प्रो. प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पात्रता मानदंडों को लेकर चर्चा की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए डूसू के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. सत्यपाल सिंह ने बताया कि बैठक में चर्चा के पश्चात निर्णय लिया गया कि उम्मीदवारों के लिए पात्रता मानदंड लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुसार होंगे।

# चुनावी राज्यों में प्रचार पर ध्यान केंद्रित करेंगे केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● आप प्रमुख कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए करेंगे विशेष प्रयास**

दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से मंगलवार को इस्तीफा देने वाले अरविंद केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ताओं में जोश भरने और लोगों के बीच विश्वास बहाल करने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पदाधिकारी ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में केजरीवाल के लंबे समय तक जेल में रहने के कारण आम आदमी पार्टी (आप) का कैडर कमजोर हो गया है। उन्होंने कहा कि आप के संयोजक हरियाणा में चुनाव प्रचार करने जा रहे हैं, जहां पांच अक्टूबर को मतदान होना है। पदाधिकारी ने कहा कि वह जम्मू कश्मीर में उन स्थानों पर रोडशो भी कर सकते हैं, जहां पार्टी को अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है, जहां एक अक्टूबर तक तीन चरणों में चुनाव हो रहे हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, केजरीवाल के लिए राष्ट्रीय राजधानी में वार्डवार घर-घर जाकर प्रचार करने की योजना बनाई गई है। पार्टी के एक नेता ने कहा, दिल्ली में फरवरी 2025 में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। उससे पहले पार्टी के पास रणनीति बनाने और आप के मतदाताओं के बीच विश्वास फिर से बनाने के लिए चार महीने हैं।

पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक में ऐसा करने की क्षमता है। नेता ने कहा, केजरीवाल की गिरफ्तारी के बावजूद पार्टी विपक्ष की उम्मीद के मुताबिक नहीं टूटी। न केवल पार्टी के वरिष्ठ नेता बल्कि हमारे जमीनी कार्यकर्ता भी इस दृढ़ विश्वास पर थे कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। जमीनी कार्यकर्ता हमसे पूछते थे कि वह कब बाहर आएंगे। उन्होंने कहा, अब वह (केजरीवाल) बाहर हैं। उन्हें बस इन लोगों तक पहुंचने और उन्हें मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। लोगों को अभी भी उनसे बहुत उम्मीदें हैं।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल पंजाब का दौरा करके वहां के पदाधिकारियों से मिलकर विश्वास हासिल करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी ने हरियाणा में उनके रोड शो और रैली आयोजित करने की योजना बनाई है, इसके अलावा वह झारखंड और महाराष्ट्र भी जा सकते हैं, जहां इस साल के अंत तक चुनाव होने की संभावना है। ज्ञात हो कि आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी है।

# त्रिलोकपुरी में गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद हुई झड़प

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● पुरानी रंजिश के कारण हुई मारपीट, कोई घायल नहीं**

त्रिलोकपुरी इलाके में सोमवार रात दो समूहों के बीच झड़प हो गई जिनमें से एक समूह भगवान गणेश की मूर्ति विसर्जित कर लौट रहा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

पूर्वी दिल्ली की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि शक है कि त्रिलोकपुरी में पुरानी रंजिश के कारण दो समूहों के बीच झड़प हुई। गुप्ता ने बताया कि सोमवार रात करीब 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ब्लॉक 32 के पास एक समूह पर दूसरे समूह ने उस समय हमला कर दिया जब वे भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन कर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि जब तक स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, दोनों समूह भाग गए।

डीसीपी ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और स्थिति नियंत्रण है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को दिल्ली भाजपा ने राष्ट्रीय कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

दोपहर में गुरुद्वारा बाला साहिब में श्री गुरू ग्रंथ साहिब का पाठ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लम्बी आयु की कामना के लिए अरदास किया गया। शाम को कनाट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में संत अजय भाई के सानिध्य में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, सुनील, दुष्यंत गौतम शामिल है।

# आबकारी नीति मामला में अमित अरोड़ा और अमनदीप ढल को मिली जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● ईडी ने दोनों को किया था गिरफ्तार**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में व्यवसाई अमित अरोड़ा और अमनदीप सिंह ढल को मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने दोनों आरोपियों को राहत देते हुए कहा, जमानत मंजूर की जाती है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अनुसार दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को आबकारी नीति लागू की थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत में इसे रद्द कर दिया था। गुरुग्राम स्थित बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित अरोड़ा को ईडी ने 29 नवंबर, 2022 को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने दावा किया था कि अरोड़ा आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया के करीबी सहयोगी हैं और दोनों शराब लाइसेंसधारियों से एकत्र अवैध धन के प्रबंधन और हेराफेरी में सक्रिय रूप से शामिल थे। जब विवादास्पद आबकारी नीति तैयार की गई थी, उस समय आबकारी विभाग का प्रभार दिल्ली के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के पास था।

दोनों केंद्रीय जांच एजेंसियों के अनुसार, ब्रिंडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक ढल ने कथित तौर पर अन्य आरोपियों के साथ साजिश रची और वह शराब नीति तैयार करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। ढल को ईडी ने पिछले साल मार्च में गिरफ्तार किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### लॉ सेंटर में आंबेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) तथा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंप कर विधि संकाय के कैंपस लॉ सेंटर में संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को स्थापित करने तथा साथ ही संविधान पार्क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। डीयू कुलपति को मिले प्रतिनिधिमंडल में डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा, डूसू सचिव अपराजिता, डूसू संयुक्त सचिव सचिन बैसला, कैंपस लॉ सेंटर के छात्र संघ अध्यक्ष आकाश सोनी, अभाविप कैंपस लॉ सेंटर इकाई अध्यक्ष आदित्य तोमर, शशि शेखर, कृष्ण कुमार ,सपना दास आदि सम्मिलित रहे।

### रेड लाइन मेट्रो सेवा रही प्रभावित

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के पुलबंगश और प्रताप नगर स्टेशनों के बीच ओवरहेड उपकरण की समस्या के कारण मंगलवार को दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन के एक हिस्से पर सेवाएं प्रभावित रहीं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की रेड लाइन दिल्ली के रिठाला को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से जोड़ती है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में डीएमआरसी ने कहा, पुलबंगश से प्रताप नगर तक सेवाओं में देरी हुई। अन्य सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य रहीं।

### बालकृष्ण ने रक्त जांच मशीन का लोकार्पण किया

**नई दिल्ली/हरिद्वार।** पतंजलि आयुर्वेद हॉस्पिटल के संयोजन में संचालित पैथोलॉजी लैब में अत्याधुनिक रक्त जांच मशीन मिनड्राय बीसी का लोकार्पण आचार्य बालकृष्ण, केंद्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी और बैंगलुरू से प्रो. शिवानी ने किया। इस अवसर पर एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ. एस. रेनुका, मनोज कुमार सिंह, मनीष लखेड़ा, दिनेश पाली, संजय कुमार, केतन तथा सोमदेव इत्यादि उपस्थित रहे।



# प्रशासन को गहरी नींद से जागने की जरूरत: हाईकोर्ट

**● कोचिंग संस्थान मौत मामले में अदालत ने लगाई फटकार**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि प्रशासन को गहरी नींद से जागने और शहर के कोचिंग संस्थानों की स्थिति को सुधारने के लिए उचित कदम उठाने की जरूरत है। इसके साथ ही, अदालत ने ओल्ड राजेंद्र नगर की एक इमारत के भूमिगत तल (बेसमेंट) के चार सह-मालिकों को 30 नवंबर तक अंतरिम जमानत दे दी। उसी इमारत में एक कोचिंग संस्थान था, जहां जुलाई में सिविल सेवा के तीन अभ्यर्थी डूब गए थे।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर 13 सितंबर को पारित आदेश में प्रशासन के लापरवाह रवैए पर अफसोस जताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं बार-बार होती हैं और निर्दोष लोग उन शरारती तत्वों के कारण अपनी जान गंवा देते हैं, जो केवल पैसा कमाना चाहते हैं। अदालत की वेबसाइट पर जारी आदेश में न्यायाधीश ने कहा कि देशभर से बच्चे शिक्षा के लिए राष्ट्रीय राजधानी आते हैं और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोचिंग संस्थान मालिकों को ऐसे मासूम बच्चों की कोई परवाह नहीं है। न्यायमूर्ति शर्मा ने उपराज्यपाल से आग्रह किया कि वे एक समिति गठित करें, अच्छा हो कि यह समिति उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश के अधीन हो, जो सभी कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण करे तथा यह सुनिश्चित करने के लिए सुझाव दे कि वे असुरक्षित भवनों या असुरक्षित परिस्थितियों में संचालित ना हों। अदालत ने कहा, हालिया घटना जिसमें तीन युवा प्रतिभाशाली छात्रों की जान चली गई, बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और खतरे की घंटी है।

इस अदालत ने पहले भी अनधिकृत कोचिंग संस्थान चलाने के मुद्दे को उठाया है, लेकिन दुर्भाग्य से नगर निकाय के अधिकारी कोई कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। अदालत ने कहा कि ऐसे छात्रों के माता-पिता अपनी मेहनत की कमाई का काफी पैसा खर्च करके अपने बच्चों को कोचिंग संस्थान में भेजते हैं, इस उम्मीद के साथ कि उनके बच्चे अपने जीवन में कुछ बनेंगे। अदालत ने कहा, यह अकल्पनीय है कि माता-पिता को ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारण अपने बच्चों के शव वापस मिलें। अदालत का मानना है कि अब समय आ गया है कि प्रशासन को गहरी नींद से जागना होगा और उचित कदम उठाने होंगे। ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए एक कोष बनाने के उद्देश्य से, अदालत ने बेसमेंट के चारों सह-मालिकों को 30 नवंबर तक रेड क्रॉस सोसाइटी के पास एकमुश्त या किस्तों में पांच करोड़ रुपए जमा करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि उपराज्यपाल यह सुनिश्चित करेंगे कि धनराशि का उपयोग छात्रों के कल्याण और कोचिंग संस्थानों के कामकाज को सुचारू बनाने के लिए किया जाए। साथ ही अदालत ने कहा कि वह मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने पर भी निर्णय ले सकते हैं। अदालत ने कहा, देश के सभी हिस्सों से छात्र शिक्षा कोचिंग के लिए राष्ट्रीय राजधानी आते हैं। उनके पास इन अस्वच्छ और खराब स्थितियों में समायोजित होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

हालांकि कई निर्देशों के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अदालत ऐसे निर्देश देना बंद कर देगी। अदालतें यह सुनिश्चित करेंगी कि व्यवस्था के निवारण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि वह मूक दर्शक बनकर नहीं रह सकती। ओल्ड राजेंद्र नगर में 27 जुलाई को भारी बारिश के बाद एक कोचिंग संस्थान की इमारत के भूमिगत तल में पानी भर जाने से सिविल सेवा के तीन अभ्यर्थियों की मौत हो गई थी।

### सिविक सेंटर में राजभाषा सम्मान सप्ताह शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सिविक सेंटर स्थित मुख्यालय के अरुणा आसफ अली सभागार में मंगलवार को राजभाषा सम्मान सप्ताह के समारोह की शुरूआत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर शैली ओबेरॉय ने किया। दिल्ली नगर निगम में अतिरिक्त आयुक्त अमित कुमार शर्मा, उपायुक्त, राजभाषा विभाग बीपी भारद्वाज सहित काफी संख्या में निगम कर्मचारी और अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। ओबेरॉय ने अपना सृजनात्मक सहयोग करने की अपील की। सभी से हिंदी को कामकाज व व्यवहार की भाषा बनाने एवं इस भाषा के सृजनात्मक रूप से प्रयोग करने का आग्रह किया। अतिरिक्त आयुक्त अमित कुमार शर्मा ने हिन्दी की महत्ता से संबंधित केंद्रीय गृहमंत्री का संदेश पढ़ा।

# चुनावी ड्यूटी पर तैनात होंगे 29 हजार पुलिसकर्मी

## प्रदेश में अब तक पहुंची पैरामिलिट्री की 70 कंपनियां, चुनाव तक 225 कंपनियों की होगी तैनाती

- पुलिस महानिदेशक ने सभी जिलों के एसपी के साथ की बैठक
- राज्य के अंदर व अंतरराज्यीय सीमाओं पर लगाए 298 नाके

**शिखा शर्मा। चंडीगढ़**

हरियाणा में 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रदेश भर में 29 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके लिए सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ रणनीति को तैयार किया गया है।

हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने मंगलवार को चंडीगढ़ में जारी एक जानकारी में बताया कि चुनाव को लेकर हरियाणा पुलिस के 29 हज़ार से अधिक पुलिसकर्मियों तथा पैरामिलिट्री की 225 कंपनियों की तैनाती की जाएगी। पैरामिलिट्री की 70 कंपनियों को प्रदेश के अलग-2 क्षेत्रों में पहले की तैनात किया जा चुका है, बाकी कंपनियां आने वाले दिनों में हरियाणा पहुंच जाएंगी। प्रदेश में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के साथ साथ चप्पे-चप्पे पर पुलिस द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। कपूर ने बताया कि विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रदेश में कानून व्यवस्था सुचारू रखने के लिए इससे जुड़े प्रत्येक पहलू का बारीकी से अध्ययन किया गया है। उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर को प्रदेश में मतदान के लिए 10 हजार 495 मतदान स्थलों पर कुल 20 हजार 629 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं,जिन पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके अलावा 3460 मतदान केंद्रों को संवेदनशील(क्रिटिकल) माना गया है तथा 138 मतदान केन्द्रों को वल्नरेबल माना गया है तथा इन मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इन बूथों पर सुरक्षा के इंतजाम चाक-चौबंद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर 155 अंतरराज्यीय तथा 143 प्रदेश के भीतर नाके लगाए गए है जहां पर पुलिस की टीमों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश में 480 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 419 स्टेटिक सर्विलांस टीम तथा 32 क्विक रिस्पांस टीम बनाई गई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था सुचारू रखने तथा आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने को लेकर 1128 पेट्रोलिंग पार्टी भी लगाई गई है जो दिन रात गश्त कर रही है।


शत्रुजीत कपूर पुलिस महानिदेशक

### एक लाख लोगों ने जमा कराए हथियार

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि प्रदेश में कुल एक लाख 32 हजार 225 आर्म्ड लाइसेंस जारी किए गए हैं जिनमें से एक लाख 5014 लाइसेंसी हथियारों को चुनावों के चलते पुलिस थानों में जमा करवाया गया है। आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना के चलते प्रदेश में अब तक 52 लाइसेंसी हथियारों को जब्त किया जा चुका है जबकि 1080 हथियारों के लाइसेंस रद्द किए जा चुके हैं। कपूर ने कहा कि हरियाणा पुलिस विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने को लेकर वचनबद्ध है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

# हिसार जिले में सबसे अधिक तो पंचकूला जिले में सबसे कम प्रत्याशी

- हरियाणा के चुनावी रण में डटे 1031 प्रत्याशी
- नाम वापस नहीं लेने वाले बागियों को बैठाने की कवायद में जुटे नेता

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

हरियाणा में इस बार होने जा रहे विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में सबसे अधिक हिसार तो सबसे कम प्रत्याशी पंचकूला जिले में होंगे। इस बार विधानसभा के चुनावी रण में 1031 प्रत्याशी किस्मत आजमाएंगे। सोमवार को 190 उम्मीदवारों ने मैदान छोड़ते हुए नामांकन वापस ले लिए।

निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार की देर रात सभी प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई। अब पांच अक्टूबर को सुबह सात बजे से सायं छह बजे तक मतदान होगा और आठ अक्टूबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा की सभी 90 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए कुल 1559 उम्मीदवारों ने 1746 नामांकन पत्र भरे थे। इनमें से जांच के दौरान 1221 प्रत्याशियों की उम्मीदवारी सही पाई व 338 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द कर दिए गए। वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव में 1351 और 2019 में 1169 उम्मीदवार चुनावी रण में थे। यानी कि इस बार पिछले दो विधानसभा चुनावों से कम प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।

**कुरुक्षेत्र और कैथल जिलों में सर्वाधिक नामांकन वापस लिए**

| जिला | नामांकन वापस | जिला | नामांकन वापस |
|---|---|---|---|
| पंचकूला | 5 | हिसार | 23 |
| अंबाला | 4 | दादरी | 3 |
| यमुनानगर | 5 | भिवानी | 13 |
| कुरुक्षेत्र | 15 | रोहतक | 4 |
| कैथल | 15 | झज्जर | 9 |
| करनाल | 10 | महेंद्रगढ़ | 9 |
| पानीपत | 6 | रेवाड़ी | 3 |
| सोनीपत | 7 | गुरुग्राम | 15 |
| जींद | 13 | नूंह | 2 |
| फतेहाबाद | 6 | पलवल | 4 |
| सिरसा | 12 | फरीदाबाद | 7 |

**किस जिले में कितने उम्मीदवार हैं चुनावी मैदान में**

| जिला | प्रत्याशी | जिला | प्रत्याशी |
|---|---|---|---|
| पंचकूला | 17 | हिसार | 89 |
| अंबाला | 39 | दादरी | 33 |
| यमुनानगर | 40 | भिवानी | 56 |
| कुरुक्षेत्र | 43 | रोहतक | 56 |
| कैथल | 53 | झज्जर | 42 |
| करनाल | 55 | महेंद्रगढ़ | 37 |
| पानीपत | 36 | रेवाड़ी | 39 |
| सोनीपत | 65 | गुरुग्राम | 47 |
| जींद | 72 | नूंह | 21 |
| फतेहाबाद | 40 | पलवल | 33 |
| सिरसा | 54 | फरीदाबाद | 64 |

# कांग्रेस-भाजपा का चुनाव घोषणा पत्र तैयार

- महिला, युवा, किसान और गरीब के कल्याण पर होगा फोकस
- कांग्रेस दिल्ली में और भाजपा रोहतक में जारी करेगी घोषणा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**




हरियाणा के विपक्षी दल कांग्रेस के साथ भाजपा ने भी अपना चुनाव घोषणा पत्र तैयार कर लिया है। कांग्रेस दो चरणों में अपने चुनाव घोषणा पत्र को जारी करेगी, जबकि भाजपा बुधवार को रोहतक में चुनाव घोषणा पत्र जारी कर देगी।

कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में छह हजार रुपये मासिक पेंशन के साथ ही तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली का वादा किया जाने वाला है, जबकि भाजपा मुफ्त की रेवड़ी बांटने की बजाय किसान, युवा और महिलाओं के साथ गरीब के कल्याण की घोषणाओं पर जोर देने वाली है। झज्जर की विधायक एवं पूर्व मंत्री गीता भुक्कल की अध्यक्षता में तैयार किया गया कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र मंगलवार को नई दिल्ली में जारी किया जाने वाला था, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की व्यस्तता के चलते इसे बुधवार को जारी किया जाएगा।

कांग्रेस की प्रमुख गारंटियों को दिल्ली में लांच करने के बाद बाकी घोषणाओं और वादों को इसी सप्ताह चंडीगढ़ में जारी किया जाने वाला है। कांग्रेस की प्रमुख गारंटियों में पिछड़ा वर्ग के लिए क्रीमीलेयर की आय सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने की है। हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ की अध्यक्षता में पार्टी ने अपना चुनाव घोषणा पत्र तैयार किया है। इसके लिए अलग-अलग वर्ग और समूहों के साथ विस्तृत बैठकें हुईं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को इस चनाव घोषणा पत्र को रोहतक में जारी करने वाले हैं।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि मजदूर, गरीब और पिछड़े वर्ग के कल्याण की योजनाओं पर खास फोकस किया गया है। भाजपा ने अपने पिछले दोनों चुनाव घोषणा पत्रों को शत प्रतिशत लागू किया है।

# लाभ ले चुके कर्मचारियों को इस साल नहीं मिलेगी एलटीसी सुविधा

- एलटीसी ब्लॉक वर्ष 2020-23 का लाभ लेने से चूके कर्मचारियों को 31 दिसंबर तक का समय
- नया ब्लॉक वर्ष 2024-27 भी हुआ शुरू

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

हरियाणा में एक साल के दौरान एलटीसी का लाभ ले चुके कर्मचारी और पेंशनर्स अभी सरकारी खर्च पर सैर-सपाटा नहीं कर सकेंगे। हालांकि एलटीसी ब्लॉक वर्ष 2020-2023 का लाभ उठाने से चूके कर्मचारियों के लिए 31 दिसंबर तक का समय है। नया ब्लाक वर्ष 2024-2027 भी शुरू हो चुका है, जिसके लिए एक साल पहले पुरानी एलटीसी ले चुके कर्मचारी पात्र होंगे।

मानव संसाधन विभाग ने मंगलवार को इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्ड-निगमों के प्रबंध निदेशक और मुख्य प्रशासक, मंडलायुक्त, उपायुक्त, एसडीएम और सभी राज्य विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार को आदेश जारी कर दिए हैं। दरअसल प्रदेश सरकार ने पिछले साल एलटीसी ब्लॉक वर्ष 2020-2023 को एक वर्ष अर्थात 31 दिसंबर 2024 तक बढ़ा दिया था। इसके बाद विभिन्न विभागों, बोर्ड-निगमों व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा मानव संसाधन विभाग से पूछा जा रहा था कि क्या एलटीसी के लिए अगला ब्लाक वर्ष यानी 2024-2027 शुरू हो गया है या नहीं। मानव संसाधन विभाग ने स्पष्ट किया है कि ब्लाक वर्ष 2020-2023 के लिए एलटीसी केवल उन कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 31 दिसंबर तक बढ़ाई गई है जो इसका लाभ नहीं उठा सके थे। अगला ब्लाक वर्ष यानी 2024-27 एक जनवरी से शुरू हो गया है।

### कांग्रेस के वादों से गुमराह न हों मतदाताः खट्टर

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा में विधानसभा चुनावों के लिए जनता से कांग्रेस द्वारा किए जा रहे बड़े-बड़े वादों पर सवाल उठाने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी अपनी प्रतिबद्धताओं से पीछे हट रही है। खट्टर ने सोमवार को हरियाणा के रोहतक में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में पार्टी अपने वादों से पीछे हट गई है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी ने झूठे वादे किए और अब उन्हें पूरा करने के लिए उसके पास धन की कमी है। राज्य में पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। खट्टर ने कहा कि जनता को कांग्रेस के झूठ से गुमराह नहीं होना चाहिए। खट्टर ने विश्वास जताया कि भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी।

# पंजाबी सिंगर आर. नेत से मांगी एक करोड़ फिरौती

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

गैंगस्टरों ने एक बार फिर से पंजाबी गायक को निशाना बनाते हुए फोन पर धमकी देकर फिरौती की मांग की है। पंजाबी गायक आर.नेत अपने गीत तेरे यार नूं दबण नूं फिरदे सी.. और तेरा यार डिफाल्टर तां होया...जैसे गीत गाकर चर्चा में आए थे।

पंजाबी गायक आर. नेत के मैनेजर रजिंदर पाल सिंह द्वारा दी गई शिकायत में कहा गया है कि उन्हें कई बार विदेशी नंबर से वॉट्सऐप कॉल्स आ रहे हैं। वह नंबर यूके का है। शिकायत के साथ कुछ रिकॉर्डिंग्स भी भेजी गई हैं, जिनमें फिरौती मांगी जा रही है।

फिरौती का पैसा न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में रजिंदर पाल ने किसी भी गैंगस्टर का नाम नहीं लिया है, लेकिन एक चैनल से बातचीत में आर. नेत के मैनेजर ने लॉरेंस और रिंदा के नाम पर धमकी मिलने की बात कही है।

आरोपियों ने फिरौती एक करोड़ रुपए की मांगी है। गायक को दी गई धमकी में आरोपियों ने आर. नेत का गाना तेरे यार नूं दबण नूं फिरदे सी, पर दबदा कित्थे या गाया। उन्होंने उक्त लाइन गाने के बाद कहा- असी दबाणा जाणदे हां। इसके बाद मामले की शिकायत मोहाली में पुलिस को दी गई है। जिस नंबर से सिंगर को कॉल आया था, वह किसी सुक्खी नाम के व्यक्ति का है।

# पूर्व विधायक सरदार बख्शीश विर्क भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल

- कई गांवों के सरपंचों पार्षदों व भाजपा नेताओं ने भी ज्वाइन की पार्टी
- इनेलो-जजपा-हलोपा बीजेपी की बी टीम, सिरसा में सबकी जुगलबंदी सार्वजनिक हो चुकीः हुड्डा
- भाजपा ने किया समाज को बांटने का काम, कांग्रेस दिलों को जोड़ रहीः चौ. उदयभान

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

पूर्व सीपीएस एवं असंध से पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह विर्क ने मंगलवार को अपने सैकड़ों साथियों संग बीजेपी छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन कर ली। उनके साथ कई गांवों के सरपंच, पार्षद, भाजपा के कई पदाधिकारी, चेयरमैन और सैंकड़ों सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस में आस्था जताई। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कांग्रेस का पटका पहनाकर सभी का स्वागत किया। हुड्डा और चौ. उदयभान ने सभी को कांग्रेस में पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बख्शीश सिंह विर्क के कांग्रेस में आने से ना केवल असंध बल्कि हरियाणा के कई विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी को बढ़त मिलेगी।

इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इनेलो, जजपा और हलोपा भाजपा की बी टीम हैं। सिरसा में इनकी जुगलबंदी सार्वजनिक भी हो चुकी है। कांग्रेस के तमाम विरोधी दल एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं। इन पार्टियों ने टिकट भी इसी हिसाब से बांटे हैं और अब नामांकन वापस लेने का ड्रामा कर रहे हैं। लेकिन अब भाजपा और उसके सहयोगी कितनी भी साजिशें रच लें, प्रदेश की 36 बिरादरी कांग्रेस को प्रचंड बहुमत से सत्ता में लाने का मन बना चुकी है।


पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह को पार्टी में शामिल कराते भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

जल्द ही प्रदेश में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की बड़ी रैलियां होंगी और 8 अक्टूबर को पार्टी के पक्ष में जनादेश आएगा। कांग्रेस सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6 हजार रुपए महीना पेंशन, 500 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर, पहले एक साल में एक लाख पक्की नौकरियां, 300 यूनिट बिजली फ्री देने का काम किया जाएगा। चौधरी उदयभान ने कहा कि कांग्रेस में भाजपा समेत अन्य दलों के 50 से ज्यादा विधायक, पूर्व विधायक, सांसद और पूर्व सांसद शामिल हो चुके हैं। हरियाणा में अपनी हार को देखकर भाजपा के नेताओं की बौखलाहट अब सामने आने लगी है। भाजपाई 10 साल राज में रहने के बावजूद अपना कोई काम नहीं गिनवाते। इसके विपरीत अब प्रदेशवासियों को धर्म और जात-पात की राजनीति में धकेलने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा ही 'फूट डालो राज करो' का रहा है। इन्होंने सदा से ही समाज को बांटने, तोड़ने और बरगलाने का काम किया है, जबकि कांग्रेस हमेशा दिलों को जोड़ने की बात करती है।

इस मौके पर सरदार बख्शीश सिंह विर्क के अलावा भाजपा किसान मोर्चा के प्रधान संजय दूहन, भाजपा महामंत्री दिलावर मान, हरको बैंक निदेशक हरप्रीत सिंह, कोऑपरेटिव बैंक करनाल के चेयरमैन सुरेश, पूर्व मंडी प्रधान बैंत सिंह, सरपंच अशोक कुमार, सरपंच कुलदीप सिंह माली, पार्षद विजय गर्ग, पार्षद मेजर सिंह, पूर्व पार्षद मलक सिंह, लाडी बांगो, पलविंद्र सिंह संधू, पूर्व सरपंच वीरेंद्र सिंह, साहब सिंह, जोगा सिंह पूर्व सरपंच, अमन कुमार पूर्व सरपंच, प्रवीण नरवाल पूर्व सरपंच, सरदार सुखदेव सिंह चेयरमैन जुंडला, बलविंदर सिंह पूर्व सरपंच आदि ने भी कांग्रेस ज्वाइन की।

# हरियाणा में प्रधानमंत्री की रैलियां हुईं तय

- सोनीपत में 26, हिसार में 28 व पलवल में दो अक्टूबर को आएंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**



कुरुक्षेत्र से भाजपा के चुनाव अभियान की शुरुआत कर चुके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में तीन रैलियां और करेंगे। पीएम मोदी की सोनीपत, हिसार और पलवल में रैलियां निर्धारित की गई हैं। भाजपा ने इन रैलियों को जन आशीर्वाद रैली का नाम दिया है। कुरुक्षेत्र में जीटी रोड बेल्ट के छह जिलों की रैली करने के बाद पीएम की अगली रैली 26 सितंबर को सोनीपत में होगी। यह इलाका जाट बाहुल्य है और यहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का राजनीतिक प्रभाव माना जाता है। सोनीपत में आसपास के छह जिलों की रैली होगी।

पीएम मोदी की रैलियों को इस तरह से तैयार किया गया है कि सभी 22 जिले, 10 लोकसभा और 90 विधानसभा क्षेत्रों को कवर कर लिया जाए। सोनीपत की रैली के बाद मोदी की तीसरी रैली हिसार में 28 सितंबर को होगी, जहां फतेहाबाद, झज्जर, जींद, सिरसा और भिवानी समेत आसपास के क्षेत्रों को क्वर किया जाएगा। भाजपा के लिए सिरसा व फतेहाबाद के साथ हिसार जिले काफी महत्वपूर्ण हैं। इन जिलों में कमल का फूल खिलाने पर पार्टी का विशेष फोकस होगा। पीएम मोदी की चौथी रैली दो अक्टूबर को दक्षिण हरियाणा के पलवल में होगी, जहां अहीरवाल को कवर किया जाएगा। हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बडौली पीएम की सोनीपत रैली के संयोजक बनाए गए हैं, जबकि पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई हिसार रैली के संयोजक हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर पीएम की पलवल रैली के संयोजक होंगे। कृष्ण पाल अपने बेटे देवेंद्र गुर्जर को फरीदाबाद एनआइटी से टिकट दिलाना चाहते थे, लेकिन बात नहीं बनी। अलबत्ता बड़खल से शिक्षा राज्य मंत्री सीमा त्रिखा की टिकट कटवाकर हरियाणा फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन धनेश अदलखा को टिकट दिलवा चुके हैं।

फरीदाबाद में कभी उनके धुर विरोधी रहे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल के साथ भी कृष्णपाल गुर्जर की सुलह हो चुकी है।

# सरकार बनने पर हर युवा को देंगे रोजगारः गुप्ता

- आम आदमी के प्रदेशाध्यक्ष बोले, जल्द ही चुनाव प्रचार में उतरेगा पूरा राष्ट्रीय नेतृत्व

**पायनियर समाचार सेवा। बरवाला/हिसार**


आप उम्मीदवार प्रो. छत्रपाल के समर्थन में रोड शो करते प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने बरवाला विधानसभा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार प्रो. छत्रपाल के समर्थन में रोड शो निकाला और जनता से वोट की अपील की। इस दौरान प्रदेश सचिव अनु कादियान भी उनके साथ रही। आम आदमी पार्टी का रोड शो मिल गेट, सातरोड खास व खुर्द, डाबड़ा, मिरका, लाडवा, भगाना, मायड, खरड़ व खरड़ अलीपुर, रायपुर ढाणी, शिकारपुर, न्याणा, खोखा, खरकड़ी, मिर्जापुर, धांसू, सुलखनी, बुगाना, राजली, पंघाल, ढाणी मीरदार, ढाणी गारण, बरवाला शहर, सरसोदा, बीचपड़ी, जेवरा, खेड़ीबर्की, बाड़ो, खोखा, धिकताना, जुगलान और तलवंडी राणा से होते हुए मिल गेट कार्यालय पहुंचा।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि बरवाला विधानसभा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार प्रो. छत्रपाल सिंह को जनता का अपार समर्थन और आशीर्वाद देखने को मिला, जिससे ये स्पष्ट है कि इस बार बरवाला में भी बदलाव की झाड़ू चलने जा रही है। आम आदमी पार्टी हरियाणा की सभी 90 सीटों पर मजबूती से चुनाव ल? रही है। इस बार हरियाणा की जनता बदलाव के लिए वोट करेगी और हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पूरा राष्ट्रीय चुनावी प्रचार में उतरेगा। इसके लिए कार्यक्रमों और लोकेशन को फाइनल किया जा रहा है। जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा की जनता को बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा चाहिए तो उसकी देश में एक ही गारंटी है अरविंद केजरीवाल। दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल पर भरोसा किया तो वहां शानदार स्कूल बन रहे हैं। शानदार पढ़ाई हो रही है और वहां से बच्चे आईआईटी में जा रहे हैं। पंजाब के लोगों ने आम आदमी पार्टी पर भरोसा किया तो पंजाब के सरकारी स्कूल भी अच्छे हो रहे हैं। इसलिए इस बार हरियाणा की जनता भी स्कूल के नाम पर वोट करेगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के लोगों को पांच गारंटी दी है। जिसमें मुफ्त और अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली और 18 साल से ऊपर हर महिला को 1000 रुपए दिए जाएंगे।

# थानेसर में भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा के जनसंपर्क अभियान ने पकड़ी तेजी

- बालाही, बाहरी गांवों और लायलपुर कॉलोनी में बीजेपी प्रत्याशी ने जुटाया जनसमर्थन

**पायनियर समाचार सेवा। थानेसर**

थानेसर हलके से बीजेपी प्रत्याशी सुभाष सुधा के जनसंपर्क अभियान ने हलके में तेजी पकड़ी है। जनसंपर्क अभियान के दौरान सुभाष सुधा हलके के गांव बालाही, बाहरी गांव और शहरी क्षेत्र की लायलपुर कॉलोनी में लोगों से मिले। बीजेपी प्रत्याशी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान मौजूद ग्रामीण और शहरी जनता के बीच आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी के पक्ष अधिक से अधिक मतदान करने की पुरजोर अपील की। बीजेपी प्रत्याशी सुभाष सुधा को हलके में भारी जनसमर्थन मिल रहा है जिसके चलते यह तय है कि थानेसर विधानसभा सीट से प्रत्याशी सुभाष सुधा की जीत निश्चित है।

थानेसर विधानसभा क्षेत्र की लायलपुर कॉलोनी से नवीन रहेजा,लालचंद वधवा, गौरव खुंगर, जगदीश कुमार व श्रीमती रानी खुंगर ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहकर परिवार सहित भाजपा को अपना समर्थन दिया। वहीं, बाहरी गांव से गौतम, मंडल अध्यक्ष रमेश सैनी, जस्सी की



संयोजकता में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनसभा में उपस्थित सभी ग्रामवासियों से भारतीय जनता पार्टी की जनहितैषी योजनाओं व नीतियों को सांझा किया और आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आह्वान किया। कार्यक्र में सरपंच रवि, पंच रवि सैनी, जितेंद्र, सन्नी , दिलीप बाजीगर व पारस की विशेष उपस्थिति रही। उधर, आज थानेसर विधानसभा क्षेत्र के बालाही गांव के सरपंच बलविंद्र के निवास स्थान पर आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में पूर्व सरपंच राजपाल, प्रभारी वीरेंद्र सांगवान, राजबीर, दबखेड़ी गांव के सरपंच ओमप्रकाश, मंडल अध्यक्ष रमेश, भूपेंद्र सिंह , जोगा सिंह , बलदेव सिंह, मंगल सिंह व जितेंद्र सिंह मौजूद रहे।

**केन फिन होम्स लिमिटेड**

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality

CIN - L85110KA1987PLC008699 केनरा बैंक के ऊपर, प्रथम तल, प्लॉट नं. सी-3, सैक्टर-1, नोएडा पिनकोड - 201301 ई-मेल : noida@canfinhomes.com फोन : 0120-2970164/65/67 मो. : 7625079126

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का सं50) की धारा 13(2) के अधीन

सेवा मे.
स्वर्गीय ज्ञानेंद्र कुमार पुत्र सेवा राम (आवेदक) के सभी कानूनी उत्तराधिकारी।
श्री सौरभ कुमार पुत्र स्वर्गीय ज्ञानेंद्र कुमार (सह आवेदक)
(स्वर्गीय ज्ञानेंद्र कुमार के प्रतिनिधि)
पताः 1- प्लॉट नंबर- 479, कुल क्षेत्र 138.75 में से मापन 69.375 वर्ग गज, खसरा नंबर-44, राधे श्याम विहार-5. मुरादनगर, गांव महिहुद्दीनपुर हिसनोली मारूफ, परगना - जलालाबाद, तहसील मोदीगनर, जिला गाजियाबाद, यू पी-201206
पता 2- **सौरभ कुमार मार्फत वीवो मोबाइल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड**, प्लॉट नंबर जे-5, पहली मंजिल, सेक्टर 18, नोएडा, यूपी-201301

आपने **स्व० श्री ज्ञानेंद्र कुमार** के साथ हमारी शाखा से निम्नलिखित संपत्ति को गिरवी रखने की जमानत पर आवास ऋण लिया है। रुपये राशि रु. 26,75,878/- (रूपए छब्बीस लाख पिचहत्तर हजार आठ सौ अठ्हत्तर मात्र) दिनांक **09.09.2024** तक बकाया को कैन फिन होम्स लिमिटेड को अनुबंधित दर पर भविष्य के ब्याज के साथ देय है।

**बंधक रखी आस्ति का विवरण**

**प्लॉट नंबर 479, कुल क्षेत्रफल 138.75 में से 69.375 वर्ग गज, खसरा नंबर 44, राधे श्याम विहार-5 मुरादनगर, गांव - महीउद्दीनपुर हिसनोली, परगना - जलालाबाद, तहसील - मोदीनगर, जिला- गाजियाबाद। सीमाः पूर्वः** 20 फिट चौड़ी सड़क भुजा 13 फिट 10.5 इंच, **पश्चिमः** प्लॉट नंबर 492 स्वाति गोस्वामी भुजा 13 फिट 10.5 इंच, **उत्तरः** प्लॉट नंबर 479 जानकी भुजा 45 फिट का आधा हिस्सा, **दक्षिणः** प्लॉट नंबर 480 सुखवीर सिंह भुजा 45 फिट।

आप को सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन पंजीकृत मांग सूचना क्रमांक 1 को प्रेषित की गई थी। परंतु सूचना बिना सुपुर्दगी वापस प्राप्त की जा चुकी है। अतएव अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त कर्जदार/रों के अंतिम ज्ञात पते के परिसर पर चस्पा करवा दी है। अत. समाचार पत्र में यह सूचना प्रकाशित की जा रही है। चूंकि आप मंजूरी की शर्तों का पालन करने में असफल रहे हैं. अतः यह खाता एनएचबी के दिशानिर्देशों के अनुसार दिनांक **29.08.2023** को गैर निष्पादक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जा चुका है। एतद्वारा आपसे उपरोक्त राशि का भुगतान दिनांक **09.09.2024** से उस पर संविदा दर पर ब्याज सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, जिसमें विफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी सरफासी ऐक्ट के अधीन उपरोक्त प्रतिभूति प्रवर्तित करने के लिए कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु बाध्य होगा।

इसके अतिरिक्त कर्जदारों / गारंटरों का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

दिनांक : 17-09-2024
स्थान : नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
केन फिन होम्स लि.

# केजरीवाल का इस्तीफा

## आप का भविष्य

**अरविंद केजरीवाल** द्वारा इस्तीफे की घोषणा से इस कदम तथा 'आप' के भविष्य के बारे में अनुमान लगाए जाने लगे हैं। बहुत से लोगों को आश्चर्यचकित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को इस्तीफे की घोषणा कर दी। इस निर्णय के पीछे अनेक अनुमान लगाए जा रहे हैं और राजनीतिक विश्लेषकों के बीच मतभेद हैं। कुछ इसे रणनीतिक कदम बताते हैं, जबकि दूसरों का कहना है कि आंतरिक और बाहरी दबावों के कारण यह मजबूरी में उठाया कदम है। इस्तीफे से आम आदमी पार्टी–'आप' के भविष्य तथा इस बात को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के रूप में उनका वारिस कौन होगा। अपनी लोकरंजक राजनीतिक शैली के लिए विख्यात केजरीवाल ने अतीत में अनेक साहसी घोषणायें की हैं जो एक प्रकार से रणनीतिक जुआ थीं। अक्सर इनका उद्देश्य अपना मतदाता आधार मजबूत करना था। जन लोकपाल विधेयक के मुद्दे पर उनका 2014 में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि उनका इस्तीफा एक और राजनीतिक जुआ होगा जिसका उद्देश्य केजरीवाल को सुर्खियों में बनाए रखना या 'आप' की हालिया चुनौतियों से ध्यान हटाना है क्योंकि दिल्ली में विधानसभा चुनाव कुछ ही महीने बाद होने हैं।

मजेदार बात है कि जेल में रहते हुए केजरीवाल ने इस्तीफा नहीं दिया और वे वहीं से सरकार चलाते रहे। उनका आरोप है कि भाजपा गैर–भाजपा मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार के फर्जी मामलों में फंसा कर जेल भेज देती है, उनको इस्तीफा देने को मजबूर करती है और उनकी पार्टी तोड़ देती है। वे इस बारे में बहुत मुखर हैं और उनका कहना है कि चाहे जो हो दूसरे मुख्यमंत्रियों को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। लेकिन इस पक्ष में भी मजबूत तर्क हैं कि उनका इस्तीफा केवल एक 'स्टंट' है जिसका उद्देश्य पार्टी को पुनर्जीवित करना है। उनका इस्तीफा संभवतः ईमानदार और निस्वार्थ नेता की उनकी छवि बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है जिससे आने वाले चुनावों में उनकी पार्टी की स्थिति मजबूत होगी। वे मतदाताओं के पास जाकर अपने इस्तीफे की कथा सुनाएंगे और स्वयं को 'पीड़ित' की तरह पेश करेंगे। चाहे केजरीवाल का इस्तीफा एक चाल हो या मजबूरी में दिया गया हो, पर निश्चित रूप से इसने 'आप' को महत्वपूर्ण मोड़ पर छोड़ा है। गठन के समय से ही केजरीवाल पार्टी का चेहरा रहे हैं और दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से उनकी विदाई के कारण पार्टी का प्रमुख मतदाता आधार अस्थिर हो सकता है। इसके अलावा उनके दूसरे प्रमुख साथी मनीष सिसोदिया को भी नया मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा। 'आप' ने स्वयं को राष्ट्रीय दलों के विकल्प के रूप में पेश करने की दिशा में कठोर परिश्रम किया है। इसलिए उसने प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा तथा भ्रष्टाचार–विरोधी उपायों को प्रमुख मुद्दा बनाया। लेकिन पार्टी का भविष्य मुख्यतः केजरीवाल के नेतृत्व पर निर्भर रहा। उनका इस्तीफा पार्टी को व्यापक, ज्यादा स्थिर तथा परिपक्व संगठन के रूप में विकसित कर सकता है। ऐसे में सवाल है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। 'आप' के अनेक नेता उनका स्थान ले सकते हैं जिनमें संजय सिंह, आतिशी मरलेना, राघव चड्ढा या उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल भी हो सकती हैं। लेकिन निश्चित रूप से यह केजरीवाल की पसंद पर निर्भर करेगा। ऐसे में 'आप' के भविष्य पर सवाल है कि क्या पार्टी अपने सर्वोच्च नेता के भ्रष्टाचार और कदाचार के अनेक मामलों में लिप्त होने के बावजूद अगले चुनाव में सत्ता में वापसी कर सकती है? इसका जवाब दिल्ली वासी बेहतर तरीके से दे सकते हैं।



# सामाजिक मुद्दों के टिकाऊ समाधान

**'सामाजिक बिजनेसों' में सामाजिक मुद्दों, जैसे गरीबी, असमानता और पर्यावरण क्षरण के टिकाऊ समाधानों को वित्तीय प्रगति से जोड़ने की क्षमता मौजूद है।**



**उत्तम चक्रवर्ती**
(लेखक, असोसियेट प्रोफेसर हैं)



दुनिया भर में संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्यों–एसडीजी के बारे में चर्चा लगातार तेज हो रही है। एसडीजी का संबंध भारत में समावेशी विकास से भी है। हालांकि, भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है, पर समावेशी विकास की चुनौतियां भी बनी हुई हैं। तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संपदा, शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा तथा अवसरों के बीच असमानतायें बनी हुई हैं जिससे जनसंख्या का बड़ा हिस्सा हाशियाकृत है। इस संदर्भ में 'सामाजिक बिजनेस' की अवधारणा पर समाधान के रूप में लोगों का ध्यान जा रहा है जो एकसाथ सामाजिक व आर्थिक चुनौतियों का समाधान पेश कर सकते हैं। हाल ही में विकास की इस वैकल्पिक अवधारणा को देश में महत्व मिलने लगा है।

'सामाजिक बिजनेस' एक शक्तिशाली माडल है जिससे गरीबी, असमानता, स्वास्थ्यरक्षा एवं शिक्षा जैसी सामाजिक समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है। इसके साथ ही यह वित्तीय रूप से टिकाऊ होते हैं। परंपरागत बिजनेसों में जहां शेयरधारकों का मुनाफा अधिकतम करने को प्राथमिकता मिलती है, वहीं सामाजिक बिजनेस सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए मिशन की तरह काम करते हैं। इससे पैदा होने वाले मुनाफे को पुनः इन्हीं बिजनेसों में लगा दिया जाता है ताकि इसका प्रभाव बढ़ सके। उद्यमिता का यह खोजी दृष्टिकोण खासकर भारत के लिए महत्वपूर्ण है जहां बाजार–संचालित समाधानों से सामाजिक खाई पाटने की संभावनायें असीम हैं। सामाजिक बिजनेसों का जन्म पिछले दशक में हुआ और भारत ने सामाजिक उद्यमिता में बहुत दिलचस्पी दिखाई है। सामाजिक मुद्दों के प्रति बढ़ती जागरूकता, हमारी नौजवान जनसंख्या का बड़ा हिस्सा तथा निवेश फंडों के बढ़ते प्रभाव के कारण अनेक क्षेत्रों में सामाजिक बिजनेस उभर कर सामने आ रहे हैं।

गरीब परिवारों को सस्ती सोलर लाइटें देने वाले 'सेल्को' जैसे संगठन तथा टिकाऊ कृषि व्यवहारों के माध्यम से आदिवासी किसानों को सशक्त करने वाले 'अराकू काफी' जैसे बिजनेस यह दिखाते हैं कि जन कल्याण के लिए बिजनेस कैसे किया जा सकता है। भारत की सामाजिक–आर्थिक विविधता भी सामाजिक खोजों के लिए उपजाऊ आधार प्रदान करती है। उद्यमी कृषि, स्वास्थ्यरखा, सफाई, शिक्षा और वित्तीय समावेशन जैसी चुनौतियों का समाधान करने के खोजी तरीके निकाल रहे हैं। उदाहरण के लिए, भारत की विशाल सहकारी डेरी संस्था 'अमूल' जिन सिद्धान्तों पर काम करती है वे सामाजिक बिजनेस के निकट हैं। इससे वह किसानों को उचित वेतन सुनिश्चित करने के साथ ही उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पाद भी उपलब्ध कराती है।

इसी प्रकार ग्रामीण भारत में काम करने वाला अलाभकारी संगठन 'गूंज' शहरी कचरे को लाभदायक उत्पादों में बदल कर गरीबी उन्मूलन व कचरा प्रबंधन में अपना योगदान दे रहा है।

1.4 बिलियन जनसंख्या वाले भारत को सामाजिक–आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए वैकल्पिक मार्ग की आवश्यकता है। हालांकि, देश ने तकनीक व ढांचागत संरचना क्षेत्र में काफी प्रगति की है, पर करोड़ों लोग अभी मूलभूत आवश्यकताओं, जैसे स्वच्छ जल, स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा और रोजगार अवसरों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। परंपरागत सरकारी हस्तक्षेप तथा दान–आधारित माडल प्रभावी होने के बावजूद अक्सर टिकाऊ व व्यापक समाधान देने में विफल रहते हैं। सामाजिक बिजनेस माडल यहीं पर सामने आते हैं और वे बिजनेस तथा सामाजिक दायित्व के बीच खाई पाटते हैं। सामाजिक बिजनेस के क्षेत्रों में स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र महत्वपूर्ण है।

हालांकि यह क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है, पर यहां असमानता बड़े स्तर पर व्याप्त है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लोगों की पहुंच अभी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं तक नहीं है। डा. देवी शेट्टी द्वारा स्थापित सोशल बिजनेस 'नारायणा हेल्थ' जैसे क्षेत्र इस मुद्दे का समाधान जनता को सस्ती व उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्यरक्षा प्रदान कर कर रहे हैं। भारत में शिक्षा क्षेत्र के सामने भी पहुंच, गुणवत्ता तथा सस्ता होने की समस्या खासकर ग्रामीण व हाशियाकृत समुदायों में बनी हुई है। 'टेक फार इंडिया' जैसे सामाजिक उद्यम इस कमी को पूरा करने के लिए गरीब स्कूलों से प्रतिभाशाली लोगों को तैयार करने के प्रयास कर रहे हैं। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी हुई है जो 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या को रोजगार देती है। लेकिन अक्सर छोटे किसानों को बाजारों तक पहुंच, कर्ज तथा टिकाऊ व्यवहारों के मामले में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। 'देहान' जैसे सामाजिक बिजनेस संपूर्ण रूप से कृषि सेवायें दे रहे हैं जिनमें निवेशों का वितरण, फसलों की विविधता और बाजार संपर्क शामिल हैं। वे किसानों का सशक्तीकरण कर उनकी आय बढ़ा रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने की प्रतिबद्धता के रूप में भारत नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान दे रहा है। इस क्षेत्र में सामाजिक बिजनेसों की व्यापक संभावनायें हैं। पर्यावरण–हितैषी व टिकाऊ उत्पादों का विकास सामाजिक बिजनेसों द्वारा किया जा रहा है। इससे शहरों में टिकाऊ फैशन तथा आर्गेनिक उत्पादों का बाजार लगातार बढ़ रहा है। भारत में सामाजिक बिजनेसों को सक्षम बनाने में 'इंपैक्ट इन्वेस्टिंग' की महत्वपूर्ण भूमिका है। परंपरागत वेंचर पूंजीपतियों के उलट 'इंपैक्ट इन्वेस्टर' केवल वित्तीय लाभ प्राप्त करने के बजाय मामन योग्य सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रभाव पर ध्यान देते हैं। 'आविष्कार', 'एक्यूमेन' व 'ओमीड्यार' जैसे नेटवर्क प्रारम्भिक सामाजिक बिजनेसों के लिए महत्वपूर्ण पूंजी देते हैं ताकि वे अपना विस्तार और प्रभाव बढ़ा सकें। भारत सरकार ने समावेशी विकास संचालित करने में सामाजिक बिजनेसों की क्षमता पहचानी है। 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे कार्यक्रम वित्तीय सहायता, संरक्षण तथा कर प्रोत्साहन दे कर अक्सर सामाजिक उद्यमों को बढ़ावा देते हैं। इससे ज्यादा से ज्यादा उद्यमियों को सामाजिक समस्याओं से निपटने में सहायता मिलती है। लेकिन सामाजिक बिजनेसों के समक्ष अनेक समस्यायें भी हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले सामाजिक उद्यमों को अपनी गतिविधियां बढ़ाने के लिए धन प्राप्त करने में संघर्ष करना पड़ता है। परंपरागत वित्तीय संस्थान अक्सर सामाजिक उद्यमों को अत्यधिक जोखिम वाला मानते हैं क्योंकि वे मुनाफा बढ़ाने के बजाय सामाजिक प्रभावों पर ज्यादा ध्यान देते हैं।

सामाजिक बिजनेसों के लिए एक सबसे बड़ी चुनौती वित्तीय टिकाऊपन बनाए रखते हुए अपना प्रभाव बढ़ाना है। अक्सर सामाजिक उद्यम स्थानीय संपर्कों पर अत्यधिक निर्भर होते हैं जिसके कारण वे भिन्न भौगोलिक स्थितियों में अपने प्रयोग आसानी से दुहरा नहीं पाते हैं। सामाजिक बिजनेसों के लिए नियामक ढांचा अभी विकसित हो रहा है। ऐसे में जटिल नौकरशाही प्रक्रियाओं को पार कर आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करना तथा अनेक सरकारी एजेंसियों से व्यवहार करना बहुत अधिक समय की मांग करता है तथा इसमें बहुत खर्च होता है। सामाजिक बिजनेसों को अक्सर स्पष्ट विधिक पहचान न होने का सामना भी करना पड़ता है।

स्मार्टफोन और इंटरनेट कनेक्टिविटी के विस्तार से 'सामाजिक बिजनेसों' को देश के सुदूर क्षेत्रों तथा वंचित जनसंख्या तक पहुंचने में आसानी हुई है। ग्रामीण उद्यमियों को छोटे कर्ज दिलाने से लेकर शिक्षा प्लेटफार्मों तक सामाजिक बिजनेस अपना प्रभाव डाल रहे हैं। इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण सरकारी हस्तक्षेप जनधन–आधार–मोबाइल या 'जेम' है। इसने बैंक खातों को मोबाइल नंबरों और 'आधार' से जोड़ कर वित्तीय समावेशन का महत्वपूर्ण प्रयोग किया है। इस डिजिटल ढांचे ने सामाजिक बिजनेसों को भी सशक्त बनाया है और वे डिजिटल भुगतान, बीमा तथा स्वास्थ्यरक्षा सुविधायें ज्यादा प्रभावशाली रूप से दे सकते हैं। सामाजिक रूप से सचेतन उद्यमियों की नई पीढ़ी विकसित हो रही है जिससे 'सामाजिक बिजनेसों' की संभावना आज पहले के किसी अन्य समय की तुलना में बहुत अधिक हो गई है। कोविड–19 ने भी भारत में सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा दिया है।

# कर्म का चक्र और वैदिक ज्ञान

> श्राद्ध हिंदू/वैदिक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और इन पूर्वजों की ज़रूरतों को पूरा करते हैं। इन दिनों नक्षत्र ऐसे होते हैं कि दूसरे आयामों के द्वार खुल जाते हैं।

**अश्विनी गुरुजी**
(लेखक आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



आत्मा एक भौतिक शरीर में अवतरित होती है जो विभिन्न क्रमपरिवर्तनों और संयोजनों में पाँच तत्वों से बना होता है, जो एक जीवनकाल में किए गए कर्मों के प्रकार के आधार पर जन्म–जन्मांतर में पुनर्जन्म लेता है। कुछ आत्माएं पुनर्जन्म नहीं लेती हैं, या तो इसलिए कि वे अपने लोक (पृथ्वी लोक) के कर्म चक्र से समाप्त हो चुकी हैं या इसलिए कि वे अस्तित्व के एक अलग आयाम में फंसी हुई हैं और मानव शरीर में प्रकट होने में असमर्थ हैं, क्योंकि उनका कर्म संतुलन उन्हें मानव जन्म के लिए पात्र बनाने के लिए पर्याप्त नहीं है। ये आत्माएं या तो ऊर्जा के रूप में निलंबित रहती हैं और उन्हें भूत और आत्माएं कहा जाता है या वे अस्तित्व के एक अलग आयाम में चली जाती हैं जिसे पितृ लोक या पूर्वजों का लोक कहा जाता है। जब तक वे जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्त नहीं हो जाते, तब तक वे अस्तित्व के किसी भी आयाम या स्तर पर हों, उन्हें अपने कर्म संतुलन को संतुलित करने के लिए अपनी संतानों से ऊर्जा की आवश्यकता होती है ताकि वे फिर से पुनर्जन्म ले सकें। श्राद्ध हिंदू/वैदिक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और इन पूर्वजों की ज़रूरतों को पूरा करते हैं। इन दिनों नक्षत्र ऐसे होते हैं कि दूसरे आयामों के द्वार खुल जाते हैं और वे अपने प्रियजनों से मिलने के लिए धरती पर आते हैं। ये पूर्वज अपने बच्चों और नाती–नातिनों पर निर्भर रहते हैं कि वे उनके नाम पर अच्छे कर्म करें और विशिष्ट मंत्रों का जाप करें, ये दोनों ही कार्य आत्माओं को इन अवांछित योनियों या अस्तित्व के स्तरों के बंधनों से मुक्त करते हैं।

परिवार के सदस्यों का मूल कर्तव्य है कि वे अपने प्रियजनों के नाम पर कुछ संस्कार करें और दान–पुण्य करें तथा संरक्षक बनें। वर्तमान युग में देश के युवाओं को वैदिक विज्ञान की शक्ति और प्रभावकारिता तथा वैदिक मंत्रों और अनुष्ठानों के अभूतपूर्व ज्ञान के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसके लिए वर्तमान शिक्षा प्रणाली को दोषी ठहराया जाना चाहिए क्योंकि यह पूरी तरह से औपनिवेशिक आकाओं द्वारा हमारे लिए चुने गए तरीकों पर आधारित है, वे वेदों की शक्ति से भयभीत थे और इसलिए उन्होंने गुरुकुल प्रणाली को नष्ट कर दिया और यह सुनिश्चित किया कि हमें निरर्थक विज्ञान पढ़ाया जाए और अपने लाभ के लिए इतिहास को तोड़–मरोड़ कर पेश किया जाए, जिसका उद्देश्य यह था कि आने वाली पीढ़ियां अपनी संस्कृति में विश्वास खो दें और औपनिवेशिक आकाओं का आँख मूंदकर अनुसरण करें। वे जो चाहते थे उसका परिणाम आज दिखाई दे रहा है। युवा पीढ़ी के लिए जो अब तक सोच रहे होंगे कि यह लेख हिंदुत्व की बू आ रही है और यह काल्पनिक कथा पर आधारित है, मैं इतिहास के कुछ तथ्यों की ओर ध्यान दिलाना चाहूँगा। प्राचीन दुनिया में, लगभग 4000 साल पहले मुख्य संस्कृतियाँ मिस्र, मेसोपोटामिया, रोमन, मायान आदि थीं और निश्चित रूप से हमारी अपनी संस्कृति थी।



हिंदू धर्म और वैदिक विचारों को छोड़कर, वर्तमान समय के किसी भी धर्म या विचारधारा का अस्तित्व नहीं था। सभी संस्कृतियों में प्रचलित दूसरी दुनिया और आत्मा की अन्य आयामों की यात्रा में विश्वास है।

पिरामिड उत्तर–दक्षिण दिशा में संरेखित हैं और उनमें शाफ्ट ओरियन बेल्ट के तीन मुख्य सितारों की ओर इशारा कर रहे हैं, जिसके बारे में आज के वैज्ञानिक कहते हैं कि यह सितारों और मानव उत्पत्ति का जन्मस्थान हो सकता है। पिरामिड बनाने के लिए इतने भारी पत्थरों को स्थानांतरित करने की तकनीक अभी भी मानव जाति के पास उपलब्ध नहीं है। वास्तव में, वैज्ञानिक आज भी इनसे हैरान हैं, वे तब और भी हैरान हो गए जब उन्होंने मोहनजोदड़ो में मानव अवशेषों की हड्डियों में रेडियोधर्मिता की उच्च मात्रा पाई, जो परमाणु विस्फोट का संकेत देती है। 4000 साल पहले जब ये सभ्यताएँ फल–फूल रही थीं, उस समय तीसरा युग या डायपर युग चल रहा था, अगर हम त्रेता युग में वापस जाने की कोशिश करें और रामायण युद्ध में इस्तेमाल किए गए विभिन्न हथियारों के बारे में पढ़ें, तो हमें एहसास होगा कि हमारे पूर्वज सृष्टि के काम करने के तरीके और लोकों और ऊर्जा की दुनिया के रहस्यों को जानते थे।

हिंदू संस्कृति एकमात्र ऐसी संस्कृति है जो अन्य सभी संस्कृतियों से पहले की है और अभी भी सबसे बड़ा प्रचलित धर्म है, इसके मंत्र और अभ्यास बकवास नहीं हैं, बल्कि वे आज के मनुष्यों के लिए एक अत्यधिक उन्नत सभ्यता का उपहार हैं। यही कारण है कि यह आज तक जीवित है।

## आप की बात

### दिल्ली में हलचल

**दिल्ली** में राजनीतिक हलचल तेज है। कौन बनेगा मुख्यमंत्री दिल्ली में चर्चा का विषय बना हुआ है। बेशक इस्तीफा देना मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का एक राजनीतिक दांव हो और विपक्षी नेताओं द्वारा इस्तीफे के समय पर सवाल उठाने भी उचित हों, लेकिन दिल्ली वालों के लिए यह एक अच्छी खबर है कि उनको एक पूर्णकालिक मुख्यमंत्री मिलने जा रहे है। दिल्ली वाले उम्मीद लगा सकते है कि दिल्ली में ऐसे रुके हुए काम तेज गति से होंगे तथा प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी जो अरविंद केजरीवाल तथा उनके मंत्रियों के जेल जाने से प्रभावित हो रही थी। हालांकि, नए मुख्यमंत्री को अपना कामकाज दिखाने के लिए 5 महीने की अवधि नाकाफी है। बारिश के दिनों में दिल्ली में भारी तबाही मची है, करंट लगने से और जल भराव से लोगों की जान गई है। उम्मीद करनी चाहिए कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री उप–राज्यपाल से अच्छे संबंध बना कर राष्ट्रीय राजधानी के सर्वांगीण विकास में जनता का पूर्ण सहयोग प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। अरविंद केजरीवाल से भी उम्मीद करनी चाहिए कि वे दिल्ली में एलजी से लड़ाई करने के बजाय देश में विकास व आर्थिक प्रगति के बारे में आम आदमी पार्टी–आप का दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास करें।

–**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### मोदी की तीसरी पारी

**दस वर्ष** का शानदार कार्यकाल पूरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की तीसरी पारी के 100 दिन पूरे हुए। बिल्लियों के भाग से छींका नहीं टूटा। सभी विपक्षी दलों द्वारा मोदी सरकार के जल्दी ही गिर जाने का बार–बार भ्रम फैलाने के बावजूद नरेन्द्र मोदी ने पूर्ण दृढ़ता के साथ ही 100 दिन में बता दिया के वे बिना किसी दबाव के काम कर रहे हैं और उनका हर एजेंडा पूरा होगा। बेशक अपने दम पर पूर्ण बहुमत में बीजेपी की 26 सीटों की कमी को पूरा करने के लिए उन्हें कुछ समझौते करने पड़े जो कि वर्तमान राजनीतिक हालातो में जरूरी थे। मगर वे सहयोगी दलों के दबाव में नहीं आए और देश के लिए हितकारी श्रेष्ठतम निर्णय लेते रहे। विपक्षी दल अच्छी तरह समझ चुके हैं कि मोदी अपनी दबंग शेली में ही काम करेंगे। आगामी दिनों में कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव सरकार की मजबूत नींव का एक परीक्षण होगा। प्रधानमंत्री मोदी अपने सहयोगी दलों, खासकर जदयू व टीडीपी को राष्ट्रीय विकास के साथ बिहार व आंध्र प्रदेश के विकास के बारे में भलीभांति समझा चुके हैं। भाजपा का दावा है कि उसके सहयोगी दल–एक देश, एक चुनाव के मुद्दे पर सहमत हैं। इस प्रक्रिया की शुरुआत निश्चित रूप से परिवर्तनकारी होगी।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### शिमला में विवाद

**शिमला** में कुछ दिनों से मस्जिद गिराने की मांग का प्रदेश के सियासी दल तथा नागरिक समर्थन कर रहे हैं। यह मस्जिद शासकीय भूमि पर तथा चार मंजिल बनी है जबकि हिमाचल प्रदेश में ढाई मंजिल से अधिक निर्माण पर ही प्रतिबंध है। हालांकि यह मामला कोर्ट में लंबित है, फिर भी सरकार को शीघ्र निर्णय की मांग करनी चाहिए ताकि आंदोलनकारी शांत हो सकें। मंडी क्षेत्र में अवैध मस्जिद को लेकर जारी विरोध के मद्देनजर मस्जिद का कुछ हिस्सा मुस्लिमों ने ढहा दिया है, लेकिन यह केवल लीपापोती वाली कार्रवाई है। इसी कारण मंडी में भी अभी आंदोलन जारी है। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को समय रहते ही कानून–व्यवस्था और शांति बनाने रखने का प्रयास करना होगा। प्रदेश की जनता का आरोप है कि पिछले सालों में अवैध रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या से अशांति बढ़ी है। इससे प्रदेश की जनसंख्या संरचना बदलने के प्रयास हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की घटनायें कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी की भी परीक्षा ले रही हैं कि वह बहुसंख्यक समाज को नाराज न होने दे क्योंकि इसका प्रभाव प्रदेश के साथ ही पूरे देश में कांग्रेस की संभावनाओं पर पड़ सकता है।

– **बी. एल. शर्मा,** उज्जैन

### कश्मीर चुनाव

**कश्मीर** विधानसभा चुनाव देश के अन्य राज्यों के चुनाव से कुछ अलग महत्व के हैं। यहां धारा 370 हटने के बाद एक नया वातावरण पैदा हुआ है जिसमें कश्मीरी जनता ने वर्षों बाद प्रजातंत्र का वास्तविक अर्थ समझा है। आतंकवादियों के जुल्म और वहां के बड़े नेताओं का पाक–परस्त रवैया कश्मीरी जनता अच्छे से समझने लगी है। धारा 370 हटने के बाद कश्मीरी उत्पादों से लेकर जमीन जायदाद की कीमतों में भारी वृद्धि, पर्यटन में भारी वृद्धि, असुरक्षा की भावना समाप्त होने के साथ ही और कई प्रकार के सकारात्मक अनुभव कश्मीरी जनता को प्राप्त हुए हैं। अब इस विधानसभा चुनाव में जनता को अपने जनप्रतिनिधि चुनने तथा इसके बाद उनके साथ प्रदेश के विकास के लिए कामकाज का उन्हें नया अनुभव प्राप्त होगा। दशकों बाद कश्मीरी जनता बिना किसी भय के मतदान करेगी। चुनाव के दौरान पाकिस्तान और आतंकवादी कई तरह की परेशानियां खड़ी करने के प्रयास करेंगे। उम्मीद है कि राज्य में प्रशासन, सुरक्षा बल तथा जनता इन षडयंत्रों को विफल करने और चुनाव में भारी मतदान करने में सफल होगी।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# शून्य से शिखर तक की यात्रा है पीएम मोदी के जीवन का सारः योगी

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

● सीएम ने कहा-राष्ट्र के प्रति अगाध प्रेम और संपूर्ण समर्पण का भाव पीएम मोदी के जीवन का हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम लखनऊ के पटेल पार्क, जीपीओ में उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि शून्य से शिखर की यात्रा प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन का सार है। संघर्षों से आगे बढ़कर उन्होंने अपना मार्ग बनाया है। जीवन की शुचिता, कर्मठता और ईमानदारी उनके जीवन का हिस्सा है। राष्ट्र के प्रति अगाध प्रेम और संपूर्ण समर्पण का भाव उनके जीवन का हिस्सा है। उन्होंने अपना सब कुछ भारत माता के चरणो में समर्पित किया है और इसीलिए पिछले दस वर्ष में हमने भारत को बदलते हुए देखा है। एक भारत जो आज दुनिया की एक बड़ी ताकत के रूप में उभरकर दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा है। एक ऐसा भारत जो अपनी आस्था का भी सम्मान कर रहा है और विकास और विरासत की यात्रा के साथ भारत की 140 करोड़ जनता जनार्दन की आशा और आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है।

सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि विगत दस वर्षों में हमने एक नए भारत का दर्शन किया है और ये नया भारत प्रधानमंत्री मोदी जी जैसे सारथी के नेतृत्व में एक विकसित भारत की संकल्पना के साथ आगे बढ़ रहा हैं। स्वाभाविक रूप से इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी के संघर्षमय जीवन की गाथा को चित्रों के माध्यम से देखने और अवलोकन करने का अवसर हम सबको प्राप्त हो रहा है। इससे पहले, सीएम योगी ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और फिर प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जहां उन्हें पीएम मोदी के जीवन के विभिन्न पहलुओं को देखने का अवसर मिला। प्रदर्शनी में पीएम मोदी के बचपन से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक और प्रधानमंत्री बनने के बाद अब तक उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। प्रातः कालीन सत्र में वाराणसी में अनेक कार्यक्रमों में भाग लेन का अवसर प्राप्त हुआ। वहां रात्रिकालीन से ही मूसलाधार बारिश जारी है, लेकिन कार्यकर्ताओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है। कोई भी प्राकृतिक आपदा हमारे मार्ग में बाधक नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि आज 17 सितंबर है, 25 सितंबर को अंत्योदय एकात्म मानव दर्शन के जनक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती है और 2 अक्तूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पावन जयंती तक चलने वाले इस कार्यक्रम के साथ अनेक रचनात्मक अभियानों के साथ हमें जुड़ना होगा। योगी ने कहा कि स्वच्छता प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने स्वच्छता को महत्व दिया है और इसके लिए हम सबको भी अभियान चलाना होगा। हम सबको भी उसका हिस्सा बनना होगा। स्वच्छता के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन किया गया है और हमारा कर्तव्य है कि प्लास्टिक का उपयोग न करें। जो पर्यावरण के लिए खतरनाक है, स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालता है उस प्लास्टिक को पूरी तरह तिलांजलि दें। स्वयं स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ जब हमारी भी भागीदारी होती है तो वह कार्यक्रम सफलता की नई ऊंचाइयों को छूता है।

# मुख्यमंत्री ने बारिश के बीच नमो प्लागथॉन को दिखाई हरी झंडी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ वाराणसी

● नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता पखवाड़ा 'स्वच्छता ही सेवा' का किया शुभारंभ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बारिश के बीच स्वच्छता पखवाड़ा 'स्वच्छता ही सेवा' का शुभारंभ किया। इसके तहत सीएम ने नमो प्लॉगथान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता वॉलिंटियर्स को भी रवाना किया। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिवस पर यह आयोजन किया गया। सीएम ने स्वच्छता का संदेश देते हुए झोला व 'स्वच्छता ही सेवा' टी-शर्ट भी लोगों को भेंट किया। नमो प्लॉगथान के तहत सैकड़ों वॉलिंटियर्स जोरदार बारिश के बीच जुबां पर 'भारत मां की जय, वंदे मातरम और हाथों में छाता लिए' रैली में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री रवींद्र जायसवाल, महापौर अशोक तिवारी, विधायक नीलकंठ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या आदि शामिल हुए।

# जाति व वादों के आधार पर बांटने वाली राजनीति से नहीं होगा कल्याणः मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर एमएसएमई इकाइयों को वितरित किया 50000 करोड़ का ऋण

● कहा, शांति व सुरक्षा ही है बेहतर भविष्य का आधार जो सुरक्षा में सेंध लगाएगा वह भुगतेगा परिणाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के नवनिर्माण को संकल्पित सीएम योगी ने राज्य की पारंपरिक कलाओं, ओडीओपी समेत विभिन्न सेक्टर्स में कार्यरत हस्तशिल्पियों व कारीगरों की प्रशस्ति की दिशा में एक और 'मील का पत्थर' रखा। मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में विश्वकर्मा श्रम सम्मान व ओडीओपी के अंतर्गत हस्तशिल्पियों व कारीगरों को टूलकिट प्रदान करने के साथ ही एमएसएमई इकाइयों को 50,000 करोड़ का ऋण वितरित किया। कार्यक्रम में हस्तशिल्पियों व कारीगरों के उचित सम्मान के साथ ही प्रदेश की पारंपरिक कला के प्रश्रय देने का नया मार्ग सुनिश्चित हुआ। वहीं, सीएम योगी ने कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया कि जाति व तमाम वादों के आधार पर बांटने की राजनीति से कल्याण नहीं होगा। उनके अनुसार, प्रदेश में शांति व सुरक्षा ही आपके भविष्य को सुधारेगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश की सुरक्षा में जो सेंध लगाने का काम करेगा वह परिणाम भुगतेगा, उसे उल्टा लटकाने का कार्य हम करेंगे। ग्रेटर नोएडा में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 को यूपी के पोटेंशियल को वैश्विक मंच वाला माध्यम करार देते हुए सीएम योगी ने प्रदेश में एमएमएमई कल्चर को और बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार के सुझाव दिए। साथ ही, प्रदेश के में स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए अगले 10 वर्षों में 10 लाख युवाओं को ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराने की बात भी कही।

योगी ने कार्यक्रम में कहा कि आज विश्वकर्मा दिवस व अनंत चतुर्दशी है और नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। उनके अनुसार, यह मेरे लिए महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में शुरू की गई योजनाएं लाखों लोगों को लाभ पहुंचाने के साथ ही आय बढ़ाने का माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक उत्पाद पहले प्रदेश में बंदी की कगार पर थे, लोग पलायन कर रहे थे। जब स्वयं हस्तशिल्पी ही संकट में हो तो रोजगार उत्पन्न कहां से लोगा। दंगों, सरकारी लेट लतीफी के कारण पलायन के अलावा उनके पास चारा नहीं था। सीएम योगी ने जोर देकर कहा कि जब हमारी सरकार बनी तो हमने कमेटी गठित कराई कि पारंपरिक उत्पाद व उद्योग क्या हैं और उनको प्रश्रय देने का कार्य किया गया। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ की जरीदोजी व चाट, मुरादाबाद के पीतल उद्योग, फिरोजाबाद की चूड़ियों, बनारस की साड़ियां व दही जलेबी तथा आगरा के पेठा समेत विभिन्न पारंपरिक उत्पादों के उदाहरण हमारे सामने हैं। सीएम योगी के अनुसार, पचहत्तरों जनपदों में उत्पाद देकर हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना चलाई थी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों यूपी दिवस के दिन ये स्कीम शुरू की गई और पीएम मोदी ने भी इसे सराहा था। उत्तर प्रदेश में विश्वकर्मा श्रम सम्मान की योजना 2019 में शुरू की गई थी जिसके जरिए हस्तशिल्पियों के माध्यम से गांव में ही विभिन्न आजीविकाओं के संरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ। आज की डिमांड के अनुसार उन्हें प्रशिक्षित कर सस्ते दर पर ब्याज उपलब्ध कराकर उसे स्वरोजगार के लिए संबल मिलेगा। सीएम ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि लाखों हस्तशिल्पी इससे प्रभावित हुए हैं और समाज की खुशहाली के लिए कार्य कर रहे हैं। यूपी का जो युवा पहले रोजगार के लिए भागता था, आज उसे अपने जनपद में ही अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। सीएम योगी के अनुसार इसमें बैंकर्स की भी बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि यूपी का पैसा यूपी के विकास व युवाओं के रोजगार के लिए खर्च हो रहा है। उन्होंने कहा कि ओडीओपी के अंतर्गत कोई भी उद्यम लगाएगा तो 1000 दिन तक एनओसी की आवश्यकता नहीं है। हमने व्यवस्था की कि जो भी इस प्रकार के उद्योग लगेंगे वह एमएसएमई में रजिस्ट्रेशन कराएं और उसे पांच लाख रुपए की सुरक्षा बीमा का कवर देंगे। युवा उद्यमी के रूप में एक नई स्कीम आने जा रही है। पहले चरण में पांच लाख और दूसरे चरण में 10 लाख का लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत कुल 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। योगी ने कहा कि आज न दंगाइयों का पता है और न दंगों का पता है। वह बोले, आज आम नागरिक सुरक्षित हैं मगर उनके आका परेशान हैं। ये लोग आपके रोजगार को ठोकर मारकर वह अपनी रोटियां सेकते थे। उन्होंने कहा कि हमें मानना होगा सुरक्षा भविष्य की पहली आवश्यकता है। पर्व त्योहार व सभी कार्यक्रम सुरक्षित तरीके से मनाए जाएं ये हमारी प्राथमिकता है। पहले की सरकारें लूटो और अपना पेट भरो तक ही सीमित थी। इसी से उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट उत्पन्न हुआ। किसान आत्महत्या करते थे, युवा पलायन करते थे, गरीब भूखे मरते थे, उद्यमी और बेटी सुरक्षा की गुहार लगाते थे ऐसा दृश्य दिखता था। मगर, आज उत्तर प्रदेश का और प्रदेशवासियों का सम्मान बढ़ा है।

योगी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा इस संसार के शिल्पी हैं और इसीलिए इस दिन हमें हस्तशिल्पी व कारीगरों का सम्मान व टूलकिट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। ऐसे ही कार्यक्रम हर जनपद में होना चाहिए। उनके अनुसार, इसके लिए टाइम टेबल तय होना चाहिए। एक वर्ष के अंदर पूरे प्रदेश के हर जनपद के कारीगरों को प्रशिक्षण देने के साथ, कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर बने, पीपीपी मोड से अवगत कराएं और उसकी ब्रांडिंग को लेकर ट्रेनिंग दें। उन्होंने प्रतिदिन हस्तशिल्पियों को मानदेय देने का सुझाव दिया और फिर बड़े स्तर पर लोन मेला आयोजित कराकर लोन देने की अनुशंसा की जिसमें गारंटी सरकार की होगी।

# भाजपा ने प्रदेशभर में शुरू किया सेवा पखवाड़ा

● पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया और रक्तदान शिविर लगाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विश्व** के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार से भारतीय जनता पार्टी का प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा शुरू हुआ। सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत मंगलवार को पूरे प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया और रक्तदान शिविर लगाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने लखनऊ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक एवं में स्वच्छता अभियान एवं रक्तदान शिविर में प्रतिभागिता की। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत मंगलवार को जिलास्तर पर आयोजित स्वच्छता के कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने अपने प्रभार के जनपदों में अभियान के तहत प्रतिभागिता की। पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक व अन्य प्रमुख नेता भी स्वच्छता अभियान में सम्मिलित हुए। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लखनऊ में लगाई गई। प्रदर्शनी का उदघाट्न मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह व देवेश कोरी, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, बसन्त त्यागी, अर्चना मिश्रा व मीना चौबे उपस्थित रहे। राजधानी लखनऊ में डालीगंज बाजार में स्वच्छता अभियान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संपूर्ण जीवन समाज के पिछड़े, दलित और वंचित तबके के लिए समर्पित है। उन्होंने भारतीय संस्कृति, सभ्यता के प्रति गौरव बोध को और भी पुष्पित-पल्लवित करने का काम किया है। गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति के उत्थान एवं स्वावलंबन के लिए किए गये उनके कार्य अनुकरणीय हैं। उनके जन्मदिन को भाजपा सेवा पखवाड़े के रूप में पूरे भारत में मना रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा भारत को सशक्त और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ भारत के विकास, सुरक्षा और गरीबों के लिए समर्पित सरकार को नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ काम कर रहे है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आवाह्न किया कि वे 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए जनसेवा के कार्यो में सहभागी बने।

# मुख्यमंत्री ने रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ, वितरित किए फल

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिवस पर कई आयोजनों में शामिल हुए योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ वाराणसी




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ वाराणसी के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने मरीजों को फल भी वितरित किया। योगी आदित्यनाथ ने काल भैरव मंदिर और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-हवन पूजन करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना भी की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की तरफ से 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। शिव प्रसाद गुप्त मडलीय चिकित्सालय कबीरचौरा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर योगी आदित्यनाथ ने अस्पताल के अस्थि रोग विभाग के महिला वार्ड में मरीजों को फल वितरित किया। मुख्यमंत्री ने सभी का हालचाल भी जाना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट जाते समय हरहुआ स्थित शंकर नेत्रालय का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने यहां के कार्यों, व्यवस्था आदि की जानकारी ली।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व का भारत पर भरोसा मजबूत हुआः भूपेन्द्र चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74वाँ जन्मदिन पूरा भारत मना रहा है। मोदी देश के इतिहास में पहले ऐसे ग़ैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं जिन्हें जनता ने लगातार तीसरी बार देश की बागडोर सौंपी है। उन्होंने कहा कि यह इसलिए भी संभव हुआ है कि मोदी के नाम का दूसरा पर्याय भरोसा बन गया है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने यह बात मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि देशवासियों को मोदी की नीतियों और कार्यों पर विश्वास है। उनके वादे उनकी गारंटी हैं, वे जो कहते हैं उसे पूरा करके दिखाते भी हैं। वे भारत के इकलौते ऐसे नेता हैं जो पिछले 22 वर्षों से लगातार जनसेवा और जन सरोकारों से जुड़े हुए हैं। 12 वर्षों तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात को उन्होंने न केवल वाइब्रेंट बनाया बल्कि उसे भारत की दूसरी आर्थिक राजधानी के रूप में भी विकसित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार का पिछले 10 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों की सेवा और वंचितों का सम्मान केन्द्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व का भारत पर भरोसा मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार दलितों, वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने, संवैधानिक अधिकार, समाजिक न्याय और सभी को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। अपने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में मोदी सरकार ने 15 लाख करोड़ की योजनाएं शुरू कीं, टैक्स राहत दी और किसानों के खाते में 3 लाख करोड़ रुपए पहुंचाने का काम किया है। आज देश की आंतरिक सुरक्षा और बाहरी सुरक्षा मजबूत है। इकॉनमी सभी 14 पैमानों पर खरी उतरी है। आज हमारी इकॉनमी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री को पिछले 10 साल में दुनियाभर से अलग-अलग राष्ट्रों ने अपने देश का सर्वोच्च सम्मान दिया। लगातार भारत के विकास, सुरक्षा और गरीबों को समर्पित सरकार चलाने के बाद तीसरी बार भाजपा को सरकार बनाने का जनादेश मिला। 60 साल बाद देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है। शिक्षा में पुरातन प्रणाली को समाहित कर नई शिक्षा नीति लाए हैं। मेक इन इंडिया आज पूरी दुनिया में उत्पादन का सबसे चहेता केंद्र है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया को दुनिया के कई देश समझना चाहते हैं और अपनाना चाहते हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्ज्वल है।

# बुलडोजर अन्याय का प्रतीक हो सकता है न्याय का नहींः अखिलेश

● सुप्रीम कोर्ट को बधाई देने के साथ ही कहा, अब हमेशा के लिए बंद हो जाएगी बुलडोजर कारवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि बुलडोजर कार्रवाई असंवैधानिक है। हम सुप्रीम कोर्ट को बधाई देते है। आभार प्रकट करते है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उम्मीद है कि बुलडोजर कारवाई हमेशा के लिए बंद हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बुलडोजर अन्याय का प्रतीक हो सकता है, न्याय का प्रतीक नहीं हो सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि न्याय के सर्वोच्च आदेश ने बुलडोजर को ही नहीं, बल्कि बुलडोजर का दुरूपयोग करने वालों की विध्वंसक राजनीति को भी किनारे लगा दिया है। आज बुलडोजर के पहिए खुल गए है और स्टीयरिंग हत्थे से उखड़ गया हैं ये उनके लिए पहचान का संकट है जिन्होंने बुलडोजर को अपना प्रतीक बना लिया था। यादव ने कहा कि अब न बुलडोजर चल पाएगा, न उसको चलवाने वाले दोनों के लिए ही पार्किंग का समय आ गया है। आज बुलडोजरी सोच का ही ध्वस्तीकरण हो गया है। अब क्या वे बुलडोजर का भी नाम बदल कर उसका दुरुपयोग करेंगे? दरअसल ये जनता का सवाल नहीं, एक बड़ी आशंका है। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में बुलडोजर की कार्रवाई न्याय नहीं हो सकता है। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर कार्रवाई की कई ऐसी घटनाएं हुई हैं। जब कभी न्यायालय उन पर विचार करेगा तो उस पर सरकार के खिलाफ कार्रवाई होगी क्योंकि प्रदेश सरकार ने जानबूझकर, लोगों को डराने के लिए जबरदस्ती बुलडोजर चलाया है।

# राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वालों पर हो सख्त कार्रवाईः आराधना मिश्रा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● कांग्रेस नेता ने कहा जनता का विश्वास खो चुकी है राज्य सरकार

**कांग्रेस** की नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने ध्वस्त कानून व्यवस्था एवं पुलिसिया उत्पीड़न के मुद्दे पर सरकार को घेरा और प्रदेश की भाजपा सरकार अपराधियों में भेद-भाव करने जाति और धर्म देखकर कार्यवाही करने व महिला अपराध करने वाले अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और प्रदेश सरकार द्वारा अपराध को रोक पाने में विफल रहने की बात कही। आराधना मिश्रा मंगलवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। आराधना मिश्रा ने कहा कि योगी सरकार जनता का विश्वास एवं अपराधियों में भय दोनों खो चुकी है। पिछले 7 साल से सत्ता में काबिज योगी आदित्यनाथ जी हमेशा जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं। आत्ममुग्ध होकर खुद ही हर मंच से कानून व्यवस्था पर अपनी तारीफ करते नज़र आते रहते हैं मगर सच्चाई इसके विपरीत है। सरकारी मशीनरी का अपराधियों और अपराध को समाप्त करने को लेकर ईमानदार नीयत न होने के कारण पूरे देश में जो महिलाओं के विरुद्ध जो अपराध दर्ज हो रहे है उनमें से 25 प्रतिशत अपराध अकेले उत्तर प्रदेश से हैं, गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के 65,743 अपराध दर्ज हुए, जो अन्य किसी राज्य की तुलना में सर्वाधिक है। जिनमें जघन्य, बलात्कार और बलात्कार के प्रयास, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, साइबर अपराध, पीछा करना जैसे अपराधों की देश भर में वर्ष 2023 में कुल 28,811 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 16,109 शिकायतें अकेले उत्तर प्रदेश से थी, जो सभी राज्यों में सबसे अधिक थीं।

# अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राजनीतिक पैंतरेबाजीः मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा देने को राजनीतिक पैंतरेबाजी करार दिया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का यह फैसला जनहित और जनकल्याण से दूर एक चुनावी चाल है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के इतने लंबे समय तक जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता ने जो अनगिनत असुविधाएं व समस्याएं झेलीं हैं उसका हिसाब कौन देगा। मंगलवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि अरविन्द केजरीवाल द्वारा दिल्ली के सीएम पद से अब इस्तीफा देना वास्तव में जनहित/जनकल्याण से दूर इनकी चुनावी चाल व राजनीतिक पैंतरेबाजी, किन्तु उनके लम्बे समय तक जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता ने जो अनगिनत असुविधाएं व समस्याएं झेलीं हैं उसका क्या? उसका हिसाब कौन देगा? मायावती ने आगे लिखा कि सत्ता व विपक्ष के बीच राजनीतिक लड़ाई शत्रुता स्तर तक कटू नहीं हो तो बेहतर ताकि उससे देश व जनहित प्रभावित ना हो।

# भारतीय हॉकी टीम की ऐतिहासिक विजय पर योगी ने दी बधाई

**लखनऊ।** सीएम योगी ने एशियन चैंपियंस हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम की ऐतिहासिक विजय को अदभुत और असाधारण करार देते हुए पूरी टीम को बधाई दी है। सीएम योगी ने एक्स पर इंडिया हॉकी टीम को मेंशन करते हुए लिखा, 'अद्भुत, असाधारण, अतुल्य..., भारतीय हॉकी टीम को पांचवीं बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की हार्दिक बधाई। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर समूचा भारत आह्लादित है। इतिहास रचने वाली भारतीय टीम के हर सदस्य का अभिनंदन। नव इतिहास गढ़ते रहें...जय हिंद।' उल्लेखनीय है कि एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारतीय हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से हराकर पांचवीं बार खिताब अपने नाम किया है। भारत के लिए एकमात्र गोल जुगराज सिंह ने किया।

# यूपी में गोवा, केरल समेत अन्य राज्यों की तरह शुरू होगा वाटर स्पोर्ट्सः जयवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग निगम में भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण को पत्र लिखकर गोवा और केरल की तर्ज पर रोमांचक जल भ्रमण कराने की तैयारी कर रहा है। पर्यटन विभाग ने अयोध्या, काशी और मथुरा में ओपेन कैटामारन बोट संचालन का निर्णय लिया है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण से 6 कैटामारन बोट उपलब्ध कराने के लिए समझौता किया गया है। पर्यटन एवं मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि समझौते के तहत अयोध्या, काशी, मथुरा में 2-2 बोट का संचालन किया जायेगा। अब तक अयोध्या और काशी में एक जैसे कैटामारन बोट की आपूर्ति की जा चुकी है। इस बोट में 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

# खीरी पहुंचे मंत्री, विश्वकर्मा पूजन कर लाभार्थियों को दी योजनाओं की सौगातें

- पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को स्वीकृति, गृह प्रवेश हेतु चाबी का किया वितरण
- पीएम के व्यक्तित्व, कृतित्व पर लगी प्रदर्शनी, मंत्री ने किया शुभारंभ
- प्रभारी मंत्री ने दिलाया स्वच्छता का संकल्प
- मंत्री ने स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का शुभारंभ, स्वच्छता रैली को दिखाई हरी झंडी



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को जिले के प्रभारी मंत्री और राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्धए आबकारी एवं मद्य निषेध विभागए उप्र नितिन अग्रवाल अपने निर्धारित दो दिवसीय कार्यक्रम पर जनपद खीरी पहुंचेए जहां उनके जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुष्पगुच्छ देकर उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया। सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियोंए अफसरो संग माण् पीएम नरेंद्र मोदी के कृतित्वए व्यक्तित्व पर लगी चित्र प्रदर्शनी का फीताकाट कर शुभारंभ करते हुए अवलोकन किया। थारू जनजाति की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पुष्प वर्षा कर प्रभारी मंत्री का स्वागत व अभिनंदन किया। कलेक्ट्रेट में निर्माण व सृजन के अधिष्ठाता, देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पावन जयंती के उपलक्ष्य में दीप प्रज्वलन, पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विभिन्न लाभकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं की लाभ प्रदान कर सम्मानित किया। मौजूद जनप्रतिनिधियों, अफसरो, लाभार्थियों एवं आमजन को स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया। पीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की कृपा सभी पर बनी रहे, सभी के जीवन में सुख, शांति व समृद्धि का वास हो, यही प्रार्थना है। पीएम की प्रेरणा से देशभर में स्वच्छता अभियान के जरिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। आज यह जनादोलन के रूप में परिवर्तित हो चुका है। सजग रहकर अपने घरए मोहल्ले, शहर को साफ रखें। जीवन में स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता जरूरी है। मुझे खुशी है कि पीएम, सीएम की प्रेरणा से आज विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत लाभार्थियों को उनके हुनर के हिसाब से टूलकिट वितरित की जा रही। हुनर की धरोहर जरूरी है, आने वाली पीढ़ी को कलाओं हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भारत कला के जरिए विश्वपटल पर अपनी नई पहचान बना रहा। प्रदेश में 50 लाख से ज्यादा परिवारों को पीएम आवास से जोड़ने का काम किया। उन्हें पीएम सम्मान निधिए आयुष्मान कार्ड सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया।

सरकार ने वंचितए शोषित वर्ग एवं अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तिओ को लाभकारी योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन को सरल बनाने का काम किया है। थारू समाज एक संघर्षशील समाज है। प्रदेश सरकार ने बलरामपुर जिले में थारू समाज की कला को प्रोत्साहित करने के लिए म्यूजियम बनाया हैए ताकि प्रदेश, देश और विश्व उनकी संस्कृति जान सके। उन्होंने थारू समाज के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। हकदारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी सरकार संकल्पित होकर काम कर रही। कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थीए योगेश वर्माए जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त रखें।

### प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों को योजनाओं की सौगातें

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों, अफसरो की मौजूदगी में ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान के 26 लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की। माटीकलां टूल किट्स वितरण रोजगार योजना के पांच केलाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक का वितरण किया। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के 20 लाभार्थियों को चाबी व स्वीकृत पत्र प्रदान किया। जनजाति क्षेत्र में संचालित कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी कंप्यूटर ट्रेड के 02, ब्यूटीशियन, टेलरिंग, हैंडीक्राफ्ट और एंब्रॉयडरी ट्रेड की एक. एक प्रशिक्षार्थियों को टूलकिट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों को किट वितरण भी किया। पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### मंत्री ने स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ, स्वच्छता रैली को दिखाई हरी झंडी किया रवाना

इसके बाद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने स्वभाव स्वच्छता.संस्कार स्वच्छता की थीम पर आधारित स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का कलेक्ट्रेट से शुभारंभ किया। उन्होंने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, नपाप अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव, डीएम, एसपी, सीडीओ संग स्वच्छता रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

# प्रभारी मंत्री ने की कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश

- थाना व तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का करायें समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण
- अभियान चलाकर ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में करायें साफ सफाई, एन्टीलार्वा का छिड़काव
- मंत्री ने जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का फीता काटकर किया शुभारम्भ




**कानपुर देहात।** मंत्री, मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश/प्रभारी मंत्री, डा. संजय कुमार निषाद जी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार कक्ष में जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्लाए जिलाधिकारी आलोक सिंहए पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन और समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में की गयी। बैठक में मंत्री जी द्वारा सीएम डैस बोर्ड में प्रदर्शित विकास कार्यो व निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। उन्होंने विद्युत विभाग को रोस्टर के अनुरूप शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियां से प्राप्त होने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जायेए विद्युत बिल से सम्बन्धित समस्याओं का कैम्प लगाकर समाधान किया जाये। मंत्री जी ने किसान सम्मान निधिए फसल बीमा योजनाए पीएम कुसुम योजना के तहत लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत लाभार्थियों को योजना का लाभ देने के निर्देश दिये। मंत्री जी ने अभियान चलाकर सड़कों के गढ्ढों को भराने व जल जीवन मिशन के तहत क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन विभाग अन्तर्गत करायें जा रहे कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों के सभी सार्वजनिक स्थलोंए स्कूलोंए धार्मिक स्थलों आदि पर अभियान चलाकर साफसफाई करायें जाने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान मंत्री जी ने कहा कि जिन विभागों से सम्बन्धित योजनाऐं सीएडीईई, श्रेणी में है, उन पर विशेष प्रयास कर उन्हें ए श्रेणी में लाया जाये, सभी विभाग समयान्तर्गत अद्यतन आकड़ों को पोर्टल पर फीड करायें।

उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करायें जाने के साथ ही बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार हेतु विशेष प्रयास किये जाने के निर्देश दिये। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा कि शासन के मंशानुरूप सभी व्यवस्थाऐं दुरूस्त की जाये, थाने व तहसील दिवस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का टीम बनाकर मौके पर भेजकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार.प्रसार कराया जायेए योजनाओं से बिना भेदभाव आमजन को लाभान्वित किया जाये।

आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाये। इस अवसर जिलाधिकारी ने कहा कि मंत्री जी द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। सभी अधिकारियों को मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्यो को पूर्ण करानें के निर्देश दिये। तत्पश्चात मंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के अवसर पर जिला चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। मंत्री जी द्वारा रक्तदान कर रहे लोगों का उत्साह वर्धन किया गया व आमजन से अपील की गयी कि रक्तदान शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रतिभाग करें। बैठक में जनप्रतिनिधिगण, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता, सीएमओ डा. एके सिंह, परियोजना निदेशक वीरेन्द्र सिंह, डीएफओ एके द्विवेदी, उप निदेशक कृषि रामबचन राम, डीएसटीओ प्रतिभा सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंत्री ने स्वच्छता ही सेवा अभियान को दिखाई हरी झंडी

- विभिन्न कार्यक्रमों में भाजपाइयों व प्रशासन के साथ हुए शरीक
- श्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करके परिसर में स्वयं लगाई झाडू



**फतेहपुर।** प्रभारी/राज्यमंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, अजीत सिंह पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले स्वच्छता अभियान की रैली व स्वच्छता वाहन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ पर स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान स्वभाव स्वच्छतादूसंस्कार स्वच्छता की थीम पर मनाया गया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ होकर, पटेल नगर चौराहा से पत्थरकटा होते हुए नगर पालिका परिषद से श्रीबांके बिहारी मन्दिर में समाप्त हुई। रैली में सफाई मित्र सभी रोगों की बस एक ही दवाई, घर में रखो साफसफाई, मन में रखो एक ही सपना स्वच्छ बनाना अपना भारत, हम सबका एक ही नारा साफसुथरा हो देश हमारा, बापू का घरदृघर पहुंचे संदेश स्वच्छ और सुन्दर हो अपना देश आदि के नारे की तख्तियां लेकर नारे के साथ आगे बढ़ रहे थे। इन सबका मकसद एक ही है कि हमारे आस पास साफसफाई हो व स्वच्छ वातावरण रहे, के लिए नागरिकों को जागरूक कर रहे थे।

श्रीबांके बिहारी मन्दिर में प्रभारी मंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष, डीएम व जनप्रतिनिधियों ने दर्शन पूजन किया साथ ही परिसर में स्वयं झाडू लगा जनपदवासियों को स्वच्छता का सन्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने महोगनी, भाजपा जिलाध्यक्ष ने कचनार, जिलाधिकारी ने पाखर, सीडीओ पवन कुमार मीना ने महोगनी, अपर डीएम (वित्त/राजस्व), एडीएम न्यायिक ने भी पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। साथ ही सफाई मित्रों को सुरक्षा किट का वितरण, पीएम स्वानिधि के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया। मन्दिर परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य कैम्प में सफाई मित्रों का स्वास्थ्य चेकअप किया गया।

## क्विक न्यूज

### रिटायर्ड विद्युत कर्मी की डग्गामार बस से गिरकर मौत

**फर्रुखाबाद।** बस से पत्नी के साथ आये रिटायर्ड बिजली कर्मी की डग्गामार बस से गिरकर मौत हो गयी। पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर जाँच की। पुलिस नें एक बस हेल्पर को दबोच लिया है।जनपद कन्नौज के कुंअरपुर बनवारी विशुनगढ़ रोड़ छिबरामऊ कन्नौज निवासी 82 वर्षीय सीताराम दिवाकर रिटायर्ड बिजली कर्मी थे। वह मंगलवार को अपनी पत्नी रामबेटी के साथ डग्गामार बस से कोतवाली फतेहगढ़ के नेकपुर पुल के ऊपर पंहुचे बस से उतरने के दौरान बस कर्मियों की लापरवाही से वह पुल पर ही गिर गये जिससे सीताराम की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार, कर्नलगंज चौकी प्रभारी जगदीश वर्मा, सेंट्रल जेल चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार मौके पर पंहुचे और शव को कब्जे में ले लिया। मृतक सीताराम की पत्नी रामबेटी नें बताया कि वह लोग लखनऊ अपने बेटों के पास जा रहे थे। पुलिस नें बस के एक हेल्पर को पकड़ लिया और कोतवाली ले गयी। मृतक के पास मिले अभिलेखों से मिले नंबर से उनके परिजनों को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

### पीएम आवास योजना में 50 लाभार्थियों को चाबी सौपी

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ.वीके.सिंह की अध्यक्षता में माननीय प्रधान मंत्री के जन्मदिन के अवसर पर प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों का ग्रह प्रवेश कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी के 50 लाभार्थियों को चाभी और प्रमाण पत्र वितरित किए गये,नगर पालिका फर्रुखाबाद के कुल 610 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से ग्रह प्रवेश कराया गया, साथ ही माननीय प्रधान मंत्री द्वारा वर्चुअल तरीके से प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का भी ऐलान किया गया।

### नहर में मिला शव, इलाके में फैली सनसनी

**बकेवर फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई में रामगंगा नहर से मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव को संदिग्ध हालत में नहर में तैरता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने आशंका जताई है कि यह व्यक्ति कई दिनों से लापता हो सकता है। बकेवर थाना प्रभारी कांती सिंह ने बताया कि शव कानपुर नगर की दिशा से बहकर आया है, और उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वृद्ध महिला की मोटर साइकिल की टक्कर से मौत

**फर्रुखाबाद।** मोटर साइकिल की जोरदार टक्कर लगने से वृद्धा शांति देवी की मौत हो गई। कोतवाली कायमगंज के ग्राम नगला निधि निवासी अमर सिंह की 55 वर्षीय पत्नी शांती देवी राशन लेने जा रही थी। जब वह दोपहर के समय गांव के मोड़ से गुजर रही थी उसी समय ग्राम मदारपुर निवासी मानसिंह के 17 वर्षीय बेटे गौरव ने शांती देवी को मोटर साइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला का पैर टूट गया, अस्पताल जाने पर डॉक्टर जितेंद्र ने महिला को रेफर कर दिया रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज, शमसुद्दीन प्रधान, ईश्वर दयाल उर्फगुड्डू यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक की टक्कर से राशन लेने जा रही महिला की मौत

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव विधि नगला निवासी शांति देवी (55) पत्नी अनार सिंह अपनी बहु रामा तथा मीरा के साथ क्षेत्र के गांव न्यामतपुर सरकारी राशन की दुकान से राशन लेने जा रही थी तभी रास्ते मे सड़क पार करते समय अलीगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टकरा गई। टक्कर लगते ही महिला गंभीर घायल हो गई परिजन सीएचसी लाये जहाँ डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक इलाज के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन अस्पताल परिसर मे ही महिला की मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया मृतिका के 6 बच्चे है।

### अधेड़ ने पिया कीटनाशक हालत गंभीर

कायमगंज फर्रुखाबाद। नगर के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी रामवीर उर्फमुन्ना (45) ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया गंभीर हालत मे परिजन सीएचसी लाये जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### युवक को जहरीले कीड़े ने काटा हालत गंभीर

कायमगंज फर्रुखाबाद। कम्पिल क्षेत्र के गांव राईपुर चिनहटपुर निवासी सतेंद्र (18) को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लाये जहाँ उसका इलाज हुआ।

## ईओ ने आर आर आर वाहन को झण्डी दिखाकर रवाना किया

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** स्थानीय नगर पालिका परिषद में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिवस पर आर आर आर ऑन व्हील्स की कॉन्सेप्ट पर प्रचार वाहन को अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सभासदों व प्रतिनिधियों व कर्मचारियों द्वारा पालिका कार्यालय से बाईपास तक प्लॉग रन कर नागरिकों को स्वच्छता के लिये जागरूक किया गया। अधिसाषी अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा एक राष्ट्रव्यापी अभियान का आज शुभारंभ भी किया जा रहा है स्वभाव, स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत तीन प्रमुख बिंदुओं पर अभियान चलाया जाएगा। प्रथम बिंदु स्वच्छता की भागीदारी, द्वितीय बिंदु श्रमदान के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता तथा संपूर्ण लक्षित इकाई के अंतर्गत ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर विशेष सफाई की जानी तृतीय बिंदु सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आदि का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाना है।

# जिले में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

- हवन पूजन कर आयोजकों ने किया कार्यक्रम का शुभारम्भ

**संवाददाता।** कन्नौज


जयंती समारोह में मौजूद जनप्रतिनिधि।

**मंगलवार** को समाजवादी पार्टी कार्यालय में भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती पर सपाध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा जिलाध्यक्ष अरूण कुमार शर्मा के संयोजन में विश्वकर्मा भगवान के चित्र पर पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, बउअन तिवारी, शंकर शर्मा ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस दौरान उन्होनें कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के सबसे बड़े वास्तुकार थे। इस अवसर पर आनंद बाबू यादव, अरुण यादव, यश दोहरे, अंशू पाल, पीपी बघेल, योगेश शर्मा, मनी गुप्ता, हिमांशु शर्मा, आकाश शर्मा, रामगोपाल शर्मा, गोविंद शर्मा, नीरज शर्मा, गौरव शर्मा, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे। उधर गुरसहायगंज तिर्वारोड स्थित एक गेस्ट हाउस में भाजपा नेता दीपू शर्मा के संयोजन में भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय नें हवन पूजन कर भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके पश्चात मेधावी विद्यार्थियों रौनक शर्मा, सान्या शर्मा, कनक शर्मा, योगेंद्र शर्मा, अनमोल शर्मा, आदर्श शर्मा, आर्यन शर्मा को शील्ड प्रदान कर पुरूस्कृत करनें के उपरान्त कहा कि देवताओं में भी विश्वकर्मा को देव शिल्पी के रूप से जाना जाता था। उन्हें सिर्फसमाज का ही नहीं बल्कि पूरी सृष्टि का निर्माता माना जाता है। इस दौरान पीडी विश्वकर्मा, आरबी शर्मा, प्रधान तोताराम शर्मा, अहिबरन शर्मा, रामदास शर्मा, सभासद सौरभ शर्मा, प्रमोद शर्मा, जीतू शर्मा, आदेश शर्मा, हिमाचल शर्मा, सुभाष शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, अशोक शर्मा, विनोद शर्मा, मोनू शर्मा, उमेश शर्मा, मुकेश शर्मा, नरेश शर्मा, राम प्रकाश शर्मा, आलोक झा मौजूद रहे।

## मंत्री ने स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के शुभारंभ पर झाडू लगाकर किया श्रमदान

**कानपुर देहात।** मंत्री, मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश/प्रभारी मंत्री, डा. संजय कुमार निषाद जी ने स्वच्छता ही सेवा, स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के शुभारंभ के अवसर पर अकबरपुर तहसील अन्तर्गत धराऊ मलिनबस्ती में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मंत्री जी ने जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला व अन्य जनप्रतिनिधिगणों, जिलाधिकारी आलोक सिंह, पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एनस के साथ बस्ती में झाडू लगा श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश लोगों को दिया। मंत्री जी ने स्वच्छता कर्मियों के साथ बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा उनका उत्साहवर्धन किया।



इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री जी ने सर्वप्रथम प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन की शुभकामनायें देते हुए कहा कि ंधानमंत्री जी का स्वच्छ भारत मिशन योजना एक महत्वाकांक्षी योजना हैए स्वच्छ भारत ही स्वस्थ्य भारत का सपना साकार कर सकता है। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलेगा, इसके अन्तर्गत गांव, नगरों, शहरोंए कस्बों में अभियान चलाकर साफ सफाईए झाड़ियों की कटाई, एन्टीलार्वा छिड़काव किया जायेगा। आमजन से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़.चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभायें। मंत्री जी ने कहा कि स्वच्छता हमारें संस्कार में होनी चाहिए, हम स्वच्छ रहेंगे तो स्वस्थ्य भी रहेंगे। शासन की हर घर जल योजना महत्वपूर्ण योजना हैए शासन का उद्देश्य है कि सभी नागरिकों को स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित होए जिसके तरफहमारी सरकार आगे बढ़ रही है।

# पौराणिक एवं ऐतिहासिक झण्डा मेला में उमड़ा सैलाब

- पूर्व चेयरमैन के नेतृत्व में निकली महावीर जी झण्डों की शोभायात्रा


मंगल बाज़ार से निकलती झण्डों की शोभायात्रा

**संडीला (हरदोई)।** भादौ मास के अंतिम मंगलवार को होने वाले श्री महावीर जी झण्डा मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। लोगों ने स्थान.स्थान पर झण्डों की शोभा यात्रा का स्वागत किया। श्री महावीर जी झण्डा मेला के दौरान निकलने वाले श्री महावीर जी के प्राचीन झण्डों की शोभा यात्रा से पूर्व सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में मुख्य यजमान के तौर पर नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन तथा झण्डा मेला कमेटी के अध्यक्ष शैलेशनाथ अग्निहोत्री ने सपत्नीक मुख्य यजमान की भूमिका का निर्वाह किया और इसके बाद झण्डों की शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। यह शोभायात्रा शोराकोठी होते हुए जब मंगल बाजार से गुजरी तो भाजपा लोकसभा सहप्रभारी रहे अतुल तिवारी के नेतृत्व में शानदार स्वागत किया गया। इसके बाद झण्डों की शोभायात्रा मुरारेश्वर मंदिर पहुंची जहां से अल्प विश्राम के बाद पुलिस चौकी से होकर मोहल्ला गुदड़ी स्थित रानी जी के मंदिर पहुंची। यहां इस शोभायात्रा का जोरदार स्वागत हुआ। इसके बाद यह दरगाह रोड होते हुए इमलियाबाग पहुंची और यहीं पर दूर.दूर से आए बड़ी संख्या में झण्डों की एक बड़ी शोभायात्रा का आयोजन शुरू हुआ। इस भव्य शोभायात्रा का नेतृत्व शैलेश अग्निहोत्री कर रहे थे। छोटे चौराहे पर झण्डों की शोभायात्रा का फूलमालाओं से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। यह शोभायात्रा नगर के मुख्यमार्ग से होती हुई अपने विश्राम स्थल पर पहुंची। श्री महावीर जी झण्डा मेला क्षेत्र में सांप्रदायिक एकता की बेहतरीन मिसाल है और इसमें बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्गों और संप्रदायों के लोग हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग करते हैं और यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। श्री महावीर जी झण्डा मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी पूरी तौर पर मुस्तैद रहे। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने स्वंय अपने निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी और झण्डा मेला मार्ग का स्वंय गश्त किया। इसके अलावा झण्डा मेला के दौरान जगह.जगह पर पुलिसकर्मी मौजूद रहे तथा कई स्थानों पर ऊंचे भवरों से वीडिया रिकॉर्डिंग भी होती रही।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे प्रभारी मंत्री, जानी कुशलता, दिया भरोसा

**लखीमपुर।** प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने तहसील सदर व ब्लॉक फूलबेहड क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त गांव गूम पिपरा पहुंचकर ग्रामीणों से उनकी कुशलता जानते हुए सरकार से प्रदान की जाने वाली मदद के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने मदद मिलने की पुष्टि की। ग्रामीणों ने बाढ़ के बाद शारदा नदी की सिल्ट सफाई की मांग की। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंत्री के समक्ष डूबक्षेत्र की वर्णित परिस्थितियों को रेखांकित किया। खाद्यान्न किट में 28 आइटम शामिल हैं, जिनका वितरण प्रभावित परिवारों को किया जा रहा है। एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह ने तहसील क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों और प्रभावित क्षेत्रों में प्रदान की जाने वाली मदद के संबंध में जरूरी जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में सरकार और प्रशासन पूरी संवेदनशीलता से युद्ध स्तर पर बचाव एवं राहत कार्य में लगा है। हरेक नागरिक का जीवन हमारे लिए अमूल्य है। हम आश्वस्त करते हैं कि आपदा के इस समय मे सरकार पूरी तत्परता व प्रतिबद्धता से आपके से खड़ी है।

### प्रभारी मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों में बांटी राहत सामग्री, खिले चेहरे

प्रभारी मंत्री ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम, एसपी, सीडीओ संग मिहींपुरवा पहुंचे, जहां उन्होंने तहसील प्रशासन द्वारा मिलपुरवा में संचालित कम्युनिटी किचन का निरीक्षण किया। बाढ़ प्रभावित परिवारों को वितरित होने वाला भोजन पैकेट तैयार किए जा रहे थे। भोजन की गुणवत्ता भी परखी। प्रभारी मंत्री ने प्रभावित परिवारों को हर समय सरकार उनके साथश् होने के भरोसे के साथ खाद्यान्न किट वितरण किया। विधायक (सदर) योगेश वर्मा ने जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि डीएम के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावितों को कृषि निवेश वितरण एवं अन्य जरूरी सहायताए योजनाबद्ध ढंग से कराई गई।

# डा. संजय कुमार निषाद, मंत्री मत्स्य विभाग, प्रभारी मंत्री द्वारा सर्किट हाउस के प्रांगण किया गया पौधरोपण

**कानपुर देहात।** जनपद कानपुर देहात के प्रभारी मंत्री डा. संजय कुमार निषाद, मंत्री मत्स्य विभागए उप्र सरकार ने आज स्वच्छता पखवाड़ा के प्रथम दिन नगर पंचायत अकबरपुर के ग्राम धरऊ मलिन बस्ती में स्वच्छता अभियान में भाग लेने के पश्चात् सर्किट हाउस के प्रांगण में भारत सरकार के आवाहन एक पेड़ माँ नाम वन विभाग के तत्वाधान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में अमलतास पौध का रोपण किया गया तथा जनसामान्य को अपनी आने वाली पीढ़ी के लिये ज्यादा से ज्यादा पौध रोपण एवं उसकी सुरक्षा करने की अपील की गयी। मनोज शुक्ला, जिलाध्यक्ष, भाजपा, कानपुर देहात व अशोक देवाए जिलाध्यक्ष, निषाद पार्टी, कानपुर देहात द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया व इस कार्यक्रम में काफी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। आलोक सिंह, डीएम, कानपुर देहात के निर्देशन में आज 17.09.2024 को जिला वृक्षारोपण समितिध्जिला गंगा समितिध्जिला



वेटलैण्ड समितिए कानपुर देहात की बैठक का आयोजन किया गया। आज ही के दिन हो रहे विशेष वृक्षारोपण, जिसमें युवा कल्याण, खेल, शिक्षा, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, कृषि, जल संसाधन, आवास विकास एवं नगर विकास विभाग द्वारा विभिन्न स्थलों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। रोपित किये गये पौधों को पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिये गये। इस वर्षाकाल.2024 में रोपित किये गये पौधों की शत प्रतिशत जियो टैगिंग हेतु राजस्व विभाग, बेसिक शिक्षा, ऊर्जा विभाग एवं कृषि विभाग को विशेष रूप से निर्देशित किया गया तथा भविष्य में इसके समुचित रख.रखाव के भी निर्देश दिये गये। अगले माह में रोपित किये गये पौधों का अन्तर्विभागीय भौतिक सत्यापन कराये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। तालाबों के किनारे किये गये वृक्षारोपण तथा ठोस एवं तरल अपशिष्टों के उचित प्रबन्धन हेतु अधिशाषी अधिकारीए नगर पालिका पुखरायाँ/नोडल नगर विकास विभाग एवं पंचायतीराज अधिकारी, कानपुर देहात को निर्देश दिये गये। जिला गंगा समितिए कानपुर देहात का वृहद प्रचार.प्रसार करने व 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' 17.09.2024 से 02.10.2024 तक चलाये जाने हेतु जनपद के विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता, श्रमदान, चित्रकला, नुक्कड़ नाटकए गंगा क्विज प्रतियोगिता, गंगा शपथ, रंगोली, सिग्नेचर कैम्पेन व घाटों की साफसफाई इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन कराये जाने के निर्देश दिये गये।

# केंद्र सरकार ने पहले 100 दिनों में किसानों के लिए कई नीतियां लागू की: अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में कृषि उत्पादकता और निर्यात बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए किसानों के हित में कई नीतियां लागू की हैं। शाह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में बनी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में अर्थव्यवस्था के 14 क्षेत्रों में 15 लाख करोड़ रुपए की नीतियां लागू की हैं। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने स्टार्टअप एवं ग्रामीण उद्यमों को समर्थन देने के लिए कृषि अवसरंचना कोष की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि किसानों के जीवन एवं आजीविका को बेहतर करने के लिए सात योजनाओं के तहत 14,200 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

मंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत 9.3 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपए वितरित करने सहित कृषि क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों का जिक्र किया।

शाह ने कहा, हमने पीएम-किसान के तहत 70वीं किस्त वितरित की है। अब तक 12.33 करोड़ किसानों को तीन लाख करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं।

पीएम-किसान योजना के तहत 6,000 रुपए सालाना दिया जाता है जो प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के जरिए पात्र किसानों के बैंक खातों में सीधे डाला जाता है। मंत्री ने कहा कि कृषि नीतियों को कृषक समुदाय के कल्याण और समृद्धि को ध्यान में रखते हुए लागू किया जा रहा है। इससे देश के खाद्यान्न उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा जिससे किसानों की स्थिति में सुधार होगा।

शाह ने कहा, संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) शासन की तुलना में (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी नीत सरकार ने एमएसपी पर अधिक फसलें खरीदी हैं। इससे पता चलता है कि राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार किसानों को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2024-25 खरीफ सत्र की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी की गई है। मंत्री ने कहा कि एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए, चीनी मिलों को मल्टी-फीड डिस्टिलरी में परिवर्तित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अब मिलें न केवल गन्ने के रस से बल्कि मक्के से भी एथनॉल बना सकती हैं। देश में जब चीनी बनाने के लिए गन्ने के रस की जरूरत होगी, तब मक्के से एथनॉल बनाया जाएगा। जब चीनी का उत्पादन अधिक होगा, तब चीनी के रस से एथनॉल बनाया जाएगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्याज निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्याज और बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को भी हटा दिया गया है। शाह ने कहा कि ए नीतियां किसान कल्याण को बढ़ाने और भारत के कृषि निर्यात को बढ़ावा देने की सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं।

## विश्वभारती ने आदिवासी समुदायों के लिए शब्दकोश प्रकाशित किए

**कोलकाता।** विश्वभारती विवि ने देश की सीमांत भाषाओं के अध्ययन और विश्लेषण हेतु कुछ आदिवासी समुदायों के लिए शब्दकोश प्रकाशित किए हैं। ये शब्दकोश और अन्य पुस्तकें विवि के लुप्तप्राय भाषा केंद्र (सीएफईएल) विभाग द्वारा कोडा, महाली और कुरुख समुदायों के लिए प्रकाशित की गई हैं। इन शब्दकोश और पुस्तकों को बांग्ला, हिंदी और अंग्रेजी सहित 10 से अधिक भाषाओं के साथ जोड़ा गया है। ये शब्दकोश सीएफईएल की वेबसाइट और एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर मोबाइल एप्लिकेशन पर भी उपलब्ध हैं। विवि के इस केंद्र ने अब तक 19 पुस्तकें प्रकाशित की हैं, जिनमें बिरहोर समुदाय के लिए व्याकरण शामिल हैं। कुछ पुस्तकों का विमोचन हाल ही में राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (एनटीआरआई), नई दिल्ली और विश्वभारती द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान किया गया।

# देश का निर्यात अगस्त में 9.3 प्रतिशत घटा

**● व्यापार घाटा 10 महीनों के उच्च स्तर पर**

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण अगस्त में देश के निर्यात में 13 महीनों की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। निर्यात 9.3 प्रतिशत घटकर 34.71 अरब डॉलर रहा जबकि व्यापार घाटा बढ़कर 10 महीनों के उच्चतम स्तर 29.65 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, सोने और चांदी के आयात में उल्लेखनीय उछाल आने से देश का आयात 3.3 प्रतिशत बढ़कर 64.36 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले महीने सोने का आयात दोगुने से अधिक बढ़कर 10.06 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 4.93 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में चांदी का आयात बढ़कर 72.7 करोड़ डॉलर हो गया, जो अगस्त 2023 में 15.9 करोड़ डॉलर था।

हालांकि पेट्रोलियम कीमतें गिरने से कच्चे तेल का आयात अगस्त में 32.38 प्रतिशत घटकर 11 अरब डॉलर रह गया। कीमतों में गिरावट का असर देश के वस्तु निर्यात पर भी पड़ा है। आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी देश का व्यापार घाटा अक्टूबर, 2023 में 30.43 अरब डॉलर रहा था। वहीं इस साल जुलाई में देश के वस्तु निर्यात में 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में देश का निर्यात 1.14 प्रतिशत बढ़कर 178.68 अरब डॉलर हो गया जबकि इस दौरान आयात सात प्रतिशत बढ़कर 295.32 अरब डॉलर रहा। इस तरह अप्रैल-अगस्त 2024 की अवधि में देश का व्यापार घाटा 116.64 अरब डॉलर था, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 99.16 अरब डॉलर था।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर संवाददाताओं से कहा कि मौजूदा वैश्विक स्थिति में निर्यात एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि चीन में सुस्ती और यूरोपीय संघ एवं अमेरिका में मंदी की स्थिति निर्यात को प्रभावित कर रही है। इसके अलावा तेल की कीमतों में गिरावट और लाल सागर संकट के कारण परिवहन लागत में वृद्धि से भी निर्यात पर असर पड़ रहा है।

हालांकि वाणिज्य सचिव ने कहा कि इन समस्याओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में भारत के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय निर्यात बढ़ाने के लिए अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में नए बाजारों की खोज पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके अलावा निर्यात बढ़ाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पोत परिवहन और परिवहन जैसे 12 चैंपियन सेवा क्षेत्रों की भी पहचान की गई है। व्यापार घाटा बढ़ने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय नहीं है। भारत में खपत की भारी मांग है। यह एक ऐसी अर्थव्यवस्था से आ रही है, जो विश्व अर्थव्यवस्था की तुलना में दोगुनी दर से बढ़ रही है।

# आपराधिक मामले में चीनी नागरिक की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोह संचालित करने के आरोपी चीनी नागरिक को जमानत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि उसके खिलाफ आरोप बहुत गंभीर प्रकृति के हैं। चीनी नागरिक पर आरोप है कि वह अपनी वीजा की अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद भी भारत में रूका और आपराधिक गिरोह संचालित करने के अलावा अन्य गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त रहा। रायन उर्फ रेन चाओ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 31 जुलाई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामले में उसे जमानत देने से इनकार कर दिया था।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, अपराध की गंभीरता को देखिए। हम जमानत का अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार नहीं करेंगे, क्योंकि सुनवाई जारी है। हम छह महीने की अवधि समाप्त होने के बाद उच्च न्यायालय का रुख करने का विकल्प खुला रखते हैं। चीनी नागरिक की ओर से पेश हुए वकील पी एन पुरी ने कहा कि आरोपी 18 महीने से अधिक समय से जेल में है। इस पर पीठ ने कहा, यह जमानत का मामला नहीं है। इसने कहा कि आरोपी छह महीने बाद नई जमानत याचिका दायर कर सकता है, जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों से प्रभावित हुए बिना गुण-दोष के आधार पर निर्णय लिया जा सकता है। रेन चाओ को 9 जुलाई 2022 को नोएडा पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश समेत अन्य अपराधों को लेकर दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। उस पर विदेशी (नागरिक) अधिनियम के तहत भी आरोप दर्ज किए गए थे।

# मुस्लिम पक्षकारों से पूछा गया क्या खंडपीठ में याचिका दायर की जा सकती है

**● श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद**

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने मंगलवार को मुस्लिम पक्षकारों से यह बताने को कहा कि क्या एकल-न्यायाधीश के उस आदेश के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष याचिका दायर की जा सकती है, जिसके तहत मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों के सुनवाई योग्य होने के खिलाफ उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ शुरू में उच्च न्यायालय के एक अगस्त के आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्षकारों की ओर से दायर याचिका पर हिंदू पक्षकारों को नोटिस जारी करने की इच्छुक थी। बाद में उसने मामले को चार नवंबर को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

हिंदू पक्ष की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील माधवी दीवान और विष्णु शंकर जैन ने कहा कि शीर्ष अदालत ने पहले आदेश के अमल पर रोक लगा दी थी और ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था और अब इसे खाली कर दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि इस मामले में कई कानूनी पेच हैं, जिन पर गहन विचार किए जाने की जरूरत है। उसने निर्देश दिया कि विवाद से जुड़े सभी लंबित मामलों पर एक साथ सुनवाई की जाएगी। हिंदू पक्ष के एक वकील ने शीर्ष अदालत के समक्ष याचिका दायर करने पर आपत्ति जताते हुए दलील दी कि एक अगस्त के आदेश को उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी जा सकती है।

दलील से सहमति जताते हुए पीठ ने शाही मस्जिद ईदगाह की कमेटी ऑफ मैनेजमेंट ट्रस्ट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता तस्नीम अहमदी से अदालत को यह बताने को कहा कि क्या वे उच्च न्यायालय की एकल पीठ के एक अगस्त के आदेश के खिलाफ उसकी खंडपीठ के समक्ष याचिका दायर कर सकते हैं। पीठ ने कहा, हमें लगता है कि आप (मुस्लिम पक्ष) ऐसा कर सकते हैं। इस अदालत के कुछ आदेश हैं, जो आपको ऐसा करने की अनुमति देते हैं। अगर आप ऐसा कर सकते हैं तो इस याचिका को वापस लिए जाने की जरूरत है।

एक अगस्त को उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने मथुरा में मंदिर-मस्जिद विवाद से संबंधित 18 मामलों की स्वीकार्यता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। पीठ ने फैसला सुनाया था कि शाही ईदगाह के धार्मिक चरित्र को निर्धारित करने की जरूरत है। उच्च न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष की इस दलील को ठुकरा दिया था कि कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर से जुड़े विवाद को लेकर हिंदू पक्षकारों की ओर से दायर मुकदमे पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का उल्लंघन करते हैं, इसलिए ए सुनवाई योग्य नहीं हैं।

वर्ष 1991 में लागू यह अधिनियम देश की आजादी के दिन मौजूद किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र को बदलने पर रोक लगाता है। केवल राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को इसके दायरे से बाहर रखा गया था। हिंदू पक्ष की ओर से दायर मुकदमों में औरंगजेब-युग की मस्जिद को यह कहते हुए हटाने का अनुरोध किया गया है कि इसे एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाया गया था।

उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि 1991 का अधिनियम धार्मिक चरित्र शब्द को परिभाषित नहीं करता है और विवादित स्थान का दोहरा धार्मिक चरित्र-एक मंदिर और एक मस्जिद, नहीं हो सकता है, जो एक-दूसरे के प्रतिकूल हैं। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मयंक कुमार जैन ने कहा था, यह स्थान या तो मंदिर है या मस्जिद। इस तरह, मुझे लगता है कि 15 अगस्त 1947 को मौजूद विवादित स्थान का धार्मिक चरित्र दोनों पक्षों द्वारा पेश दस्तावेजी और मौखिक साक्ष्यों के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

## निजी संस्थानों को परमाणु लाइसेंस जारी करने पर रोक के खिलाफ भौतिक विज्ञानी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका में रहने वाले एक भौतिक विज्ञानी की परमाणु ऊर्जा अधिनियम के उस प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसके तहत निजी संस्थानों को परमाणु सामग्री के सौदे के लिए लाइसेंस जारी करने पर रोक है। शीर्ष अदालत ने कहा कि परमाणु ऊर्जा लाइसेंस का दुरुपयोग किया जा सकता है, जिसमें बम बनाना भी शामिल है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि कानून उचित रूप से निजी संस्थानों को परमाणु ऊर्जा लाइसेंस जारी करने पर प्रतिबंध लगाता है। उसने यह भी कहा कि इसके अलावा, यह एक नीतिगत मामला है, जिनमें अदालतें हस्तक्षेप नही कर सकती हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, इनका (परमाणु सामग्री) बम बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। दुरुपयोग संभव है और यही कारण है कि परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 के तहत प्रतिबंध लगाया गया है। अमेरिका में रहने वाले भौतिक विज्ञानी संदीप टीएस ने परमाणु ऊर्जा अधिनियम की धारा-14 की वैधता को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि एक निजी कंपनी को भी परमाणु ऊर्जा परियोजना का हिस्सा बनने की अनुमति दी गई है। पीठ ने कहा, हमे कार्यपालिका के तर्क और संसद द्वारा अधिनियम में उक्त प्रावधान किए जाने के संबंध में कोई त्रुटि नही मिली। उसने कहा कि दुरुपयोग और परमाणु हादसे की आशंका को देखते हुए वह याचिका पर विचार करने की इच्छुक नही है।

## पुलिस ने आरिफ अंसारी की पत्नी को उप्र से किया गिरफ्तार

**● पालघर तिहरा हत्याकाण्ड**

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले मे एक बुजुर्ग दंपति और उनकी बेटी की हत्या के मामले मे पुलिस ने 31 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वाडा पुलिस के निरीक्षक दत्ताराय किंद्रे ने बताया कि मुख्य आरोपी आरिफ अंसारी की पत्नी सायबा बेगम अंसारी को पिछले महीने वाडा तहसील के नेहरोली में हुई हत्याओं के सिलसिले मे 15 सितंबर को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। तीस अगस्त को वाड़ा तहसील के नेहरोली में मुकुंद बेचरदास राठौड़ (75), उनकी पत्नी कंचन (72) और उनकी बेटी संगीता (52) अपने घर में मृत मिले थे। आरोपी आरिफ को उत्तर प्रदेश के मेजा गांव से गिरफ्तार किया गया। मृतकों के पड़ोस में रहने वाले आरिफ ने कथित तौर पर 17 अगस्त को लूटपाट के इरादे से उनकी हत्याएं की। अधिकारी ने कहा कि आरिफ की पत्नी को गिरफ्तार किया गया क्योंकि आरिफ ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसकी पत्नी को हत्याओं में उसकी संलिप्तता की जानकारी थी। किंद्रे ने कहा, अपराध के दिन जब आरिफ घर लौटा, उस समय उसके कपड़े और हाथ खून से सने हुए थे। जब सायबा ने उससे पूछताछ की, तो उसने हत्या की वारदात को अंजाम देने की जानकारी उसे दी और फिर उसने कथित तौर पर सबूत नष्ट करने के लिए अपराध स्थल मे प्रवेश करने में उसकी मदद की। उन्होंने बताया कि इसके बाद दंपति एक रिश्तेदार के घर भाग गए और बाद में अपने गृहनगर चले गए। अधिकारी ने बताया कि जांच मे यह भी पता चला कि महिला ने अपने पति को मृतकों के यहां से चुराए गए चांदी के सिक्के बेचने में मदद की थी। सिक्कों को प्रयागराज के एक जौहरी को बेचा गया था। महिला पुलिस इकाई सहित एक विशेष पुलिस दल को सायबा को गिरफ्तार करने के लिए उत्तर प्रदेश भेजा गया था। उसे 21 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

## विश्व ओजोन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ।** इंडियन साइंस कम्यूनिकेशन सोसायटी ने विश्व ओजोन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रख्यात विज्ञान संचारक डॉ. वीपी सिंह ने कहाकि ओजोन परत हमारी पृथ्वी की सुरक्षा कवच के रूप में काम करती है और इसके बिना हम बिल्कुल भी स्वस्थ जीवन नहीं जी पाएंगे। इसलिए, हमें अपनी ओजोन परत को बर्बाद होने से बचाने के लिए उचित और कुशल पहल करनी होगी। उन्होंने बताया कि ओजोन गैस धरातल से 10 किलोमीटर से 50 किलोमीटर की ऊंचाई के बीच पाई जाती है। यह हल्के नीले रंग की गैस होती है जो आक्सीजन के तीन परमाणुओं का यौगिक है। ओजोन सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर का काम करती है। उन्होंने कहाकि ओजोन दिवस मनाने का उद्देश्य ओजोन परत के बारे में जागरूक करने के साथ ही इसे बचाने के समाधान की ओर ध्यान एकत्रित करना हैं। विश्व का लक्ष्य वर्ष 2050 तक ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले सभी रसायनों पर नियंत्रण करना है। वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय के एंथ्रोपोलोजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. एपी सिंह ने कहाकि जिस प्रकार हमारे घर की छत हर समस्या से बचाती है ठीक वैसे ही ओजोन लेयर भी हमारी पृथ्वी को सोलर रेडिएशन से बचाने का काम करती है। हमारे जीवन में ओजोन लेयर के महत्व को समझने और समझाने के लिए ही हर साल 16 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया जाता है। ओजोन की परत की खोज 1913 में फ्रांस के भौतिकविदों फैबरी चार्ल्स और हेनरी बुसोन ने की थी। ओजोन परत का क्षरण क्लोरोफ्लोराकार्बन, हेलॉन, मिथाइल क्लोराइड, मिथाइल ब्रोमाइड आदि से होता है। इस अवसर पर डॉ. एके सिंह, डॉ. विकास मिश्र, डॉ. वीपी शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्तत किए। कार्यक्रम बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यायालय का अधिवक्ताओं को कोट और गाउन पहनने से छूट देने संबंधी याचिका पर सुनवाई से इंकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अधिवक्ताओं को गर्मियों के दौरान अदालतों में काला कोट एवं गाउन पहनने से छूट देने संबंधी एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इंकार कर दिया। एक ड्रेस कोड तो होगा ही, वे कुर्ता-पायजामा नहीं पहन सकते। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, आखिरकार यह शिष्टाचार का मामला है। आपको उचित पोशाक पहननी चाहिए। आपको कुछ तो पहनना होगा। आप कुर्ता पायजामा या शॉर्ट्स एवं टी-शर्ट पहनकर भी जिरह नहीं कर सकते...। व्यक्तिगत तौर पर जनहित याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी को पीठ ने हालांकि, इस मुद्दे पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया, राज्य बार काउंसिल तथा केंद्र को एक प्रतिवेदन सौंपने की अनुमति दी और इसके साथ ही यह भी कहा कि इस संबंध में वे निर्णय कर सकते हैं।

# अनुच्छेद-370 को रद्द करने का फैसला संसद का था, भगवान का नहीं : उमर

**बडगाम।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को रद्द करने का फैसला संसद ने लिया था, भगवान ने नहीं। उमर ने जोर देकर कहा कि इस फैसले को पलटा (भी) जा सकता है। उमर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जम्मू में सोमवार को आयोजित एक चुनावी रैली में दी गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। शाह ने कहा था कि अनुच्छेद-370 इतिहास के पन्नों में दफन हो चुका है और यह फिर कभी भारतीय संविधान का हिस्सा नहीं बनेगा।

नेकां उपाध्यक्ष ने कहा, नामुमकिन कुछ भी नहीं है। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर में आतंववादी घटनाओं में वृद्धि के लिए भी जिम्मेदार ठहराया। उमर ने सवाल किया, (जम्मू-कश्मीर पर) छह साल से केंद्र सरकार का नियंत्रण है। अगर जम्मू में एक बार फिर आतंकवादी हमले हो रहे हैं, अगर रियासी में तीर्थयात्रियों को निशाना बनाया गया, अगर सशस्त्र बलों पर हमले हो रहे हैं और अगर मुठभेड़ में बहादुर अधिकारी एवं सैनिक मारे जा रहे हैं, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

अनुच्छेद-370 पर शाह की टिप्पणी का जिक्र करते हुए उमर ने कहा, यह भगवान का नहीं, संसद का फैसला था। संसद की ओर से लिए गए किसी भी फैसले को बदला जा सकता है। अगर उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों ने इसे हटाने के पक्ष में फैसला सुनाया, तो क्या यह मुमकिन नहीं है कि कल सात न्यायाधीशों की पीठ फिर से अनुच्छेद-370 के पक्ष में फैसला सुनाए। शाह को पहले लोगों को बताना चाहिए कि जम्मू में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि के लिए कौन जिम्मेदार है। उमर ने कहा, आप हमें हमारी गलती के लिए जिम्मेदार ठहरा सकते हैं, लेकिन अगर जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद बढ़ता है तो इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

# केरल के मलप्पुरम में एमपॉक्स संक्रमण का संदिग्ध मरीज, नमूने जांच के लिए भेजे गए

**मालप्पुरम (केरल)।** केरल के मलप्पुरम जिले में एमपॉक्स संक्रमण का एक संदिग्ध मामला सामने आया है। यहां हाल ही में दुबई से लौटे एक व्यक्ति में इस बीमारी के लक्षण पाए गए हैं। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि लक्षण दिखने पर व्यक्ति ने एहतियाती कदम उठाते हुए खुद को अपने परिवार से अलग कर लिया है और फिलहाल वह यहां मंजेरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। मंत्री ने दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, संदिग्ध के नमूने परीक्षण के लिए भेजे गए हैं और परिणाम की प्रतीक्षा है। इससे पहले दिन में एक जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मरीज कुछ दिन पहले केरल आया था और बीमार पड़ने पर उसे पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

अधिकारी ने कहा, वहां से उसे मंजेरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यह संदेह होने पर कि यह एमपॉक्स का मामला हो सकता है, हमने जांच के लिए उसके नमूने कोझिकोड मेडिकल कॉलेज भेजे। जांच रिपोर्ट मिलने का इंतजार है। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी में एमपॉक्स का एक नया मामला सामने आया था जहां हरियाणा के हिसार निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति में वायरस की पुष्टि हुई और उसे दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे एक अकेला मामला बताया था, जो जुलाई 2022 से भारत में पहले दर्ज किए गए 30 मामलों की तरह था और कहा कि यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा रिपोर्ट की गई वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति का हिस्सा नहीं था, जो एमपॉक्स के क्लेड एक के बारे में है। इसमें कहा गया था कि हिसार निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति पश्चिमी अफ्रीकी क्लेड-2 के एमपॉक्स वायरस के लिए पॉजिटिव पाया गया।

डब्ल्यूएचओ ने पिछले महीने अफ्रीका के कई हिस्सों में इसकी व्यापकता और प्रसार को देखते हुए दूसरी बार एमपॉक्स को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पीएचईआईसी) घोषित किया था। एमपॉक्स संक्रमण आम तौर पर केवल पीड़ित तक सीमित रहता है। यह दो से चार सप्ताह तक रहता है और इसके रोगी आमतौर पर चिकित्सा देखभाल से स्वस्थ हो जाते हैं। यह संक्रमित रोगी के साथ लंबे समय तक और निकट संपर्क में रहने से फैलता है। केरल में संदिग्ध एमपॉक्स का मामला हाल ही में निपाह संक्रमण के कारण 24 वर्षीय एक युवक की मौत के बाद मलप्पुरम जिले में नियंत्रण क्षेत्र स्थापित किए जाने के मद्देनजर सामने आया है। सरकार ने रविवार को पुष्टि की है कि नौ सितंबर को मरने वाला व्यक्ति निपाह वायरस से संक्रमित था।

# पेज 1 का शेष

### आतिशी....

और पद रिक्ति हो गया है। जो राजधानी में 70 सदस्यों वाली विधानसभा सीटों की संख्या का दसवां हिस्सा है। सात में से एक पद तब से खाली पड़ा है जब से समाज कल्याण मंत्री और कैबिनेट में एकमात्र एससी चेहरा राज कुमार आनंद ने अप्रैल में अपने पद के साथ-साथ पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया था। आतिशी वर्तमान में दिल्ली कैबिनेट में सबसे अधिक विभागों की जिम्मेदारी संभाल रही हैं, वित्त, जल, शिक्षा, लोक निर्माण, बिजली, राजस्व, योजना, सेवा, कानून, सतर्कता और अन्य प्रमुख विभागों की मंत्री हैं।

### दीदी....

माओवादी नेता किशनजी को मार गिराया था। कोलकाता के पुलिस आयुक्त का पदभार संभालने से पहले वर्मा एडीजी कानून एवं व्यवस्था के पद पर कार्यरत थे। सरकारी परिपत्र में कहा गया है कि सिलीगुड़ी के पूर्व पुलिस उपायुक्त दीपक सरकार डीसीपी (उत्तर) अभिषेक गुप्ता की जगह लेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि पुलिस अधिकारियों को हटाने से कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों में विरोध हल्का हो सकता है। बलात्कार और हत्या मामले को ठीक से न संभाल पाने के कारण जूनियर डॉक्टरों के गुस्से का शिकार हुए शीर्ष अधिकारियों के अलावा स्वास्थ्य विभाग के दो वरिष्ठ अधिकारियों को उनके संबंधित पदों से हटा दिया गया है। ये अधिकारी चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा के निदेशक देबाशीष हलधर और कौस्तव नायक हैं। उनकी जगह सुपर्णा दत्ता और स्वप्न सोरेन को नियुक्त किया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट...

जनरल तुषार मेहता ने इस मामले में राज्य द्वारा पहले दायर हलफनामे का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि हलफनामे में कहा गया है कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति पर किसी अपराध में शामिल होने का आरोप है, उसकी अचल संपत्ति को ध्वस्त करने का आधार कभी नहीं हो सकता। मेहता ने बताया था कि राज्य ने कहा है कि किसी अचल संपत्ति का ध्वस्तीकरण केवल किसी प्रकार के उल्लंघन के लिए और संबंधित नगरपालिका कानून या क्षेत्र के विकास प्राधिकरणों को नियंत्रित करने वाले कानून में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हो सकता है। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश एक वकील ने कहा था कि लगभग हर राज्य अब इसमें लिप्त हो रहा है और संपत्तियों को ध्वस्त कर रहा है। शीर्ष अदालत जमीयत उलेमा-ए-हिंद और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें विभिन्न राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि दंगों और हिंसा के मामलों में आरोपियों की संपत्तियों को भविष्य में नहीं तोड़ा जाए।

### जम्मू कश्मीर...

पीडीपी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी 37 वर्षीय इल्तिजा मुफ्ती पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के टिकट पर बिजबेहरा-श्रीगुफवारा निर्वाचन क्षेत्र से, अफरोजा बानो कुलगाम से निर्दलीय और सकीना मसूद इटू नेशनल कॉन्फ्रेंस के टिकट पर डीएच पोरा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं।

### लेबनान...

हुए, जिनमें से 200 गंभीर रूप से घायल हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने कहा कि देश के राजदूत मोजतबा अमानी एक पेजर के फटने से मामूली रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज चल रहा है।

### सरकार मणिपुर...

अब लोग केवल वीजा के साथ ही एक-दूसरे के क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं। हम इस संबंध में एक कानून लाए हैं। शाह ने कहा कि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पहले मौजूद रहीं सुरक्षा खामियों को भी दूर कर दिया है ।मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से लगने वाली 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर एफएमआर लागू था। इसे भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत 2018 में लागू किया गया था। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने मणिपुर में आम लोगों को उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए 16 नए केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार खोलने का निर्णय लिया है। मणिपुर में ऐसे भंडारों की मौजूदा संख्या 21 है। उन्होंने कहा, वहां एक मार्ग बाधित था। उस अवरोध को हटा दिया गया है लेकिन मौजूदा हालात के कारण ट्रांसपोर्टर इस मार्ग से जाने से कतरा रहे थे। इसलिए दुकानें खोली गई हैं, जहां खाद्यान्न समेत करीब 100 चीजें मिलेंगी। शाह ने कहा, इनकी कीमतें वाजिब हैं गरीबों को लाभ मिलेगा। दुकानें सबके लिए खुली हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मणिपुर की संभावित यात्रा के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि जब वह राज्य का दौरा करेंगे तो यह बात सभी को पता चल जाएगी। मणिपुर में पिछले वर्ष तीन मई को बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में राज्य के पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च निकाला गया था और इस दौरान हिंसा भड़क गई थी। तब से जारी हिंसा में कुकी और मेहती समुदायों के 220 से अधिक लोग और सुरक्षाकर्मी मारे जा चुके हैं। शाह ने पूर्वोत्तर क्षेत्र की समग्र स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार ने क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के साथ 11 शांति समझौते किए हैं, जिनके कारण 10,900 से अधिक युवा हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा, अब केवल एक संगठन बचा है और हम उस संगठन से भी बातचीत कर रहे हैं।

### सरकार के चीता...

प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिन 17 सितंबर को नामीबिया से लाए गए चीतों को उनके बाड़ों में छोड़ा था। हालांकि, वन्यजीव कार्यकर्ता इस परियोजना की प्रगति से उत्साहित नहीं हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यह जश्न मनाने का समय से पहले का समय हो सकता है, क्योंकि मूल 20 आयातित चीतों में से केवल 12 वयस्क बचे हैं, और 17 जन्मों में से 12 शावक जीवित हैं। इसके अलावा, वे सभी अभी भी जंगल में स्वतंत्र रूप से घूमने के बजाय बाड़ों तक ही सीमित हैं। मेटास्ट्रिंग फाउंडेशन के सीईओ और बायोडायवर्सिटी कोलैबोरेटिव के समन्वयक रवि चेल्लम ने चिंता जताई कि इन चीतों को, विशेष रूप से कैद में जन्मे शावकों को, लंबे समय तक कैद में रहने के कारण छोड़ना उचित नहीं हो सकता है। संयोग से, एक दिन पहले, मध्य प्रदेश के महालेखाकार की एक रिपोर्ट ने पार्क में परियोजना के प्रबंधन पर चिंता व्यक्त की, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार के विभागों के बीच समन्वय की कमी के साथ-साथ व्यय से संबंधित मुद्दों का उल्लेख किया गया था। अगस्त 2019 से नवंबर 2023 तक रिकॉर्ड के एक नमूना ऑडिट में चिंताएं जताई गईं, जिसे वन्यजीव कार्यकर्ता अजय दुबे द्वारा दायर एक आरटीआई के जवाब में सोमवार को सार्वजनिक किया गया।

### भारतीय हॉकी...

इसके साथ ही भारत टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे कामयाब टीम हो गई है जिसने पांच बार खिताब जीता। इससे पहले 2016 और 2018 में लगातार खिताब जीते थे। हॉकी इंडिया ने इस जीत पर हर खिलाड़ी को तीन लाख रुपए और सहयोगी स्टाफ को डेढ लाख रुपए नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया है। खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरी भारतीय टीम ने पहले लीग मैच में चीन को 3 – 0 से हराया था लेकिन फाइनल मुकाबला काफी कठिन रहा। पहले दो क्वार्टर में भारत ने गोल करने के कई मौके बनाए लेकिन चीन भी जवाबी हमले में पीछे नहीं था। राजकुमार पाल ने पहला हमला बोला जिसे चीन के गोलकीपर वांग वेइहाओ ने बचा लिया। राजकुमार ने दसवें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन हरमनप्रीत सिंह गोल नहीं कर सके। दो मिनट बाद नीलाकांता शर्मा का शॉट वांग ने बचाया और अगले मिनट सुखजीत सिंह को गोल नहीं करने दिया। पहले क्वार्टर से कुछ सेकंड पहले भारत ने पेनल्टी कॉर्नर गंवाया लेकिन कृशन बहादुर पाठक गोल के सामने मुस्तैद थे। दूसरे क्वार्टर में भी कहानी यही रही जब गेंद पर नियंत्रण में भारत ने बाजी मारी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। भारत को 27वें मिनट में सुखजीत ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन हरमनप्रीत का शॉट गोलपोस्ट से टकरा गया। दूसरे हाफ में चीनी फारवर्ड पंक्ति ने लगातार हमले बोले और 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन भारतीय डिफेंस चौकस था। चीन को 40वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिन पर भारतीय गोलकीपर पाठक ने गोल नहीं होने दिया। भारत के गोल के सूत्रधार हरमनप्रीत रहे जो जबर्दस्त स्टिक वर्क दिखाते हुए चीनी सर्कल में घुसे और जुगराज को गेंद सौंपी जिसने गोल करने में कोई चूक नहीं की। हूटर से चार मिनट पहले चीन ने अपने गोलकीपर को हटाकर अतिरिक्त खिलाड़ी को उतारा लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका।

# मेरे गणेश पूजन में भाग लेने पर कांग्रेस और उसका इकोसिस्टम भड़का हुआ है: मोदी

**भाषा।** भुवनेश्वर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने पिछले दिनों गणेश पूजन में भाग लिया था इसलिए कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम के लोग उन पर भड़के हुए हैं तथा अंग्रेजों की तरह आज भी समाज को बांटने और तोड़ने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है।भुवनेश्वर में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह टिप्पणी प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के आवास पर उनके गणेश पूजा अनुष्ठान में भाग लेने के लिए विपक्षी दलों द्वारा आलोचना किए जाने के संदर्भ में की। इस विवाद पर पहली बार प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की।देश के कई हिस्सों में आज हो रहे गणेश विसर्जन का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि आज के इस अहम दिन देश को उन चुनौतियों पर भी ध्यान देना है, जो देश को पीछे धकेलना में जुटी हैं।उन्होंने कहा, आज, जब हम गणपति बप्पा को विदाई दे रहे हैं तो मैं एक विषय इसी से जुड़ा उठा रहा हूं। गणेश उत्सव हमारे देश के लिए केवल एक आस्था का पर्व ही नहीं है, बल्कि गणेश उत्सव ने हमारे देश की आजादी में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि जब सत्ता की भूख में अंग्रेज देश को बांटने में लगे थे तब देश को जातियों के नाम पर लड़वाना, समाज में जहर घोलना, बांटो और राज करो उनका हथियार बन गया था।प्रधानमंत्री ने कहा कि तब लोकमान्य तिलक ने गणेश उत्सव के सार्वजनिक आयोजनों के जरिए भारत की आत्मा को जगाया था।उन्होंने कहा कि ऊंच-नीच, भेदभाव, जाति-पाति इन सबसे ऊपर उठकर हमारा धर्म हमें जोड़ना सिखाता है और गणेश उत्सव, इसका प्रतीक बन गया था।उन्होंने कहा, आज भी जब गणेश उत्सव होता है, हर कोई उसमें शामिल होता है। कोई भेद नहीं, कोई फर्क नहीं, पूरा समाज एक शक्ति बनकर खड़ा होता है। बांटो और राज करो की नीति पर चलने वाले अंग्रेजों की नजरों में उस समय भी गणेश उत्सव खटकता था। आज भी समाज को बांटने और तोड़ने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा, आपने देखा होगा, कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम के लोग इसलिए भड़के हुए हैं पिछले कुछ दिनों से, क्योंकि मैंने गणेश पूजन में भाग लिया था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने गत बुधवार को राजधानी दिल्ली में सीजेआई के आवास पर गणपति पूजा में भाग लिया था।इस समारोह से संबंधित एक वीडियो में चंद्रचूड़ और उनकी पत्नी कल्पना दास अपने घर पर मोदी का स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे थे।



## प्रधानमंत्री मोदी हुए 74 साल के

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति के साथ विपक्षी नेताओं ने भी दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली।जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीन बार देश का प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड बनाने वाले नरेन्द्र दामोदरदास मोदी मंगलवार को 74 साल के हो गए। इस अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष के अलावा तमाम विपक्षी नेताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने आजाद भारत में जन्म लिया था। वर्ष 1950 में 17 सितंबर को उनका जन्म हुआ। इस साल नौ जून को उन्होंने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 26 मई 2014 को मोदी को देश के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार शपथ दिलाई। पांच बरस बाद 2019 में भाजपा ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर चुनाव जीता और उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत की थी। देश के सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के प्रमुखों, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने भी उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वह अपने अथक परिश्रम, लगन और दूरदर्शिता से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आए हैं और उन्होंने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। अपने जन्मदिवस के दिन मोदी ने अपना अधिकतर समय ओडिशा में बिताया। उन्होंने रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के अलावा राज्य सरकार की प्रमुख महिला-केंद्रित पहल सुभद्रा योजना की शुरुआत की। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए याद किया कि कैसे वह अपने जन्मदिन पर हर साल अपनी मां से मिलने जाते थे और उनका आशीर्वाद लेते थे।

# वक्फ विधेयक का उद्देश्य संपत्तियों का संरक्षण, संसद में होगा पारित : शाह

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन और संरक्षण सुनिश्चित करना है और इसे आने वाले दिनों में संसद में पारित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में शाह ने कहा कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग को भी रोकेगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक पिछले महीने लोकसभा में पेश किया गया था और इसकी विस्तृत समीक्षा के लिए इसे संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया था। विपक्षी दलों ने विधेयक के मसौदे के कुछ प्रावधानों पर कड़ी आपत्ति जताई है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य संघर्ष और विवादों को कम करना है। इसमें वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन पंजीकरण और निगरानी के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म स्थापित करने का भी प्रावधान है। पहले 100 दिनों में सरकार की उपलब्धियों को सूचीबद्ध करते हुए एक अधिकारी ने कहा कि पांच करोड़ आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से 63,000 आदिवासी गांवों का विकास किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र (नमस्ते) योजना का विस्तार कर इसमें सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ कचरा बीनने वालों को भी शामिल किया गया है, जिससे उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति के तीन लाख दिव्यांग लोगों को विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र जारी किए गए हैं, जिनमें 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के 1.17 लाख कार्ड शामिल हैं। अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों और सफाई कर्मचारियों के लिए आजीविका गतिविधियों हेतु रियायती ऋणों तक बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए पीएम-सूरज पहल का भी विस्तार किया गया है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के कारण 405 स्कूलों में 1.23 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है।

## जनगणना की घोषणा बहुत जल्द होगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार देश में जनगणना कराने के लिए बहुत जल्द घोषणा करेगी। जनगणना के बारे में सवाल पूछे जाने पर शाह ने कहा, हम बहुत जल्द इसकी घोषणा करेंगे। हर 10 साल में होने वाली जनगणना की क्वायद में कोविड-19 महामारी के कारण देरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर शाह ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब हम जनगणना की घोषणा करेंगे तो हम सभी विवरण सार्वजनिक करेंगे। भारत में 1881 से हर 10 साल में जनगणना की जाती है। इस दशक की जनगणना का पहला चरण एक अप्रैल, 2020 को शुरू होना था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। शाह की यह टिप्पणी जाति आधारित जनगणना कराने की राजनीतिक दलों की मांग के बीच आई है।

# स्वच्छता अभियान से बदली लोगों की मानसिकता : उपराष्ट्रपति

**भाषा।** जयपुर



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, महिला सशक्तीकरण एवं आजीविका सृजन का शक्तिशाली साधन है और स्वच्छता अभियान से सफाई के प्रति लोगों की मानसिकता में क्रांतिकारी बदलाव आया है। वह झुंझुनू में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, इस दशक के दौरान प्रधानमंत्री जी की पहल से लोगों की मानसिकता में क्रांतिकारी और व्यापक परिवर्तन आया है। स्वच्छता के प्रति उनकी दृष्टि बदली है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्घोष एक दशक में दुनिया का सबसे बड़ा क्रांतिकारी कदम साबित हुआ है और इस अभियान की वजह से लोगों की मानसिकता में क्रांतिकारी और व्यापक परिवर्तन आया है एवं स्वच्छता के प्रति उनकी दृष्टि बदली है। आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा, एक दशक के बाद आज नई शुरुआत हो रही है, यह अभियान सफाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए। यह हमारे विचारों में बदलाव लाएगा, आदतों में बदलाव लाएगा, जीवन शैली को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा और आर्थिक उन्नति के अंदर बहुत जबरदस्त योगदान करेगा। स्वच्छ भारत अभियान से रोजगार सृजन पर ज़ोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश में इस समय हमारे पास 10 हजार स्वयं सहायता समूह हैं जो इस मिशन से अपनी आजीविका कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से देश में नारी शक्ति को आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता की एक नई गति मिली है। मेरा युवा भारत कार्यक्रम की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने सभी कुलपतियों, प्राचार्यों से युवाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ने की अपील की। डेढ़ करोड़ युवा विकसित भारत के दृष्टिकोण में शामिल होने के लिए आगे बढ़े हैं। इससे उनकी मानसिकता बदलेगी, राष्ट्रवाद के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बेहतर होगी और हमारे लोकतंत्र को धार मिलेगी। धनखड़ ने स्वच्छता को स्वभाव, संस्कार और संस्कृति से जोड़ने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा, स्वच्छ भारत मिशन, महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका सृजन का एक शक्तिशाली साधन भी बन गया है।

## बीबीयू 450 छात्रों को फ्यूचर टेक स्किल्स का सर्टिफिकेट मिला

**बंगलुरू।** सैमसंग इंडिया के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम सैमसंग इनोवेशन कैंपस् ने लखनऊ में अपने पहले बैच के 450 छात्रों के लिए कोडिंग और प्रोग्रामिंग और बिग डेटा कोर्स का सफलतापूर्वक समापन किया। यह कार्यक्रम सैमसंग की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें वह युवाओं को स्किल्स देने और अभियान को मजबूत करने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है।समापन समारोह में छात्रों को सर्टिफिकेट दिए गए। इस मौके पर उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी सैमसंग के अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया और रैलियों के आयोजन के तरीके से बहुत कुछ सीखा जा सकता है : शिवकुमार

**भाषा।** कलबुर्गी (कर्नाटक)

**कर्नाटक के** उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया और वहां चुनावी रैलियों के आयोजन के तरीके से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। शिवकुमार आज सुबह अमेरिका की अपनी 10 दिवसीय यात्रा से वापस लौटे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह निजी यात्रा थी और उन्होंने वहां किसी शीर्ष राजनीतिक नेता से मुलाकात नहीं की। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, मेरी यात्रा सरकारी नहीं बल्कि निजी थी। मैं अपने परिवार के साथ कुछ निजी काम से गया था। कुछ लोगों द्वारा उनकी यात्रा को पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से जोड़े जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ए सभी बातें गलत हैं, मैं जिस स्थान पर गया था, वहां चुनावी रैली हो रही थी, मैं यह देखने गया था कि वहां चीजें कैसे होती हैं....मैं किसी (नेता) से नहीं मिला। उन्होंने कहा, अमेरिका की चुनावी रैलियों से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं जैसे वहां का जुनून, युवा, रुचि, चुनाव प्रक्रिया। इससे पहले शिवकुमार ने बेंगलुरु में पत्रकारों से बातचीत की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से अमेरिका में मुलाकात के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें अपने पार्टी नेता से मिलने के लिए किसी की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है और बैठक में जो कुछ भी हुआ। वह

# शिमला में एक और अनधिकृत मस्जिद को ढहाने की मांग

**भाषा।** शिमला

**शिमला शहर के** कसुम्पटी में रहने वाले लोगों ने मंगलवार को अपने क्षेत्र में एक मस्जिद को ढहाने की मांग की। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि मस्जिद अनधिकृत है और यहां अज्ञात व्यक्तियों और प्रवासियों की आमद में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की।पार्षद रंचना शर्मा की अगुवाई में स्थानीय लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिमला के उपायुक्त अमित कश्यप, पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजीव कुमार गांधी और शिमला के नगर आयुक्त भूपेंद्र अत्री से मुलाकात की और अपनी मांगों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा।शिमला के संजौली इलाके में पिछले बुधवार को मस्जिद के एक हिस्से को ढहाने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ हुई झड़प में 10 लोग घायल हो गए थे।

# फिरोजाबाद में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से पांच लोगों की मौत, 11 घायल

## अब्दुल्ला और उसके दो पुत्रों ताज एवं राजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**भाषा।** फिरोजाबाद

**उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद** जिले में पटाखा गोदाम एवं फैक्टरी में अचानक विस्फोट होने से दो बच्चों और एक महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में पटाखा निर्माता और उसके दो पुत्रों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने साजिशन विस्फोटक सामग्री का भंडारण किया और हत्या करने के इरादे से उसमें आग लगाई। यह घटना शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के नौशहरा इलाके में सोमवार रात हुई। शिकोहाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रवीण तिवारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, पटाखा गोदाम एवं फैक्टरी में हुए विस्फोट में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इस घटना में 11 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार हादसे में एक भैंस एवं सात बकरियों की भी मौत हो गई। जिला अस्पताल के अनुसार मृतकों की पहचान मीरा देवी (45), अमन (20), गौतम कुशवाहा (18), कुमारी इच्छा (तीन) और अभिनय (दो) के रूप में हुई है। इच्छा और अभिनय भाई-बहन हैं। कोतवाली शिकोहाबाद के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) प्रदीप कुमार ने बताया कि जिस मकान में विस्फोट हुआ वह मकान प्रेम सिंह कुशवाहा का है और वह पूरी तरह ज़मींदोज हो चुका है। यह मकान पटाखों का निर्माण एवं उनकी बिक्री करने वाले भूरा नवी अब्दुल्ला ने किराए पर ले रखा था। एसएचओ ने बताया कि मीरा देवी कुशवाहा के पुत्र पवन कुशवाहा ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 103 (1), 288 (विस्फोटक पदार्थ के साथ लापरवाही), 325 (किसी को गंभीर रूप से चोट पहुंचाना), 66 (2) (गठजोड़ कर आपराधिक साजिश) एवं विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नौशहरा निवासी भूरा उर्फ नवी अब्दुल्ला और उसके दो पुत्रों ताज एवं राजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पवन कुशवाहा ने अपनी शिकायत में कहा, हमारे गांव में भूरा उर्फ नवी अब्दुल्लाह लंबे समय से पटाखों का कारोबार कर रहा था। भूरा का लाइसेंस आबादी क्षेत्र से बाहर के इलाकों के लिए वैध था, लेकिन उसने लाइसेंस में बताए गए स्थान पर विस्फोटक पदार्थ नहीं रखे थे। वह उसे आबादी वाले इलाकों में रखता था। भूरा ने अपने बेटों ताज, राजा और अन्य के साथ मिलकर साजिश के तहत अपने किराए के मकान में भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ रखे थे। साजिश के तहत तीनों ने विस्फोटक पदार्थ में आग लगा दी और भाग गए। उन्होंने कहा, इसके चलते बहुत बड़ा विस्फोट हुआ, जिसमें मेरे और मेरे पड़ोसी के परिवार के सदस्य मलबे में दब गए और उनकी मौत हो गई। आरोपियों ने हत्या के इरादे से गोदाम में आग लगाई थी। स्थानीय निवासियों ने यह भी बताया कि विस्फोट के कारण करीब एक दर्जन मकान क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ मकानों की छतें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। एसएचओ ने बताया कि विस्फोट के विभिन्न बिंदुओं पर पुलिस प्रशासन के साथ अग्निशमन विभाग के अधिकारी एवं एसडीआरएफ की टीम जांच कर रही है। मंगलवार को मृतक के परिजनों ने सरकार से मुआवजे की मांग की और कहा कि जब तक राज्य सरकार उन्हें मुआवजा नहीं देती, तब तक मृतकों का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा।बाद में, शिकोहाबाद के समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक मुकेश वर्मा ने कहा कि परिवार के सदस्य अंततः इस आश्वासन के बाद सहमत हुए कि उन्हें जल्द ही मुआवजा दिया जाएगा। विस्फोट की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस एवं अग्निशमन दल के अधिकारियों ने राहत बचाव कार्य शुरू किया। शिकोहाबाद के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। इससे पहले स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पहुंचे आगरा परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) दीपक कुमार ने पीटीआई-भाषा को कहा था, घनी आबादी में किसी भी प्रकार के पटाखा गोदाम की अनुमति नहीं होती है। यह गोदाम घनी आबादी में कैसे संचालित हो रहा था, इसकी पूरी जानकारी प्राप्त कर विधिक कार्वाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, नौशहरा में भूरे खां द्वारा बड़े स्तर पर पटाखे बनाए जा रहे थे। सोमवार रात लगभग साढ़े 10 बजे अचानक पटाखे के गोदाम में विस्फोट के साथ धमाके की आवाज हुई, जिससे पटाखा गोदाम की दीवारें ढह गईं ।

## बीएसएफ ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाक घुसपैठिए को मार गिराया

**अमृतसर।** पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति को सोमवार रात करीब सवा नौ बजे अमृतसर जिले के रतन खुर्द गांव क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते हुए देखा गया और वह सीमा बाड़ के पास पहुंच गया। प्रवक्ता ने बताया कि सैनिकों द्वारा चुनौती दिए जाने के बाद भी घुसपैठिए ने आगे बढ़ना जारी रखा और वह आक्रामक तेवर दिखा रहा था। उन्होंने कहा, ड्यूटी पर तैनात सैनिकों ने आगे बढ़ रहे घुसपैठिए पर गोली चलाकर उसे मौके पर ही ढेर कर दिया।

## लॉजिस्टिक्स नेटवर्क मजबूत किया गया

**बैंगलुरू।** आगामी त्योहारों की तैयारी में एमेज़ॉन इंडिया ने आज दिल्ली एनसीआर, गुवाहाटी और पटना में तीन नए फुलफिलमेंट सेंटर लॉन्च करने की घोषणा की। ये नए फुलफिलमेंट सेंटर एमेज़ॉन के मौजूदा फुलफिलमेंट नेटवर्क के विस्तार के साथ उत्तर और पूर्व भारत में डिलीवरी में तेजी लेकर आएंगे। इस निवेश से इन राज्यों के विक्रेताओं को अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने में मदद मिलेगी क्योंकि उनके उत्पाद ग्राहकों तक ज्यादा तेजी से पहुँच सकेंगे। इससे हजारों नौकरियों के अवसर उत्पन्न होंगेए जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। ये नौकरियाँ एमेज़ॉन के ऑपरेशंस नेटवर्क में विभिन्न भूमिकाओं के लिए होंगीए जिनमें पूर्णकालिक और अंशकालिक नौकरियों के अवसर शामिल हैं। अभिनव सिंह वीपी ऑपरेशंसए एमेज़ॉन इंडिया ने कहा कि हम भारत में हर पिनकोड में मौजूद अपने ग्राहकों को सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और त्योहारों के दौरान बहुत तेजी और विश्वसनीयता से उनके पसंदीदा उत्पाद उन तक पहुँचा रहे हैं।

## अडोबी ने 8 भारतीय भाषाओं में फीचर जारी किए

**नोएडा।** अडोबी ने अपने ऑलइनवन कंटेंट क्रिएशन ऐपअडोबी एक्सप्रेस के लिए भारतीय भाषाओं के अपडेट जारी किए जिससे भारत में लाखों लोग अपने विचारों, भावनाओं और व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक डिज़ाईन बना सकेंगे। डेस्कटॉप वेब और मोबाईल पर अडोबी एक्सप्रेस के लिए इंटरफेस अब हिंदी, तमिल और बंगाली में उपलब्ध होगा, जिससे यूज़र्स अपनी स्थानीय भाषा में फीचर्स का उपयोग कर सकेंगे। आठ भारतीय भाषाओं . हिंदी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालमए पंजाबीए तमिलए और तेलुगू को सपोर्ट करता है। अडोबी एक्सप्रेस और डिजिटल मीडिया सर्विसेज़ में सीनियर वाईस प्रेसिडेंट गोविंद बालकृष्णन ने कहा कि अडोबी में हम निरंतर अपने उत्पादों में इनोवेशन लाकर अपने शक्तिशाली डिज़ाईन टूल्स ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचा रहे हैं।

## साक्षरता के लक्ष्यों को पूरा करने पर होगा सेमिनार

**नोएडा।** देवी संस्थान 23 से 25 सितंबर 2024 तक लखनऊ में तीन दिवसीय सिनर्जी समिट 3.0 का आयोजन करने जा रहा है। भारत को 2026 तक निपुण बनाने के उद्देश्य से, यह समिट निपुण भारत मिशन के बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता एफएलएन लक्ष्यों की प्रगति को बढ़ावा देने का प्रयास करेगा। इस आयोजन का उद्घाटन भारत सरकार के माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा 23 सितंबर को सुबह 10 बजे वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर सिटी मॉन्टेसरी स्कूलए लखनऊ में किया जाएगा। इस समिट में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री संदीप सिंह सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। टाटा स्टील फाउंडेशन ,अडानी फाउंडेशन, हिंदालको आदित्य बिड़ला फाउंडेशन, कोटक महिंद्रा फाउंडेशन, द वर्ल्ड बैंक, एचसीएल टेक और एनसीईआरटी जैसी प्रमुख संस्थाएँ इस आयोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा होंगी।

## क्विक न्यूज

### इंदौर में 6.7 एकड़ बेशकीमती जमीन को वक्फ संपत्ति बताए जाने का दावा खारिज

**इंदौर ( मप्र )।** इंदौर में करबला मैदान की 6.70 एकड़ जमीन को वक्फ संपत्ति बताए जाने का दावा खारिज करते हुए जिला अदालत ने नगर निगम को इस बेशकीमती भूमि का मालिक घोषित कर दिया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में अदालत के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस विवादित जमीन को लेकर 1979 से चल रही कानूनी लड़ाई में नगर निगम को ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। भार्गव ने बताया कि करबला मैदान पर अवैध कब्जा रोकने को लेकर नगर निगम का दायर मुकदमा एक दीवानी अदालत ने 2019 में खारिज कर दिया था। महापौर ने बताया कि नगर निगम ने इस फैसले को जिला न्यायालय में चुनौती दी और मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड, करबला मैदान समिति एवं मुस्लिम पक्ष के अन्य लोगों को प्रतिवादी बनाया गया। जिला न्यायाधीश नरसिंह बघेल ने नगर निगम की अपील स्वीकार करते हुए 13 सितंबर को पारित फैसले में कहा, प्रतिवादी गण यह प्रमाणित करने में असफल रहे हैं कि वादग्रस्त संपत्ति एक वक्फ संपत्ति है। अदालत ने होलकर राजवंश के शासनकाल में प्रचलित इंदौर नगर पालिक अधिनियम 1909 और मध्य भारत नगर पालिका अधिनियम 1917 से लेकर होलकर रियासत के भारत संघ में विलय के बाद बने नगर पालिक अधिनियम 1956 के प्रावधानों की रोशनी में नगर निगम को करबला मैदान की 6.70 एकड़ जमीन का मालिक घोषित किया। जिला न्यायालय में नगर निगम की ओर से कहा गया कि इन कानूनों में एक जैसा प्रावधान है कि सरकारी और निजी संपत्तियों को छोड़कर शहर की सभी खुली भूमियां नगर निगम की संपत्तियों में निहित हो जाएंगी। प्रतिवादियों ने अदालत में कहा कि पूर्ववर्ती होलकर शासकों ने करबला मैदान की जमीन मोहर्म पर ताजिए ठंडे करने के लिए आरक्षित कर दी थी जहां मस्जिद भी बनी हुई है। मुस्लिम समुदाय का दावा था कि इस जमीन पर उसका कब्जा करीब 200 साल से लगातार बना हुआ है। हालांकि, अदालत अपने फैसले में तथ्यों पर गौर करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंची कि पिछले 150 साल से इस जमीन के एक हिस्से का उपयोग ताजिए ठंडे करने के धार्मिक कार्य के लिए होता आ रहा है।

### न्यायालय ने पत्रकार सिद्दीकी कप्पन की याचिका पर उप्र सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।**उच्चतम न्यायालय ने केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में जमानत में हर सप्ताह पुलिस के सामने हाजिरी लगाने की शर्त में छूट देने की उनकी याचिका पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हन और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कप्पन की याचिका पर राज्य सरकार से जवाब देने को कहा। कप्पन को उत्तर प्रदेश के हाथरस में सामूहिक दुष्कर्म के बाद एक दलित महिला की मौत के बाद वहां जाते वक्त अक्टूबर 2020 में गिरफ्तार कर लिया गया था। पीठ ने इस मामले पर दो सप्ताह बाद अगली सुनवाई की तारीख तय की। उच्चतम न्यायालय ने नौ सितंबर 2022 को कप्पन को जमानत देते हुए कहा था कि हर व्यक्ति को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। कप्पन को करीब दो साल तक जेल में रहने के बाद जमानत दी गई थी। न्यायालय ने जमानत के लिए कई शर्तें लगाई थीं जिनमें यह भी शामिल था कि कप्पन को जेल से रिहा होने के बाद अगले छह हफ्तों तक दिल्ली में रहना होगा और हर सप्ताह सोमवार को यहां निजामुद्दीन पुलिस थाने में हाजिरी लगानी होगी। पीठ ने आदेश में कहा था, अपीलकर्ता को तीन दिन के भीतर निचली अदालत में ले जाया जाएगा और निचली अदालत द्वारा उचित समझी जाने वाली शर्तों पर जमानत पर रिहा किया जाएगा। उसने कहा था, जमानत की शर्त यह होगी कि अपीलकर्ता यहां दिल्ली में निजामुद्दीन क्षेत्र में रहेगा। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के साथ कथित संबंध रखने के लिए कप्पन सहित चार लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के विभिन्न प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पीएफआई पर पहले भी देशभर में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के लिए आर्थिक मदद का आरोप लगा था। पुलिस ने पहले दावा किया था कि आरोपी हाथरस में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने का प्रयास कर रहे थे। दलित महिला से 14 सितंबर 2020 को उसके गांव के चार लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया था और इसके एक पखवाड़े बाद दिल्ली के एक अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। उसका आधी रात को उसके गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया था।उसके परिवार ने दावा किया था कि उनकी सहमति के बगैर अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें आखिरी बार शव घर लाने की अनुमति नहीं दी गई थी।

### बंटवाल में ईद उल मिलाद के जुलूस के चलते शराब बिक्री पर रोक

**मंगलूरु ( कर्नाटक )।** मंगलूरु के बंटवाल में ईद उल मिलाद के जुलूस के दौरान शांति बनाए रखने के लिए मंगलवार तक मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक का निर्देश दिया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दक्षिण कन्नड़ जिले के उपायुक्त मुल्लई मुहिलान ने सोमवार को जारी अपने निर्देश में कहा कि अगले 48 घंटे तक बंटवाल नगरपालिका क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। यह फैसला ईद उल मिलाद के जुलूस और उससे जुड़े संभावित तनाव को देखते हुए लिया गया है। उपायुक्त कार्यालय ने बताया कि मंगलूरु में 15 सितंबर को ईद उल मिलाद के मौके पर जुलूस निकाले जाने थे। इससे पहले 14 सितंबर को बंटवाल नगर पालिका के सदस्य शरीफ की विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सचिव शरण पंपवेल के खिलाफ सोशल मीडिया पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में विभिन्न हिंदू संगठनों ने 16 सितंबर को बीसी रोड जंक्शन पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। उपायुक्त ने अपने निर्देश में कहा है कि बंटवाल एक संवेदनशील इलाका माना जाता है और यहां पहले भी सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बन चुकी है। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए एहतियातन यह कदम उठाया गया है। निर्देश में कहा गया है कि दक्षिण कन्नड़ जिले के जिलाधिकारी और जिला दंडाधिकारी ने कर्नाटक आबकारी अधिनियम, 1965 की धारा 21 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह आदेश जारी किया है।

### बंगाल सरकार महिला विरोधी है : शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा राज्य सरकार का महिला विरोधी चरित्र उजागर हो चुका है। अधिकारी ने यह टिप्पणी राज्य सरकार द्वारा हाल ही में जारी किए गए एक परिपत्र के संदर्भ में की, जिसमें महिला चिकित्सकों के लिए रात्रि ड्यूटी से बचने और उनके कार्य घंटों को एक बार में 12 घंटे तक सीमित करने निर्देश दिया गया है। अधिकारी की यह टिप्पणी मंगलवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के रात्रिर साथी कार्यक्रम पर आपत्ति जताए जाने के कुछ ही देर बाद आई है। न्यायालय ने कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान यह आपत्ति जताई थी। न्यायालय की आपत्ति के बाद राज्य सरकार ने पीठ से कहा कि वह महिला चिकित्सकों के लिए जारी अधिसूचना वापस लेगी। अधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम एक भेदभावपूर्ण कदम है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा,"राज्य पुरुषों और महिलाओं के बीच कैसे भेद कर सकता है? यह सरकार महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रही है और इन कार्वाइयों से यह साबित हो रहा है कि उसका नजरिया महिला विरोधी है।" अधिकारी ने यह भी कहा कि आरजी कर अस्पताल में हुई घटना के सिलसिले में कुछ पुलिस अधिकारियों की गिरफ्तारी से बंगाल की महिलाओं की चिंताओं का समाधान नहीं हो पाएगा, क्योंकि मुख्य आरोपी अभी भी बचे हुए हैं, लेकिन वे जल्द ही जांच एजेंसियों की जांच के दायरे में आ जाएंगे।

# भारत और अमेरिका ने गाजा मामलों पर चर्चा की

## अंतरसत्रीय वार्ता में हिंद-प्रशांत पर भी बात



**वाशिंगटन।** भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों ने सोमवार को अमेरिका-भारत टू प्लस टू अंतरसत्रीय वार्ता की और इस दौरान उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूक्रेन एवं गाजा से संबंधित मामलों पर चर्चा की। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय न बताया कि नई दिल्ली में हुई इस बैठक में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की सह-अध्यक्षता दक्षिण एवं मध्य एशिया ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू और हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के लिए प्रधान उप सहायक रक्षा मंत्री जेडीडिया पी. रॉयल ने की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की सह-अध्यक्षता उत्तर अमेरिका एवं दक्षिण अमेरिका महाद्वीपों के लिए विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव नागराज नायडू और रक्षा मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय सहयोग के संयुक्त सचिव विश्वेश नेगी ने की। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस वार्ता के दौरान रक्षा सहयोग, अंतरिक्ष एवं नागरिक उड्डयन सहयोग, स्वच्छ ऊर्जा सहयोग और औद्योगिक एवं साजो-सामान के मामले में समन्वय सहित साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। उसने कहा, अधिकारियों ने हिंद-प्रशांत और कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने यूक्रेन में न्यायसंगत और स्थाई शांति तथा गाजा में युद्धविराम और मानवीय सहायता के लिए समर्थन पर चर्चा की।

### अमेरिका-भारत साझेदारी वैश्विक चुनौतियों का समाधान करेगी, विकास को आगे बढ़ाएगी: निशा बिस्वाल

**वाशिंगटन।** अमेरिका की वरिष्ठ अधिकारी निशा बिस्वाल ने भारत की अपनी हालिया यात्रा के दौरान कहा कि भारत और अमेरिका स्थानीय एवं वैश्विक समस्याओं को हल करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। मीडिया में सोमवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त निगम (डीएफसी) की उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशा बिस्वाल ने 10 से 14 सितंबर तक मुंबई और नई दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान विकास एवं प्रगति से जुड़ी अहम प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने तथा विश्व की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के लिए भारत के साथ डीएफसी की साझेदारी पर प्रकाश डाला। इसमें बताया गया कि यात्रा के दौरान बिस्वाल ने भारत में किफायती आवास ऋण और टीकों के निर्माण में मदद करने के लिए सात करोड़ अमेरीकी डॉलर के नए डीएफसी निवेश की घोषणा की। उन्होंने यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) के इंडिया आइडियाज शिखर सम्मेलन में दोनों देशों और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के बीच दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने के लिए डीएफसी की रणनीतिक दृष्टि के बारे में बात की। बिस्वाल ने अपनी यात्रा के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास, एक्जिम बैंक की प्रबंध निदेशक हर्षा बंगारी और एक्जिम के मुख्य महाप्रबंधक टी डी शिवकुमार सहित भारत के वरिष्ठ नेताओं एवं अधिकारियों से मुलाकात की।

# माली की राजधानी में सैन्य प्रशिक्षण शिविर पर हमलाः सेना

**भाषा।** बमाको



**माली की राजधानी में** चरमपंथियों ने मंगलवार तड़के एक सैन्य प्रशिक्षण शिविर पर हमला किया। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बंदूकधारियों ने फलाडी प्रशिक्षण स्कूल में घुसने की कोशिश की। सेना ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और लोगों से इलाके से दूर रहने को कहा गया है। एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने दो विस्फोटों की आवाज सुनीं और दूर से धुआं उठता देखा। प्रशिक्षण स्कूल शहर के बाहरी इलाके में स्थित है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट करने वाले हमलावर कौन थे, उनकी संख्या कितनी थी और स्थिति नियंत्रण में है या नहीं। अपने पड़ोसियों बुर्किना फासो और नाइजर के साथ माली भी सशस्त्र समूहों के विद्रोह से जूझ रहा है, जिनमें से कुछ समूह अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध हैं। हाल के वर्षों में तीनों देशों में सैन्य तख्तापलट के बाद सत्तारूढ़ जुंटा ने फ्रांसीसी सेनाओं को वहां से निकाल कर सुरक्षा व्यवस्था के लिए भाड़े के रूसी सैनिकों की मदद ली है।माली के अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में सत्ता संभालने के बाद से कर्नल असिफमी गोइता जिहादियों के बढ़ते हमलों को रोकने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मध्य और उत्तरी माली में हमले बढ़े हैं। अलकायदा के जुलाई में किए हमले में भाड़े के करीब 50 रूसी सैनिक मारे गए थे।

### फ्लोरिडा में ट्रंप की हत्या के प्रयास की आपराधिक जांच की जाएगी : गवर्नर

**वेस्ट पाम बीच (अमेरिका)।** फ्लोरिडा की कानून प्रवर्तन एजेंसियां पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास की राज्य-स्तरीय आपराधिक जांच शुरू करेंगी। गवर्नर रॉन डिसैंटिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डिसैंटिस ने संवाददाओं से कहा कि संदिग्ध ने राज्य के कानून का उल्लंघन किया है। उनकी यह घोषणा ट्रंप की हत्या का प्रयास करने के आरोपी रेयान राउथ पर संघीय हथियार कानून के तहत आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद आई है। अधिकारियो ने कहा कि राउथ ने कोई गोली नही चलाई, ट्रंप कभी उसकी नजर के सामने नही थे और एक सुरक्षाकर्मी ने उसे देखकर उसकी दिशा में गोली चलाई, जिसके बाद वह मौके से भाग गया। बाद में राउथ को पास के एक इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया।

### मोटोरोला दुनिया में छाएगा

**यूके ।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी मोटोरोला ने मोटोरोला एज50 नियो को भारत में लॉन्च किया है। यह मोटोरोला के प्रीमियम एज स्मार्टफ़ोन लाइनअप में शामिल किया गया सबसे नया प्रोडक्ट है, जो स्लीक एवं मिनिमलिस्ट डिज़ाइन के साथ बेहद दमदार फीचर्स का बेजोड़ संगम है और रेडी फॉर एनीथिंग् के टैगलाइन को साकार करता है। अधिकतम क्रिएटिविटी वाला यह डिवाइस सही मायने में बहु.उपयोगी हैए और इसी वजह से यह स्टाइल के साथ.साथ परफॉर्मेंस की मांग करने वाले यूजर्स के लिए बिल्कुल सही स्मार्टफ़ोन बन गया है।। मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टीएम नरसिम्हन ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा कि हम एज50 नियो के लॉन्च से बेहद उत्साहित महसूस कर रहे हैं, जो बहुत अधिक क्रिएटिविटी और मिनिमलिस्ट डिज़ाइन का बेजोड़ संगम है।

### 2024 के अंत 13 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात संभव

**अमेजन।** अमेज़न ने एक्सपोर्ट डाइजेस्ट 2024 का अनावरण किया और घोषणा की कि कंपनी 2024 के अंत तक भारत के हज़ारों भारतीय व्यवसायों को 13 अरब डॉलर से अधिक का ई.कॉमर्स निर्यात करने में मदद करने कीदिशा में आगे बढ़ रही है। अमेज़न के प्रमुख ई.कॉमर्स निर्यात कार्यक्रम अमेज़न ग्लोबल सेलिंग को 2015 में लॉन्च किया गया था। पिछले नौ साल में 1.50 लाख निर्यातक इस कार्यक्रम का हिस्सा रहे ह, जिन्होंने कुल मिलाकर दुनिया भर के ग्राहकों को 40 करोड़ से अधिक मेड इन इंडिया् उत्पाद बेचे हैं। पिछले एकसाल में इस कार्यक्रम के तहत कुल विक्रेताओं की संख्या में 20प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अमेज़न ग्लोबल सेलिंगको पूरे देश में तेज़ी से अपनाया जा रहा है औरइसमें 200 से अधिकशहरों के विक्रेता हैं। यह विक्रेताओं को अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कनाडा, मेक्सिको, जर्मनी, इटली, फ्रांस, स्पेन,ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर आदि देशों में 18 से अधिक अमेज़न वैश्विक बाज़ारों पर करोड़ों ग्राहकों कोबेचकर वैश्विक ब्रांड बनाने में मदद करता है।

### पाकिस्तान के सिंध में दो हिंदू लड़कियों का अपहरण

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हाल में दो हिंदू लड़कियों का उनके घरों से अपहरण कर लिया गया। हिंदू समुदाय के नेताओं ने यह जानकारी दी और हिंदू लड़कियों के अपहरण और जबरन धर्मांतरण की घटनाओं पर लगाम के लिए ठोस सुरक्षा उपाय करने की मांग की। सिंध के हैदराबाद शहर में रहने वाले हिंदू नेता शिवा काची ने कहा, हमें लगभग हर हफ्ते प्रांत के विभिन्न हिस्सों से ऐसी घटनाओं की जानकारी मिल रही है और किसी को कोई परवाह नहीं है। हिंदू समुदाय बहुत डरा हुआ है। काची पाकिस्तान दारेवर इत्तेहाद नामक संगठन के प्रमुख है, जो उन अपहृत हिंदू लड़कियों की बरामदगी के लिए अभियान चला रहा है, जिन्हें कथित तौर पर इस्लाम कबूल करने और कई मामलों में खुद से कहीं अधिक उम्र के मुस्लिम पुरुषों से निकाह करने के लिए मजबूर किया गया।

# यागी से दक्षिण पूर्वी एशिया में मृतक संख्या 500 के पार पहुंची

● म्यांमा में 200 लोगों की मौत

**भाषा।** बैंकाक



**म्यांमा में** पिछले हफ्ते आए तूफान यागी और मानसून की बारिश की वजह से आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 226 लोगों की मौत हो गई है तथा 77 लोग लापता हैं। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इन आंकड़ों के बाद दक्षिण पूर्व एशिया में तूफान के कारण मृतक संख्या 500 के पार चली गई है। प्रभावित इलाकों में संचार संबंधी दिक्कतें हैं जिस वजह से हताहतों की तादाद पता लगाने का काम धीमा है। आसियान मानवीय सहायता समन्वय केंद्र के मुताबिक, तूफान यागी ने सबसे पहले वियतनाम, उत्तरी थाईलैंड और लाओस को प्रभावित किया था। वियतनाम में करीब 300, थाईलैंड में 42 और लाओस में चार लोगों की मौत हुई थी। उसने कहा कि फिलीपीन में 21 लोगों की मौत हुई है तथा 26 अन्य लापता हैं।संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय ने सोमवार को बताया था कि म्यांमा में बाढ़ से अनुमानित 631,000 लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि सितंबर की शुरुआत में म्यांमा में पहले से ही 34 लाख लोग विस्थापित थे जिनमें से ज्यादातर युद्ध एवं अशांति की वजह से विस्थापित हुए।तूफान के कारण और मानसून की बारिश के कारण म्यांमा में व्यापक बाढ़ आ गई, विशेष रूप से मध्य और पूर्वी क्षेत्रों के साथ-साथ राजधानी नेपीता भी सैलाब की चपेट में है। म्यांमा एलिन की रिपोर्ट के मुताबिक, 160,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और बाढ़ पीड़ितों के लिए 438 अस्थाई राहत शिविर खोले गए हैं। सैन्य सरकार ने घोषणा की है कि लगभग 240,000 लोग विस्थापित हो गए हैं। इसमें यह भी कहा गया कि बाढ़ से लगभग 130,000 मवेशी मारे गए तथा 259,000 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि जलमग्न है।

### मेटा ने रूसी सरकारी मीडिया संस्था पर प्रतिबंध लगाया

**लंदन।** मेटा ने रूस के सरकारी मीडिया संस्थान पर अपने दुष्प्रचार को बढ़ावा देने के लिए कपटपूर्ण चालें चलने का आरोप लगाते हुए उसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंधित करने की घोषणा की है। इस पर रूस ने मंगलवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम जैसे मंचों का संचालन करने वाली कंपनी मेटा ने सोमवार देर रात कहा कि वह रूस के गुप्त अभियानों का मुकाबला करने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए अगले कुछ दिन में प्रतिबंध लगाएगी। मेटा ने एक बयान में कहा, सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, हमने रूसी सरकारी मीडिया संस्थान के खिलाफ अपनी प्रवर्तन कार्वाई की।

## क्विक न्यूज

### फ्रांस में 50 से अधिक लोगों से पत्नी का बलात्कार कराने वाले शख्स के खिलाफ मुकदमा शुरू

**एविग्नन (फ्रांस)।** दक्षिण फ्रांस मे एक दशक तक पत्नी को नशीला पदार्थ देने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के लिए दर्जनों पुरुषों को बुलाने के सनसनीखेज मामले के आरोपी के खिलाफ अदालत में मुकदमा शुरू हो गया है, और मंगलवार को वह अदालत मे बयान दर्ज करा रहा है। इस मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। मामले के आरोपी डोमिनिक पेलीकोट (71) को दोषी पाए जाने पर 20 साल के जेल की सजा हो सकती है। उसकी गवाही अदालत में उसके साथ खड़े करीब 50 अन्य लोगों के लिए अहम होगी, जिनके खिलाफ आरोपी की पत्नी गिसेले पेलीकोट के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। फ्रांस मे यौन हिंसा के खिलाफ लड़ाई का प्रतीक बन चुकी पीड़िता गिसेले पेलीकोट मामले में अपनी पहचान उजागर करने के लिए राजी हो गई है और उन्होंने इस मुकदमे की सुनवाई खुली अदालत मे करने को मंजूरी दे दी है। वह अपने पूर्व पति की गवाही के बाद अदालत मे बयान दर्ज करा सकती है।

### एपीआई संचालित सिस्टम को पूरी दुनिया में बढ़ावा

**यूपी।** भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़. तेज़ी से विकसित होते एमएसएमई सेक्टर को मजबूत बनाने के दृष्टिकोण के साथ टैली सोल्युशन्स ने आज अपनी कनेक्टेड सर्विसेज़ को और बेहतर बनाते हुए नए टैलीप्राइम 5.0 का लॉन्च किया। बिज़नेस मैनेजमेन्ट सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने वाली टेक्नोलॉजी कंपनी टैली ने एपीआई.संचालित टैक्स फाइलिंग के साथ अपनी कनेक्टेड सर्विसेज़ को नया आयाम दिया है। देशविदेश में मि.मास सेगमेन्ट के बिज़नेस के संचालन को सुगम बनाने के प्रयास में यह लॉन्च किया गया है। उत्तर प्रदेश में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए यह लॉन्च किया गया है। राज्य में देश के 14 फ़ीसदी लघु एवं मध्यम व्यवसाय हैं। ये यूएई, कतर व बांग्लादेश जैसे राज्यों में इसका प्रसार करेगा। 9 मिलियन रजिस्टर्ड और अनरजिस्टर्ड एमएसएमई के साथ देश के सबसे अधिक बिज़नसेज़ इसी राज्य में हैं, जो इंजीनियरिंग गुड्स, गलीचे, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक और ग्लासवेयर में काम करते हैं। इसके अलावा प्रदेश की राजधानी लखनऊ एमएसएमई के लिए हब के रूप में उभरी ह,जहां 1.6 लाख रजिस्टर्ड एमएसएमई हैं। इसके अलावा मिडल ईस्ट और बांग्लादेश में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए टैलीप्राइम 5.0 में अडवान्स्ड मल्टी.लिंगुअल क्षमता को भी शामिल किया गया हैए जो फ़ोनेटिक सपोर्ट के साथ अरबी और बंगाली भाषाओं का इंटरफ़ेस भी प्रदान करेगा। टैली सोल्युशन्स में जनरल मैनेजर.ईस्ट अर्चन मुखर्जी ने कहा कि हम एमएसएमई के लिए बिज़नेस के संचालन को आसान बनाने के लिए अपनी टेक्नोलॉजी को लगातार इनोवेट कर रहे हैं। हमारी यह नई रिलीज़ भारतीय बिज़नसेज़ के लिए जीएसटी फ़ाइलिंग को आसान बनाने के लिए डिज़ाइन की गई है।

### जोश कूले की ट्रांसफॉर्मर्स फिर करेगी मनोरंजन

**हालीवुड।** ट्रांसफ़ॉर्मर्स ने हमारा परिचय ऑटोबोट्स की दिलचस्प और रोमांचक दुनिया से कराया था। और इस बार हम फ़िर से वहीं पहुँचने वाले हैं, जहाँ से सबकुछ शुरू हुआ था! इस बार दर्शक ओरियॉन पैक्स और डी-16 से मिलेंगे जोकि साइबरट्रोन की एनर्गोन माइन्स के दो बड़े ही मेहनती ऑटोबोट्स हैं। उनकी दोस्ती पक्की है, दोनों के साझा सपने हैं और दोनों ही रोजाना माइनिंग में लगे रहते हैं। हालांकि इन सतही बातों के पीछे उनकी शख्सियतों और महत्वाकांक्षाओं में फ़र्क है, जिसके कारण हमें एक नाटकीय बदलाव देखने को मिलेगा। दोस्ती की मिठास बड़ी तेजी से दुश्मनी की कड़वाहट में बदल जाएगी, जो हमें कैन और एबेल की पुरानी कहानी की याद दिलाएगी। यह फ़िल्म बड़े ही उत्साह से उस पुरानी कहानी में जान डालती है और दिखाती है कि गहरी दोस्ती कैसे भयानक दुश्मनी में बदल सकती है। जब ओरियॉन और डी-16 के साझा सपनों में टकराव होता है और एकदूसरे से उनका भरोसा उठ जाता हैए तब इस कहानी में रिश्तों की कमजोरी और महत्वाकांक्षा की विनाशकारी क्षमता दिखाई पड़ती है। बेहद तकनीकी दुनिया के परिदृश्य में दोस्ती से लेकर दुश्मनी तक उनका सफ़र धोखेबाजी की एक दिलचस्प और सदाबहार कहानी सामने रखता है। उनकी इस दुनिया को बनाने वाले डायरेक्टर जोश कूले ने विस्तार से जानकारी दी है। ट्रांसफ़ॉर्मर्स वन के डायरेक्टर जोश कूले ने कहा कि यह फ़िल्म मुख?य रूप से उनकी दोस्ती पर आधारित है। वह ऑप्टिमस प्राइम और मेगाट्रोन बन जाएंगेए जैसा कि ग्रीक माइथोलॉजी के टाइटन्स थे। यह फ़िल्म भारत के थियेटर्स में 20 सितंबर 2024 को आ रही है। अंग्रेजी और हिन्दी में यह 2डीए 3डी, 4डी और आईमैक्स 3डी पर उपलब्ध होगी।

### इमरान खान पर सैन्य मुकदमा नहीं चलेगा: पाक सरकार ने अदालत में कहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने यहां उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर सैन्य मुकदमे का विचार नही है। इससे कुछ दिन पहले ही अदालत ने इस मुद्दे पर अनिश्चितता को लेकर सरकार से स्पष्टीकरण देने को कहा था। खान (71) ने 9 मई, 2023 की हिंसा में शामिल होने को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामलों के संबंध में सैन्य मुकदमे की संभावना के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय मे याचिका दायर की थी। पिछले साल हुई इस हिंसा में उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थकों ने उनकी गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह सरकार से पूछा था कि इस मुद्दे पर बनी अनिश्चितता को लेकर स्थिति साफ करें।

### डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने रूस में अपना परिचालन बंद किया

**जिनेवा।** डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने मंगलवार को कहा कि उसने 32 वर्षों के बाद रूस में अपना परिचालन बंद कर दिया है। संगठन ने न्याय मंत्रालय के एक पत्र का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि चिकित्सा सहायता समूह को विदेशी गैर-सरकारी संगठनों के रजिस्टर से हटा दिया गया है। सहायता समूह को फ्रेंच भाषा में मेडिसिन्स सेन्स फ्रंटियर्स (एमएसएफ) के नाम से भी जाना जाता है। उसने कहा कि वह मॉस्को में अपना कार्यालय खोले रखेगा, लेकिन इसके नीदरलैंड के सहयोगी द्वारा किया जाने वाला इसका परिचालन बंद कर दिया गया है। समूह के प्रवक्ता ने एक ईमेल में कहा कि एमएसएफ नीदरलैंड का पंजीकरण वापस ले लिया गया है। एमएसएफ 1992 से रूस में है और इसने बेघर लोगों और प्रवासियों के लिए सहायता, तपेदिक के उपचार और एचआईवी जैसे संक्रामक रोगों सहित सामान्य स्वास्थ्य देखभाल के लिए कार्यक्रम संचालित किए है।

### बांग्लादेश में लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण परिवर्तन का समर्थन करना सभी के हित में है : अमेरिकी राजनयिक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के एक शीर्ष राजनयिक ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश में लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण और वैध परिवर्तन का समर्थन करना सभी के हित में है। प्रबंधन और संसाधन के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने प्रतिष्ठित हडसन इंस्टीट्यूट में एक सवाल के जवाब में कहा, मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण एक लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण, वैध परिवर्तन को समर्थन देने की कोशिश करना है। मुझे लगता है कि इसी में सभी की भलाई है। वर्मा ने कहा, उम्मीद है कि सुरक्षा बहाल होगी, कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बहाल होगी और साथ ही लोगों को बुनियादी आर्थिक सेवाएं भी मिल जाएंगी। उन्होंने कहा, इसका निर्णय बांग्लादेश के लोगों को करना है कि कैसे और कब उन्हें नए चुनाव कराने है और सत्ता परिवर्तन के बाद बनी यह सरकार कब तक रहेगी। उन्होंने कहा, हमारी भूमिका लोगों का समर्थन करने की है। सच कहूं तो, किसी भी नागरिक के खिलाफ हमले चिंताजनक है। हमें उन्हें गंभीरता से लेना होगा।

### इटली की पीएम मेलोनी ने मोदी को उनके 74वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने मंगलवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मेलोनी ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करना जारी रखेंगी। मेलोनी (47) ने भारतीय प्रधानमंत्री के साथ हाथ मिलाते हुए अपनी एक तस्वीर भी साझा की। इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि हम इटली और भारत के बीच मित्रता और सहयोग को और मजबूत करेंगे, तथा वैश्विक चुनौतियों का मिलकर सामना करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को 74 साल के हो गए।

# पेरू में जंगल की आग की घटनाओं में 15 की मौत

**भाषा।** लीमा



**पेरू में जंगल में** लगी आग की घटनाओं के कारण जुलाई से अब तक कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है और तीन हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि तथा वन क्षेत्र जलकर खाक हो गया है। प्राधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनजेन ने पत्रकारों से कहा कि आग मानवीय गतिविधियों के कारण लगी है और देश के 24 में से 22 क्षेत्र इससे प्रभावित है। उन्होंने कहा कि बादल, धुआं और तेज हवाएं आग बुझाने में लगे विमानों के कार्य में बाधा डाल रहीं हैं। सिविल डिफेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई से अब तक आग की घटनाओं में कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है और 98 अन्य लोग आग के कारण घायल हुए है। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से 10 लोगों की मौत पिछले दो सप्ताह के भीतर हुई है और।,800 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बताया गया है कि 334 मवेशी और जानवर मारे गए हैं। पेरू के राष्ट्रीय वन एवं वन्यजीव सेवा (एसईआरएफओआर) के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से आग के फैलने में सहायक परिस्थितियां और तीव्र हो जाती हैं।

### अमेरिकी सांसदों ने न्यूयॉर्क में मंदिर के संकेतक बोर्ड को विरूपित किए जाने की निंदा की

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में दोनों प्रमुख दल के सांसदों ने न्यूयॉर्क में एक हिंदू मंदिर को जाने वाली सड़क और उसके संकेत बोर्ड को विरूपित किए जाने की घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने मामले की जांच की मांग करते हुए कहा कि अमेरिका को सभी तरह के घृणा अपराध के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। ऑनलाइन साझा किए गए एक वीडियो में देखा जा सकता है कि न्यूयॉर्क के मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को जाने वाली सड़क और उसके बाहर लगे संकेतक बोर्ड को सोमवार को पेंट से विरूपित किया गया और आपत्तिजनक शब्द लिखे गए। बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने एक्स पर एक पोस्ट में इस घटना को हिंदुओं के खिलाफ नफरत भड़काने के उद्देश्य से किया गया कृत्य करार दिया। उसने कहा, आज स्थानीय, प्रांतीय और संघीय नेता शांति, सम्मान एवं एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए एकत्र हुए। हम अपनी आस्था से प्रेरित होकर नफरत के खिलाफ करुणा और एकजुटता के साथ खड़े हैं। लॉन्ग आइलैंड के सफोल्क काउंटी में स्थित मेलविले 16 हजार सीट वाले नासाऊ वेटरन्स मेमोरियल कोलेजियम से लगभग 28 किलोमीटर दूर है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 सितंबर को एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करने वाले हैं।

# ट्रंप की हत्या की कोशिश का संदिग्ध करीब 12 घंटे तक गोल्फ कोर्स के निकट रहा



**वेस्ट पाम बीच (अमेरिका)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश के मामले का आरोपी फ्लोरिडा में एक गोल्फ कोर्स के बाहर अपनी राइफल और खाद्य सामग्री के साथ करीब 12 घंटे तक डेरा डालकर ट्रंप का इंतजार करता रहा था। ट्रंप की हत्या की फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में रविवार को उस समय कोशिश की गई जब वह अपने गोल्फ क्लब में खेल रहे थे। संघीय जांच ब्यूरो के अधिकारियों ने इस कोशिश को विफल कर दिया और संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। इस घटना से मात्र नौ सप्ताह पहले ही एक बंदूकधारी ने पेंसिल्वेनिया में 13 जुलाई को एक चुनावी रैली के दौरान ट्रंप (78) को निशाना बनाकर गोलीबारी की थी। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी। ट्रंप पर हमले की यह नई घटना रविवार दोपहर उस समय हुई जब पूर्व राष्ट्रपति गोल्फ खेल रहे थे और उनसे कुछ ही दूरी पर तैनात सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने देखा कि लगभग 400 गज की दूरी पर मैदान के किनारे झाड़ियों के बीच एक एके राइफल का हिस्सा बाहर निकला हुआ था।

# एचएईएस जीवनशैली परामर्श व वजन-केंद्रित उपचारों के साथ तुलना

**भाषा।** न्यूकैसल



**हेल्थ एट** एवरी साइज (एचईएएस) जीवनशैली परामर्श एक ऐसा दृष्टिकोण है जो वजन घटाने पर ध्यान केंद्रित किए बिना स्वास्थ्य एवं देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए संयमित भोजन और जीवनशैली व्यवहार को बढ़ावा देता है। वजन कम करना को एक लक्ष्य के बजाय एक लाभकारी दुष्प्रभाव के रूप में देखा जाता है। आकार विविधता एवं स्वास्थ्य संघ ने पहली बार 2003 में इस दृष्टिकोण को विकसित किया और 2013 और 2024 में इसे संशोधित किया। इसके वर्तमान मूल सिद्धांत निम्नलिखित को बढ़ावा देते हैं:1. वजन संबंधी भेदभाव को कम करना2. शरीर की स्वीकृति को प्रोत्साहित करना,3. सहज भोजन,4. आनंददायक शारीरिक गतिविधियां, इसका उद्देश्य मोटे लोगों द्वारा चिकित्सा देखभाल प्राप्त करते समय अनुभव की जाने वाली झिझक और भेदभाव को भी दूर करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, कई स्वास्थ्य पेशेवरों ने अपने उपचार और सेवाओं में एचएईएस दृष्टिकोण को शामिल किया है। ओबेसिटी कनाडा जैसे कुछ संगठनों ने मोटापे के उपचार के लिए अपने दिशा-निर्देशों में एचएईएस को शामिल किया है। वजन-केंद्रित उपचारों के साथ इसकी तुलना कैसी है? हमने नवंबर 2022 तक प्रकाशित ऐसे सभी शोध अध्ययनों की एक व्यवस्थित समीक्षा और मेटा आधारित विश्लेषण किया, जिनमें एचएईएस-आधारित कार्यक्रमों का उपयोग किया गया था। सभी 19 वैज्ञानिक शोधपत्रों में से हमने मोटापे से ग्रसित लोगों के परिणामों की तुलना की, जिन्होंने एचएईएस-आधारित कार्यक्रमों का उपयोग किया :1. वजन घटाने के पारंपरिक कार्यक्रम (छह अध्ययन)2. प्रतीक्षा सूची में शामिल लोग जिन्हें कोई उपचार नहीं मिला (छह अध्ययन)3. ऐसे समूह जहां लोगों को सामूहिक तौर पर साप्ताहिक स्तर पर सामाजिक सहायता मिली (चार अध्ययन) हमने भूख, वजन, कोलेस्ट्रॉल, रक्तचाप और शारीरिक स्वास्थ्य माप सहित मानसिक स्वास्थ्य पर संबंधित कार्यक्रम के प्रभाव का मूल्यांकन किया। हमारे विश्लेषण से पता चला कि एचएईएस परामर्श का उपयोग अन्य तरीकों की तुलना में भूख की संवेदनशीलता को कम करने में अधिक लाभदायक था, जिसका अर्थ है कि लोगों में भूख या भावनाओं के मद्देनजर खाने की व्यक्तिपरक धारणा कम थी। हालांकि, नियंत्रित हस्तक्षेपों की तुलना में, एचएईएस ने किसी भी अन्य शारीरिक स्वास्थ्य परिणाम - वजन घटाने, रक्त कोलेस्ट्रॉल के स्तर, रक्तचाप - या मानसिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए बेहतर परिणाम नहीं दिखाए।

### ओवरी सिंड्रोम को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित कर सकते हैं

पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम-पीसीओएस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल सितंबर को पीसीओएस जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। पीसीओएस के लक्षणों में अनियमित माहवारी, पुरुष हॉर्मोन का बढ़ना, ओवरी में सिस्ट,वजन बढ़ना, एक्ने शरीर पर ज्यादा बाल आना और प्रजनन समस्याएं शामिल हैं।इन लक्षणों को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रित करने के लिए जानीमानी आहार विशेषज्ञ और वेलनेस कंसल्टेंटए शीला कृष्णास्वामी संतुलित और स्वच्छ आहार लेने की सलाह देती हैं। वे कहती हैं कि बादाम, हरी पत्तेदार सब्जियांए दालें और साबुत अनाज जैसे प्राकृतिक खाद्य पदार्थ खाना जरूरी हैए क्योंकि इससे शरीर को सही पोषण मिलता है और समग्र सेहत में सुधार होता है। संतुलित आहार को प्राथमिकता देंरू पीसीओएस को नियंत्रित रखने के लिए संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी हैए जिसमें फल,हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, दालेंए फलियां और बादाम जैसे नट्स शामिल हों। बादाम खासतौर पर हेल्दी फैट्स, प्रोटीन और फाइबर के लिए जाना जाता हैए जो पेट भरा हुआ महसूस कराता है और वजन नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके अलावाए बादाम में मैग्नीशियम होता है, जो ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में सहायक है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद आईसीएमआरएनआईएनद्ध की डाइटरी गाइडलाइन में भी बादाम जैसे पौष्टिक नट्स को रोजाना खाने की सलाह दी गई हैए क्योंकि ये अच्छी सेहत के लिए फायदेमंद हैं। कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थों का चयन करेंरू पीसीओएस को नियंत्रित करने के लिए दालेंए साबुत अनाजए सीड्स और बादाम जैसे नट्सए जिनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता हैए काफी फायदेमंद होते हैं। इनसे ब्लड शुगर के स्तर पर नियंत्रण रहता है और इंसुलिन के फास्टिंग स्तर को कम करने में मदद मिलती है। रोजाना मुट्ठीभर बादाम खाने से न केवल ब्लड शुगर नियंत्रित रहता हैए बल्कि वजन भी सही बना रहता है और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल ;बैड कोलेस्ट्रॉलद्ध भी कम हो जाता है। इससे पीसीओएस के लक्षणों में सुधार और समग्र सेहत बेहतर हो सकती है।

# नए कोचिंग की शैली द्रविड़ की तुलना में अलग : रोहित

● लेकिन यह कोई समस्या नही है

भाषा। चेन्नई



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर की शैली उनके पूर्ववर्ती राहुल द्रविड़ से अलग है लेकिन नए कोच के साथ उनका तालमेल अच्छा है। विश्व कप विजेता पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर ने जुलाई में श्रीलंका के सीमित ओवर के दौरों से भारतीय टीम की कमान संभाली थी। बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही दो मैचों श्रृंखला में वह पहली बार टेस्ट टीम का मार्गदर्शन करेंगे। गंभीर की देखरेख में भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया था जबकि एकदिवसीय श्रृंखला में टीम को 0–2 से हार का सामना करना पड़ा था। रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा, जाहिर तौर पर राहुल भाई, विक्रम राठौड़ और पारस महाम्ब्रे एक अलग टीम थे। हमें पता है कि नया सहयोगी स्टाफ अलग दृष्टिकोण लाएगा। उन्होंने कहा, श्रीलंका में हमने (नए स्टाफ के साथ) जो मैच खेले, वे चीजों को समझते हैं और उन्हें तालमेल बैठाने में कोई परेशानी नहीं है। वह टीम के माहौल में ढलने लगे हैं। द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हुआ था। भारतीय टीम अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए इस विश्व कप की चैम्पियन बनीं थी। द्रविड़ अब आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स का मार्गदर्शन करेंगे। बल्लेबाजी कोच राठौड़ और गेंदबाजी को महाम्ब्रे की जगह क्रमशः अभिषेक नायर (सहायक कोच) और दक्षिण अफ्रीका के मोर्ने मोर्कल ने ले ली है। नीदरलैंड के पूर्व हरफमौला रियान टेन डोएशे भी टीम के साथ सहायक कोच के तौर पर जुड़े हैं। रोहित भारतीय टीम में गंभीर के साथ खेल चुके हैं। वह और नायर घरेलू क्रिकेट में लंबे समय तक मुंबई के लिए एक साथ खेले हैं। रोहित ने कहा, यह निश्चित रूप से एक नया (सहायक) स्टाफ है, लेकिन मैं गौतम गंभीर और अभिषेक नायर को काफी लंबे समय से जानता हूं। हर किसी की काम करने की अपनी शैली होती है और हम पहले से इस बात को समझते हैं। रोहित ने कहा, मैंने अपने करियर के 17 वर्षों में विभिन्न कोच के साथ काम किया है, और यह समझना महत्वपूर्ण है कि उन सभी का (क्रिकेट के बारे में) एक अनूठा दृष्टिकोण है, और यह जरूरी है कि आप उनके साथ तालमेल बिठाएं। रोहित ने हालांकि अतीत में मोर्कल या डोएशे के साथ कभी काम नहीं किया है लेकिन वह इन पूर्व खिलाड़ियों से तालमेल बिठाने के बारे में जानते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा, मैंने मोर्ने मोर्कल और रियान टेन डोएशे के खिलाफ भी मैच खेले हैं। मोर्कल के साथ हमारे कुछ करीबी मुकाबले रहे हैं, लेकिन रयान खिलाफ या साथ ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। फिलहाल टीम के नए सहयोगी सदस्यों के साथ ऐसी कोई समस्या या मसले नहीं है। हमारे बीच एक-दूसरे के प्रति बहुत अच्छी समझ है। उन्होंने नए मुख्य कोच और उनकी टीम के साथ अपनी तालमेल के बारे में कहा, अच्छी समझ महत्वपूर्ण है और मेरे पास वह है।

## केएल राहुल के पास स्पिन, तेज गेंदबाजों को खेलने का कौशल, उसे मौके मिलेंगे : रोहित

**चेन्नई।** अपने कैरियर मे अनिरंतरता के कारण अक्सर आलोचना झेलने वाले केएल राहुल का बचाव करते हुए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उन्हे स्पष्ट संदेश दे दिया गया है जिससे उन्हे टेस्ट क्रिकेट मे अपने कैरियर को आगे ले जाने मे मदद मिलेगी। राहुल ने 2023 मे सेंचुरियन मे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जमाया और इस साल हैदराबाद मे इंग्लैड के खिलाफ 86 रन की पारी खेली। इससे पहले दो साल तक हालांकि वह 12 पारियो मे एक ही अर्धशतक बना सके थे। रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट से पहले कहा , आपको पता है कि केएल मे क्या खूबी है , सभी को पता है। हमने उसे साफ संदेश दिया है कि हम चाहते है कि वह सारे मैच खेले। हम उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चाहते है। यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि उससे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करा सकें। उन्होंने कहा , उसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक बनाया और हैदराबाद मे पहले टेस्ट मे 80 से ऊपर स्कोर किया। इसके बाद वह चोट के कारण नही खेल सका लेकिन उम्मीद है कि वह उस लय को कायम रखेगा। रोहित ने कहा , वह स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनों को बखूबी खेलता है।

# महिला टी20 विश्व कप की पुरस्कार राशि अब पुरुषों के बराबर मिलेगी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महत्वपूर्ण फैसला करते हुए मंगलवार को घोषणा की कि विश्व कप में अब पुरुषों और महिलाओं को समान पुरस्कार राशि दी जाएगी जिसकी शुरुआत अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले महिला टी20 विश्व कप से होगी। महिला टी20 विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि अब 7,958,080 डॉलर होगी, जो पिछले साल खेले गए टूर्नामेंट की कुल राशि 24 लाख 50 हजार डॉलर से 225 प्रतिशत अधिक है।आईसीसी के बयान के अनुसार इस पुरस्कार राशि में से महिला टी20 विश्व कप में विजेता बनने वाली टीम को अब 23 लाख 40 हजार अमेरिकी डालर मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया को पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में खेले गए महिला टी20 विश्व कप जीतने पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। इस तरह से इसमें 134 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय पुरुष टीम को इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप का विजेता बनने पर 24 लाख 50 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 पहला आईसीसी टूर्नामेंट होगा जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान पुरस्कार राशि मिलेगी जो इस खेल के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। बयान के अनुसार, यह फैसला जुलाई 2023 में आईसीसी वार्षिक सम्मेलन में लिया गया जब आईसीसी बोर्ड ने अपने 2030 के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से सात साल पहले पुरुस्कार राशि समान करने का निर्णय किया। इस तरह से क्रिकेट पहला प्रमुख खेल बन गया है जिसमें विश्व कप में पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पुरस्कार राशि है। अगले महीने होने वाले टूर्नामेंट की उपविजेता टीम को 11 लाख 70 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। पिछले साल उपविजेता रही दक्षिण अफ्रीका की टीम को पांच लाख डॉलर मिले थे। इस तरह से इसमें भी 134 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को अब 675,000 डॉलर (2023 में 210 000 डॉलर से अधिक) मिलेंगे। ग्रुप चरण के दौरान प्रत्यक जीत पर टीमों को 31,154 डॉलर मिलेंगे, जबकि सेमीफाइनल में पहुंचने में विफल रहने वाली छह टीमों को उनकी अंतिम स्थिति के आधार पर कुल 13 लाख 50 हजार डॉलर की राशि में से पुरस्कार राशि मिलेगी।आईसीसी ने कहा, यह कदम महिलाओं के खेल को प्राथमिकता देने और 2032 तक उसको तेजी से आगे बढ़ाने की आईसीसी की योजना के अनुरूप है। महिला टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात के दो स्थानों दुबई और शारजाह में खेला जाएगा। ग्रुप चरण के मैच 15 अक्टूबर तक पूरे हो जाएंगे।

## प्रियांशु चाइना ओपन के पहले दौर में बाहर

**चांगझू (चीन)।** भारत के उदीयमान खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को मंगलवार को यहां चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही कनाडा के ब्रायन यांग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल ऑरलियन्स मास्टर जीतने वाले 22 वर्षीय राजावत इस सुपर 1000 टूर्नामेंट में 36 मिनट तक चले मैच में अपने कनाडाई प्रतिद्वंद्वी से 13-21, 16-21 से हार गए।

## वैलेकानो ने ओसासुना को 3-1 से हराया

**मैड्रिड।** रेयो वैलेकानो ने दूसरे हाफ मे तीन शानदार गोल करके शुरू में पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी की और ओसासुना को 3-1 से हराया जो उसकी स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र मे पहली जीत है। राउल गार्सिया डी हारो ने 26वें मिनट के बाद लंबी दूरी से गोल करके ओसासुना को बढ़त दिला दी लेकिन दूसरा हाफ पूरी तरह से रेयो के नाम रहा। रेयो की तरफ से अब्दुल मुमिन ने 49वें में बराबरी का गोल किया जबकि आंद्रेई रतिउ ने बॉक्स के ठीक बाहर से पेप चावरिया के पास पर खूबसूरत गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया।

## रोनाल्डो के बिना मैच ड्रॉ कराया अल नासर ने

**बगदाद।** स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे सऊदी अरब के क्लब अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में इराक के अल शॉर्टा के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। अल नासर ने बताया कि रोनाल्डो ने बगदाद की यात्रा नही की क्योंकि वह वायरल संक्रमण से पीड़ित हैं। पुर्तगाल के सुपरस्टार ने पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग मे खिताब जीता है लेकिन वह सऊदी अरब के अपने क्लब की तरफ से अभी तक कोई ट्रॉफी नही जीत पाए है। अल नासर ने मैच मे अच्छी शुरुआत की।

## सैफ अंडर-17 के लिए भारतीय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-17 पुरुष टीम के कोच इशफाक अहमद ने मंगलवार को सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप फुटबॉल के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भूटान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट मे भारतीय टीम ग्रुप ए मे 20 सितंबर को बांग्लादेश और 24 सितंबर को मालद्वीप का सामना करेगी। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल 28 जबकि फाइनल 30 सितंबर को खेला जाएगा। भारतीय टीमः गोलकीपरः अहिबाम सूरज सिंह, नंदन राय, रोहित। डिफेंडर : ब्रह्मचरीमयम सुमित शर्मा, चिंगथम रेनिन सिंह, जोड़िक अब्रांचेस, करीश सोरम, मोहम्मद कैफ, उशम तौगम्बा सिंह, यिफरेम्बा चिकाखम। मिडफील्डरः अब्दुल सलहा शिरगोजरी, अहोंगशांगबाम सैमसन, बनलमकुपर रिनजाह, के. अजलान खान, लेविस जांगमिनलुन, महमद सामी, मनभाकुपर मलंगियांग, मोहम्मद अरबाश, नगमगौहै मेट, निंगथौखोंगजाम ऋषि सिंह, विशाल यादव। फॉरवर्ड : भरत लैरेंजम, हेमनीचुंग लुंकिम।

## पिक्लबॉल विश्व कप में भारत से दो टीमें भाग लेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय की दो टीमें पेरू के लीमा में 22 से 27 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले पिक्लबॉल विश्व कप में चुनौती पेश करेंगी। भारतीय पिक्लबॉल संघ ने कहा कि उसे वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए दो टीमें भेजने के लिए आमंत्रित किया गया था। आईपीए ने पिक्लबॉल विश्व रैंकिंग के साथ साझेदारी मे घोषणा भी घोषणा की। आईपीए और गुजरात राज्य पिक्लबॉल संघ के तत्वावधान में अहमदाबाद मे हाल ही मे संपन्न चयन ट्रायल मे नौ प्रतिभाशाली खिलाड़ियो को भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है।

# भारत व बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने स्पिनरों के खिलाफ किया अभ्यास

भाषा। चेन्नई





भारत और बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने दो दिनों तक लाल मिट्टी वाली पिच पर अभ्यास करने के बाद मंगलवार को यहां काली मिट्टी से बनी पिच पर अभ्यास किया, जिसे स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार माना जाता है। दो मैचों की श्रृंखला का शुरुआती टेस्ट गुरुवार को यहां लाल मिट्टी वाली पिच पर खेले जाने की संभावना है, जो तेज गेंदबाजों के लिए ज्यादा मददगार होती है। शहर में पिछले दो सप्ताह से पड़ रही अधिक गर्मी के कारण हालांकि पिच के बर्ताव पर असर पड़ सकता है। एक अनुभवी पिच क्यूरेटर ने पीटीआई–भाषा से कहा, पिछले कुछ सप्ताह से चेन्नई में बहुत गर्मी है, तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है। मुझे पता चला है कि पिच पर पर्याप्त पानी डाला जा रहा है, लेकिन जैसे–जैसे मैच आगे बढ़ेगा अत्यधिक गर्मी के कारण पिच खुरदरी होती जाएगी। उन्होंने कहा, ऐसी स्थिति में मैच के आगे बढ़ने के साथ स्पिनरों का महत्व बढ़ जाएगा। यही कारण हो सकता है कि बल्लेबाज स्पिनरों की मददगार पिचों पर अभ्यास कर रहे हैं। भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने हाल ही माना था कि भारतीय बल्लेबाज श्रीलंका दौरे पर स्पिन की चुनौती से निपटने में विफल रहे थे। उन्होंने कहा, श्रीलंका ने हमेशा परेशान किया। भारतीय टीम का ध्यान अब ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे देशों में अच्छा करने पर है। टीम ऐसे में स्पिन का सामना करने के मामले में बैकफुट पर चली गई है, जो हमेशा से उसकी मजबूती मानी जाती रही है। भारतीय टीम बुधवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग ले सकती है। टीम ने मंगलवार को धूप और गर्मी के बीच अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया। मैच के लिए चुनी गई लाल मिट्टी वाली पिच को देखते हुए अगर भारतीय टीम प्रबंधन तीन तेज गेंदबाजों के साथ मैच में उतरे तो हैरानी नहीं होनी चाहिए। टीम में कुलदीप यादव की जगह आकाश दीप या यश दयाल को मौका मिल सकता है।भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के लंबे दौरे से पहले टीम के तेज गेंदबाजों को परखना चहेगी। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच कानपुर में 27 सितंबर से खेला जाएगा

## बांग्लादेश के लिए पूरी तरह से अलग रणनीति बनाने की जरूरत नहीं: भारतीय कप्तान

**चेन्नई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान पर हाल ही में मिली शानदार जीत और मेहमान टीम में तेज गेंदबाज नाहिद राणा की मौजूदगी के बावजूद बांग्लादेश के खिलाफ आगामी श्रृंखला में नई रणनीति बनाने की कोई जरूरत नही है। बांग्लादेश ने टेस्ट श्रृंखला मे 2-0 की जीत के दौरान पाकिस्तान को पहली बार हराया लेकिन रोहित ने इसे ज्यादा तवज्जो नही दी। रोहित ने यहां मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हर टीम भारत को हराना चाहती है। उन्हें इस पर गर्व होता है। उन्हें मजे करने दीजिए। हमारा काम यह सोचना है कि मैच कैसे जीते जाएं। हम इस बारे मे नही सोचते कि विरोधी टीम हमारे बारे मे क्या सोच रही है। भारत ने दुनिया की लगभग हर शीर्ष टीम के खिलाफ क्रिकेट खेला है। इसलिए पूरी तरह से अलग रणनीति बनाने की जरूरत नही है। रोहित तेज गेंदबाज राणा को लेकर भी चिंतित नही हैं जो आराम से 150 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते है लेकिन किसी एक खिलाड़ी की जगह उनका ध्यान पूरी बांग्लादेश टीम पर है।

## जेसन गिलेस्पी को भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**मेलबर्न।** पाकिस्तान की टेस्ट टीम के मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी का मानना है कि शानदार लय में चल रही भारतीय टीम पर बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन की मौजूदगी वाली ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी आक्रमण भारी पड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया 2014–15 सत्र के बाद बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी को अपने नाम करने में विफल रहा है। भारत दोनों देशों के बीच पिछली चार टेस्ट श्रृंखलाओं को जीतने में सफल रहा है, जिसमें से 2018–19 और 2020–21 में ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर ऐतिहासिक जीत भी शामिल है। ऑस्ट्रेलिया के लिए 71 टेस्ट मैचों में 259 विकेट लेने वाले गिलेस्पी का मानना है टीम की मौजूदा गेंदबाजी इकाई के पास इस परिणाम को बदलने की क्षमता है। उन्होंने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का समर्थन करूंगा और मैं आश्वस्त हूं कि वे इस काम को कर सकते हैं। इस पूर्व गेंदबाज ने कहा, वे देश के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज है। उनके रिकॉर्ड उनकी कामयाबी की कहानी बयां करते हैं। लियोन की मौजूदगी इस चौकड़ी को काफी मजबूत बनाती है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की मौजूदा चरण में एक भी श्रृंखला नहीं हारी है। भारत ने इस चरण में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड को हराया है जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी श्रृंखला ड्रॉ रही है।

# युवा टीम के लिए आसान नही था यह टूर्नामेंट : कोच



**हुलुनबुइर (चीन)।** भारतीय हॉकी टीम ने भले ही अपराजेय रहकर एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीता हो लेकिन मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन का मानना है कि उनकी युवा टीम के लिए यह आसान टूर्नामेंट नहीं था। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रही भारतीय टीम ने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में सारे मैच जीतकर फाइनल में चीन को 1–0 से हराया।पिछली बार भी खिताब जीतने वाली भारतीय टीम का यह पांचवां एसीटी खिताब था। फुल्टोन ने फाइनल के बाद कहा , हमारे लिए यह कठिन था। लेकिन आखिर में जीतना अच्छा रहा। हमें काफी मेहनत करनी होगी। हमने सात मैचों में अच्छी हॉकी खेली। आज ज्यादा गोल नहीं कर सके लेकिन नतीजा हमारे पक्ष में रहा। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीने उनके और टीम के लिए उतार चढाव भरे रहे। काफी उतार चढाव रहे।पेरिस ओलंपिक और फिर परिवार के साथ सिर्फ आठ दिन बिताने के बाद इस टूर्नामेंट की तैयारी।

## हरमनप्रीत, श्रीजेश वार्षिक पुरस्कार की दौड़ में

**लुसाने।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को मंगलवार को एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) द्वारा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया जबकि दिग्गज पीआर श्रीजेश वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के सम्मान के दावेदार होंगे। हरमनप्रीत और श्रीजेश दोनों ने पेरिस ओलंपिक मे भारत के शानदार अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जहां टीम ने कांस्य पदक जीता था। कप्तान हरमनप्रीत ने 10 गोल के साथ टीम की शानदार अगुवाई की। वह इस ओलंपिक मे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने थे। हरमनप्रीत इस पुरस्कार के लिए थिएरी ब्रिकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैड) के साथ दौड़ मे शामिल है। भारत के लिए अपने आखिरी टूर्नामेंट मे खेलते हुए अनुभवी श्रीजेश ने पूरे टूर्नामेंट मे शानदार गोलकीपिंग की।

# द्वितीय खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग के लिए यूपी की 49 सदस्यीय टीम चयनित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 49 सदस्यीय टीम द्वितीय खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज दृ 1 में प्रतिभाग करेगी। इस चैंपियनशिप के लिए चयनित टीम की घोषणा करते हुए उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश टीम कोच मोहित कुमार व हिमप्रीत सिंह और मैनेजर सुशांत गुप्ता व राजा बाबू होंगे। उन्होंने बताया कि द्वितीय खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज 1 आगामी 19 से 22 सितंबरए 2024 तक बड़ोदरा गुजरात में होगी। इसके लिए चयनित टीम 18 सितंबर 2024 को तड़के रवाना होगी। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश टीम में चयनित लखनऊ के खिलाड़ियों की रवानगी से पूर्व एलडीए स्टेडियम में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आनंद मणि जुगरान व एलडी स्टेडियम के बास्केटबॉल कोच सूरज श्रीवास्तव ने भी खिलाड़ियों की हौसला.अफजाई की। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डा सैयद रफत जुबैर रिजवीए अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू व सचिव राजकुमार ने उत्तर प्रदेश टीम में शामिल खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। उत्तर प्रदेश टीम में लखनऊ के 16 खिलाड़ियों को जगह मिली है। वहीं आगरा की नौ व यूपी पुलिस की पांच खिलाड़ी भी टीम में चयनित की गई हैं। टीम–अन्वेषा जैन, अंशिका मौर्या, नगमा परवीन, आयुष,शिवि सिंह,प्रांजलि सिंह, गार्गी कृष्णा, विधि प्रशस्ति, श्रेया शर्मा, प्रियांशी जुगरान, अक्षिता शाह, नंदिनी निगम, स्नेहा सिंह निषाद,अभ्या तिवारी, कृतिदा,श्वेता,अनुराधा, चित्रा, गुनगुन यादव, रिधिमा सिंह, अंजलि, आयुषी सिंह, दुर्गेश शर्मा, आरती शर्मा, खुशी यादव,पूजा राघव, सीमा कनौजिया, रिशिता राय, मधु सिंह,खुशबू यादव ,तूषिका वर्मा, प्रियंका कुमारी,मीनू कुमारी, श्रुति पाण्डेय ,अदिति वर्मा, विशाखा,अवंतिका भारद्वाज ,अंशिका शुक्ला,सिमोन शुक्ला, मेहर नंदिनी दिव्यांशी वर्मा ,आर्या एनसिंह, आराध्या सिंह, आराध्या सिंह, शिवानी राजपाल, दिव्यांशी साहू , साक्षी बोरा।

## विद्यालयी शूटिंग कल

**लखनऊ।** जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश अनुसार 'बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज काकोरी लखनऊ' 'जनपदीय माध्यमिक विद्यालयी शूटिंग प्रतियोगिता 2024 25' बालक एवं बालिका आयु वर्ग 14,17,19 का आयोजन19 सितंबर ो 'डी शार्प शूटर अकादमी' डी पी एस जानकीपुरम लखनऊ के पीछे में प्रातः 9 बजे से होगा।। सभी इच्छुक प्रतिभागी अपने विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षककोच, मैनेजर के साथ वांछित प्रपत्रों को 6 प्रतियों में जिला विद्यालय निरीक्षक से हस्ताक्षरित कराकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग के विभागाध्यक्ष 'हिमांशु शुक्ला' से '9044 646374' पर संपर्क कर सकते हैं।

## एनएचबीए अम्बेडकर नगर इलेवन व लवकुश नगर स्ट्राइकर्स को जीत से पूरे अंक

**लखनऊ।** वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में डीपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में एनएचबी ने मैन ऑफद मैच अमन-65 के आतिशी अर्धशतक से गोण्डा टाइटंस को 8 विकेट से हराया। एलडीए स्टेडियम पर खेले गए मुकाबलों में अम्बेडकर नगर इलेवन ने खदरा इलेवन को 5 विकेट से और लवकुश नगर स्ट्राइकर्स ने निरालानगर क्लब को 3 विकेट से हराया। गोण्डा टाइटंस ने एनएचबी के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 96 रन बनाए। साहिल ने 60 और रोहित ने 21 रन का योगदान किया। एनएचबी से सुमित को 3 विकेट की सफलता मिली। जवाब में एनएचबी ने अमन की 26 गेंदों पर 2 चौके व 8 छक्के की पारी से 2 विकेट पर 97 रन बनाकर मैच जीत लिया। बेस्ट कैच का पुरस्कार गोण्डा टाइटंस के दुर्गेश को मिला। इस मैच के मैन ऑफद मैच अमन को सुजीत कुमार वाल्मीकि उप निरीक्षक न्यू हाई कोर्ट, वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि व आयोजन समिति के उपाध्यक्ष संजय पंडित ने पुरस्कार प्रदान किया।

## जूडो खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**लखनऊ।** इंडियन पैरा जूडो अकैडमी लखनऊ में सरस्वती विद्यालय कन्या इंटर कॉलेज नरही तथा सहसंयोजक महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज मोती नगर द्वारा मंडलीय जूडो प्रतियोगिता बालकध् बालिका वर्ग में अंडर 14,17, वा 19 आयु वर्ग सम्पन्न कराई गई । जिसमें लखनऊ मंडल के जिला सीतापुर एउन्नाव व लखनऊ से प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया । मुख्य अतिथि मुनव्वर अंजार मुख्य प्रशिक्षक पेरिस पैरालंपिक 2024 सचिव उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन ने खेल के प्रति बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। जनपदीय क्रीड़ा खेल सचिव वेद प्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में सरस्वती विद्यालय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्यलता कुमारी ने आए हुए अतिथियों खिलाड़ियों व शिक्षकों को धन्यवाद दिया। चयनित खिलाडी प्रदेशीय स्तर की प्रतियोगिता में आगरा में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में टीम चैंपियनशिप की स्थिति इस प्रकार रही अंडर 14 बालक वर्ग इसमें लखनऊ विजेता और उन्नाव उपविजेता हुआ। बालिका अंदर 14 में लखनऊ विजेता हुआ । अंडर 17 वर्ग में लखनऊ बालक वर्ग का चैंपियन हुआ व सीतापुर उप विजेता बना। अंडर 17 बालिका वर्ग में लखनऊ विजेता बना व सीतापुर की लड़कियां दूसरे स्थान पर रहीं अंदर-19 वर्ग में बालकों ने टीम चैंपियनशिप पर कब्जा किया वहीं सीतापुर दूसरे स्थान पर रहा अंदर-19 बालिका वर्ग में लखनऊ गोल्ड जीतकर विजेता बना।

## क्विक न्यूज

## भारत के खिलाफ खेलना सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण है: बांग्लादेश कोच

**चेन्नई।** बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरसिंघा का मानना है कि क्रिकेट की महाशक्ति भारत के खिलाफ खेलने से उनकी टीम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी स्थिति का उचित मूल्यांकन मिलेगा। हथुरसिंघा ने मंगलवार को यहां कहा कि उनकी टीम गुरुवार से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला मे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के खिलाफ चुनौती का लुत्फ उठाने के लिए उत्सुक है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला मे 2-0 से जीत दर्ज की है। उन्होने शान मसूद की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम को शुरुआती मुकाबले में 10 जबकि दूसरे मैच में छह विकेट से हराया था। बांग्लादेश की टीम आत्मविश्वास से भरी है लेकिन विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की तालिका में शीर्ष पर काबिज भारत से उसे पाकिस्तान के मुकाबले काफी मजबूत चुनौती मिलने की उम्मीद है। श्रीलंका के पूर्व हरफनमौला हथुरसिंघा ने कहा, हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ खेलने से प्रोत्साहन मिलता है। भारत आकर उनके खिलाफ खेलना आजकल सबसे अच्छी चुनौती है। सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलने से आपको हमेशा यह पता चलता है कि आप कहां खड़े है। एक खिलाड़ी के रूप में आप हमेशा ऐसे मौके की खोज में रहते है। हथुरसिंघा को पिछले साल की शुरुआत में बांग्लादेश का कोच नियुक्त किया गया था।

## आरईपीएल स्पोर्ट्स युवा एथलीटों को पेशेवर स्तर तक तैयार करने में निभा रहा है अग्रणी भूमिका

**कानपुर।** भाग दौड़ भरी जिंदगी मेंए खेल प्रशिक्षण के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है। कम उम्र से ही खेलों में शामिल होने से शारीरिक स्वास्थ्यए मानसिक स्थिति और व्यक्ति में टीम वर्कए नेतृत्व और फैसला लेने जैसे आवश्यक जीवन कौशल विकसित होते हैं। खेल प्रशिक्षण युवा एथलीटों की जरुरत बनता जा रहा है। 2015 में स्थापित आरईपीएल स्पोर्ट्स एक अग्रणी खेल संस्था है जो आज के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करती है एवं स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के गुण सिखाती है। आरईपीएल स्पोर्ट्स बच्चों को उनके खेल से सम्बंधित प्रारंभिक चरण से लेकर अंतिम चरण तक हर मुमकिन कौशल सिखाता है। कंपनी का मुख्य मिशन जो प्रारंभिक चरण से जीवन भर सक्रिय रहने या श्प्रारंभिक चरण से पोडियम तक की गति में समाहित है। यह दर्शाता है कि आरईपीएल स्पोर्ट्स का खेल प्रशिक्षण के प्रति दृष्टिकोण कितना व्यापक है। स्पोर्ट्स स्कूलों में जमीनी स्तर के कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं में खेलों के प्रति में रुचि जगाता है और अपने विशेष स्पोर्ट्स सेंटरों के माध्यम से नई प्रतिभाओं को एक बेहतर मंच प्रदान करता है। अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा संस्था के विज़न के बारे में बताते हैं कि श्त्म्च्स् स्पोर्ट्स मेंए हम अपने आस.पास के क्षेत्र में कोई भी खेल खेलने के इच्छुक आम लोगों को स्पोर्ट्स स्टार बनने का सपना देखने वाले युवाओं को अपने स्पोर्ट्स सेंटर के द्वारा न सिर्फबेहतर प्रशिक्षण देते हैंबल्कि उनके खेल के प्रति उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं।

## मांडविया ने सीओपी9 ब्यूरो और डोपिंग रोधी कोष की अनुमोदन समिति की बैठक की अध्यक्षता की

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को यहां सीओपी9 ब्यूरो की दूसरी और खेल में डोपिंग के खिलाफ यूनेस्को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के तहत कोष की अनुमोदन समिति की तीसरी औपचारिक बैठक की अध्यक्षता की। मांडविया के अलावा इस बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे भी मौजूदा थी। दो दिवसीय उच्च स्तरीय बैठकों का उद्देश्य खेल में अखंडता, निष्पक्षता और समावेशिता के महत्व पर जोर देते हुए डोपिंग के खिलाफ लड़ाई मे वैश्विक सहयोग को आगे बढ़ाना है।मांडविया ने अपने संबोधन मे स्वच्छ खेल के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और वैश्विक डोपिंग रोधी प्रयासो मे इसकी अग्रणी भूमिका के बारे मे जोर दिया।उन्होंने भारत के वसुधैव कुटुंबकम (दुनिया एक परिवार है) की सोच को दोहराते हुए भावी पीढ़ियों के लिए खेलो की अखंडता की सुरक्षा मे अंतरराष्ट्रीय सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## रैना, रायुडू ने आईपीएल में रिटेंशन बढाने पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी से पहले इस लीग के दिग्गज सुरेश रैना और अंबाती रायुडू का मानना है कि खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेंशन) से टीमो के कोर ग्रुप मे अधिक बदलाव नही होने पर जीतने के मौके बढेंगे। आईपीएल के नियमो के तहत टीमो को 2022 मे पिछली मेगा नीलामी मे हर टीम को चार खिलाड़ियों को बरकरार रखने का मौका दिया गया था। तीन साल का चक्र खत्म होने के बाद अब दूसरी मेगा नीलामी होनी है लेकिन खिलाड़ियों के रिटेंशन पर टीमो की राय अलग है। कुछ का मानना है कि आठ खिलाड़ियों को बरकरार रखने की अनुमति होनी चाहिए और कुछ का कहना है कि चार या पांच भी ठीक है। आईपीएल संचालन परिषद ने अभी इस पर फैसला नही लिया है। मेरा मानना है कि रिटेंशन अधिक होना चाहिए क्योंकि टीमें अपने खिलाड़ियों पर काफी खर्च करती है।

## देश के बाहर पहले खेलो इंडिया खेलों का दक्षिण अफ्रीका में हुआ सफल आयोजन

**जोहानिसबर्ग।** खेलो इंडिया खेलो का देश के बाहर पहली बार दक्षिण अफ्रीका मे सफल आयोजन हुआ, जिसमे स्थानीय निवासी और भारतीय प्रवासियो ने वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शतरंज जैसे खेलो मे भाग लिया। दक्षिण अफ्रीका मे बसे प्रवासी भारतीयो के संगठन इंडिया क्लब के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने सोमवार को बताया कि कबड्डी, खो-खो, कैरम, और सातोलिया (लागोरी) जैसे चार पारंपरिक भारतीय खेल इस आयोजन के दूसरे चरण का हिस्सा बनेंगे। इंडिया क्लब ने जोहानिसबर्ग मे भारत के महावाणिज्य दूतावास के साथ कार्यक्रमो की सह-मेजबानी की। गुप्ता ने कहा, हमने खेलो इंडिया आयोजन मे सहायता के लिए महावाणिज्यदूत महेश कुमार के अनुरोध को सहर्ष स्वीकार किया।

## पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस दक्षिण कोरिया में पहले दौर में हारी

**सियोल (दक्षिण कोरिया)।** अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को मंगलवार को यहां डब्ल्यूटीए कोरिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर मे हमवतन अमेरिकी हेली बैपटिस्टे के खिलाफ 6-7, 2-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। पहले दौर के अन्य मुकाबलो मे अमांडा एनिसिमोवा ने उलटफेर करते हुए छठी वरीय यूलिया पुतितसेवा को 6-3, 7-6 से हराया जबकि पोलिना कुदरमेतोवा ने प्रिसिला होन को 7-5, 6-4 से शिकस्त दी।विक्टोरिया तोमोवा ने तातजाना मारिया को तीन सेट मे 6-2,1-6, 6-0 से हराकर दूसरे दौर मे प्रवेश किया। दूसरी तरफ डब्ल्यूटीए थाईलैंड ओपन मे बारिश और तूफान के कारण खेल को निलंबित करना पड़ा। जिन मुकाबलो को निलंबित किया गया उनमे शीर्ष वरीय डयाना यास्त्रेमस्का का मेई होनटेमा के खिलाफ पहले दौर का मुकाबला भी शामिल है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा ( उ.प्र. )-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः011-69342500।